www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र




# देशबन्धु



नई दिल्ली, शुक्रवार, 3 मई, 2024 | वर्ष-17 | अंक-27 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए

हम पौष्टिक आटा के साथ डाटा भी फ्री देंगे : अखिलेश 02
■ डब्ल्यूसीडी ने डीसीडब्ल्यू से 52 संविदा कर्मचारियों...
■ रोमा हांडा की एकल प्रदर्शनी 'मैं और मेरी शक्ति' ... 03
■ इजरायल ने गिरफ्तार 64 फिलिस्तीनियों को किया रिहा
■ भारत व इंडोनेशिया के बीच सातवीं जेडीसीसी की बैठक... 07
प्रदेश की राजनीति से लेकर केन्द्र की सियासत... 10

## सार संक्षेप

### हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत और 14 दिन बढ़ी



**रांची।** रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। हेमंत सोरेन को अब 16 मई तक रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में रहना होगा। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में उनकी उनकी पेशी हुई और इसके बाद न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई।

### मणिपुर में बदमाशों ने एसबीआई बैंक में लूटपाट की



**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर में के. सालबुंग गांव में गुरुवार को अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की शाखा में लूटपाट की। पुलिस द्वारा की गई शुरुआती जांच में पता चला है कि करीब 20 लाख रुपए की लूट हुई है। बैंक को बंद कर दिया गया और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

### सिसोदिया ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में लगाई गुहार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में जमानत के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। श्री सिसोदिया की जमानत याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए भेजा गया और इस पर तीन मई को सुनवाई होगी। 'आप' नेता ने दोनों मामलों में जमानत मांगी है, एक प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज धनशोधन से संबंधित है और दूसरे मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो कर रही है।

### लाभार्थियों के सर्वे पर कार्रवाई करेगा चुनाव आयोग



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित योजनाओं के लिए संभावित लाभार्थियों के सर्वेक्षण और लोगों से विवरण की अपील जारी न करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने अधिकारियों से इसका उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। आयोग ने कहा कि उसने इस तरह के सर्वे और अपील को गंभीरता से लिया है।

### तटरक्षकों ने एक घायल मछुआरे की जान बचाई



**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक ने एक साहसिक अभियान चलाकर नौका में सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हुए एक मछुआरे की जान बचाने में सफलता हासिल की है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

# झूठ का असर नहीं होने से मोदी हताश

## खड़गे ने लिखा, इसलिए अब आप उम्मीदवारों से भी झूठ बुलवाना चाहते हैं

■ मोदी ने राजग उम्मीदवारों को लिखा है खत

■ खड़गे ने कहा प्रधानमंत्री के लिए उपयुक्त नहीं यह भाषा



मतदाता इतने समझदार हैं कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में क्या लिखा है और हमने क्या गारंटी का वादा किया है, वह खुद पढ़ और समझ रहे हैं :
**मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग उम्मीदवारों को जनता से संवाद करने को लिए श्री मोदी ने जो पत्र लिखा है उससे जाहिर होता है कि वह हताश और चिंतित हैं और उन्होंने जो झूठ परोसा है इसका असर नहीं हो रहा है इसलिए वह उम्मीदवारों से भी झूठ बुलवाना चाहते हैं।

श्री खड़गे ने कहा 'मैंने राजग के उम्मीदवारों को लिखा आपका पत्र देखा जिसमें आपने उन्हें बताया है कि मतदाताओं से क्या संवाद करना है। पत्र के लहजे और विषयवस्तु से ऐसा लगता है कि आप बहुत हताश और चिंतित है इसलिए आप ऐसी भाषा के उपयोग के लिए उन्हें कह रहे है लेकिन यह भाषा प्रधानमंत्री कार्यालय के लिए उपयुक्त नहीं है।

### भाजपा ने चंदा दो-धंधा लो से 8,250 कमाए

उन्होंने कहा 'आपकी पार्टी ने चंदा दो-धंधा लो, ठेका लो-घूस दो, हफ्ता वसूली और फर्जी कंपनी मार्गों और योजनाओं का उपयोग करके विभिन्न कंपनियों से 'अवैध और असंवैधानिक' चुनावी बांड के माध्यम से 8,250 करोड़ रुपए एकत्र किए।

## मोदी ने किया प्रधानमंत्री पद का अपमान : शरद पवार

### प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सर्वोच्च पद पर कलंक लगाया

**कोल्हापुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) प्रमुख शरद पवार ने उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'भटकती आत्मा' वाले तंज के कुछ ही दिन बाद गुरुवार को श्री मोदी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने देश के सर्वोच्च पद पर कलंक लगाया है। श्री मोदी ने सोमवार को श्री पवार का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधते हुए कहा था, 'महाराष्ट्र में एक भटकती आत्मा है। यदि यह सफलता हासिल नहीं कर पाता है, तो यह दूसरों के अच्छे काम को बर्बाद कर देता है। महाराष्ट्र इसका शिकार रहा है।' श्री पवार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'यह आश्चर्य की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुझे 'भटकती आत्मा' के रूप में संबोधित करते हैं, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री पद की इतनी बदनामी पहले कभी नहीं हुई, जितनी मोदी ने की है।'



# अमेठी से राहुल का चुनाव लड़ना तय



■ राहुल गांधी के नाम से ऑनलाइन पर्चा खरीदा गया

■ अमेठी में नामांकन का आज है आखिरी दिन

■ कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को किया गया अधिकृत

**नई दिल्ली,** 2 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में गांधी परिवार के गढ़ अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस का प्रत्याशी कौन होगा, इसकी अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन अमेठी से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना तकरीबन तय माना जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी के नाम से ऑनालाइन पर्चा खरीद लिया गया है। बताया जा रहा है कि कल वे अपना नामांकन करेंगे। वैसे भी अमेठी में नामांकन का कल आखिरी दिन है। इससे पहले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि अमेठी और रायबरेली से उम्मीदवार को लेकर गुरुवार को औपचारिक घोषणा हो जाएगी। केंद्रीय चुनाव समिति ने नाम तय करने का अधिकार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौप दिया है।

### अमेठी से तीन बार सांसद रहे चुके हैं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2004 से 2019 तक अमेठी लोकसभा की प्रतिनिधित्व किया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में वे बीजेपी नेता स्मृति ईरानी से हार गए थे, वहीं रायबरेली सीट भी कांग्रेस का गढ़ रहा है।

# चार जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा निकालेंगे राहुल : शाह

**बरेली,** 2 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया समूह की करारी हार तय है और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी चार जून से कांग्रेस ढूंढो यात्रा पर निकलेंगे। बरेली में चुनावी जनसभा संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा घमंडिया गठबंधन के शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत तो भारत जोड़ो यात्रा से की थी लेकिन चार जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा शुरू होगी। उन्होने कहा बाबा अलखनाथ नाथ और बाबा त्रिवटीनाथ की भूमिका को प्रणाम, महाभारत की यह भूमि है। हमारे सामने इंडी गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। राहुल बाबा ने चुनाव से पहले भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की 4 जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा से समापन होगा। इस बार नरेंद्र मोदी 400 से बहुत आगे निकल रहे हैं।' श्री शाह ने कहा, यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। यह चुनाव आतंकवाद, नक्सलवाद को समाप्त करने का चुनाव है। जब जब यहां आया हूं। मैं पूछना चाहता हूं कि अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं। 70 साल से कांग्रेस राम मंदिर के मसले को भटका रही थी, लटका रही थी। आपने दूसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई।



■ यह आतंकवाद, नक्सलवाद को समाप्त करने का चुनाव

### यह लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे

उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव, राहुल बाबा और प्रियंका गांधी को निमंत्रण दिया लेकिन यह प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आए क्योंकि वहां जाएंगे तो इनको वोट नहीं मिलेगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं। यह कश्मीर हमारा है या नहीं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना देना, यह कहते थे।

# चुनाव आयोग के आंकड़ों में देरी पर सिब्बल ने उठाया सवाल

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि 11 दिन के बाद आयोग की वेबसाइट पर वोट का डेटा आ रहा है। ऐसे में मेरा सवाल है कि 11 दिन बाद डेटा क्यों आया? आज के दिन किसी भी संस्था पर जनता को भरोसा नहीं है। कपिल सिब्बल ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट का ईवीएम पर निर्णय आया है।

कोर्ट ने कहा कि लोगों को चुनाव आयोग पर भरोसा रखना चाहिए। पहले चरण की वोटिंग के बाद इसका डेटा 11 दिन बाद आया। इसमें बताया गया कि कितने प्रतिशन वोट पड़े, लेकिन कितने वोट डाले गए ये नहीं बताया गया। इसका कारण मैं नहीं जानता।' उन्होंने आगे कहा कि हम चुनाव आयोग पर विश्वास रखेंगे, लेकिन आयोग को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताना चाहिए है कि 11 दिन डेटा जारी करने में क्यों लगे? संदेह पैदा होने पर लोगों का विश्वास भी कम होता है। ऐसे में जानना जरूरी है। दरअसल, लोकसभा चुनाव को लेकर होने वाले सात चरण में से दो चरण हो चुके हैं। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को तो दूसरी चरण के लिए मतदान 26 अप्रैल को हुआ था।



■ कपिल सिब्बल ने पूछा, 11 दिन बाद वोटिंग का डेटा क्यों आया

### राउत ने भी पूछा अतिरिक्त वोट कहां से आए

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान प्रतिशत में 10 प्रतिशत तक की वृद्धि के बारे में भारतीय निर्वाचन आयोग से सवाल किया कि इतने दिनों बाद यह अचानक कैसे बढ़ गया। मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और चुनाव आयोग की वेबसाइटों पर अब तक हुए सभी लोकसभा क्षेत्रों में प्रति घंटा और दैनिक मतदान प्रतिशत के अद्यतन आंकड़े हैं।

### तेजस्वी भी बोले, आंकड़ों में हो रहा फेरबदल

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने देरी से मतदान के आंकड़े जारी किए जाने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पहले मतदान के आंकड़े रात 9 बजे तक आ जाया करते थे, लेकिन अब इसमें देरी हो रही है। यही नहीं, आंकड़ों में भी बार-बार फेरबदल किया जा रहा है, जिससे यह प्रतीत होता है कि दाल में जरूर कुछ काला है। उन्होंने आगे कहा, चुनाव अधिकारियों को इसे लेकर पूरी पारदर्शिता रखनी चाहिए कि कहां कितनी वोटिंग हुई है। पहले आंकड़े समय पर जारी कर दिए जाते थे, मगर अभी जिस तरह से देरी हो रही है, उससे कहीं ना कहीं गंभीर सवाल पैदा होते हैं।

# प्रज्वल के जर्मनी भागने पर विदेश मंत्रालय ने दी सफाई

## जर्मनी जाने से पहले राजनीतिक मंजूरी नहीं ली थी

**नई दिल्ली,** 2 मई (देशबन्धु)। महिलाओं के यौन उत्पीडन के आरोपी जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के जर्मनी भागने पर विदेश मंत्रालय ने सफाई दी है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहाकि जेडीएस सांसद प्रज्वल ने जर्मनी जाने से पहले राजनीतिक मंजूरी नहीं ली थी। साथ ही उन्होंने कहाकि राजनयिक पसपोर्ट धारकों को जर्मनी की यात्रा के लिए किसी वीजा की जरूरत नहीं होती है। बतादें कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौडा के पोते प्रज्वल पर कई महिलाओं के यौन शोषण का आरोप हैं और माना जा रहा है कि वह जर्मनी चला गया है।



हालांकि जेडीएस ने मामला गरमाने के बाद प्रज्वल को पार्टी से निलंबित कर दिया है। सांसद की कथित जर्मनी यात्रा को लेकर पूछे गए सवाल पर का जवाब देते हुए रणधीर जायसवाल ने कहाकि उक्त सांसद की जर्मनी यात्रा के संबंध में विदेश मंत्रालय से न तो कोई राजनीतिक मंजूरी मांगी गई थी और न ही जारी की गई थी। उन्होंने कहा कि जाहिर है कि कोई वीजा नोट भी जारी नहीं किया गया था। राजनयिक पासपोर्ट धारकों को जर्मनी की यात्रा के लिए किसी बीजा की आवश्यकता नहीं हैं। मंत्रालय ने किसी अन्य देश के लिए भी बीजा नोट जारी नहीं किया है।

### एसआईटी ने पूछताछ के लिए नोटिस भेजा

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना (67 साल) और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना (33 साल) की सेक्स स्कैंडल केस में मुश्किलें बढ़ती जा रही है। उनकी घरेलू सहायिका की शिकायत पर दोनों के खिलाफ यौन शोषण के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। अब विशेष जांच दल ने केस की जांच के सिलसिले में दोनों आरोपियों को नोटिस भेजा है और पूछताछ के लिए बुलाया है।

# भाजपा ने कैसरगंज से बृजभूषण के बेटे को उतारा

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रायबरेली और कैसरगंज लोकसभा सीट के लिये उम्मीदवारों की घोषणा गुरुवार को कर दी। रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह और कैसरगंज से करण भूषण सिंह भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव के मैदान में उतारे गए हैं। 56 वर्षीय दिनेश प्रताप 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ मैदान में थे हालांकि उन्हे गांधी परिवार के गढ़ में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इस हाईप्रोफाइल सीट पर आज शाम तक कांग्रेस प्रत्याशी का ऐलान होने की संभावना है। उधर, कैसरगंज लोकसभा सीट से यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद ब्रजभूषण सिंह के पुत्र करण भूषण सिंह से पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। करण भूषण ने आज ही कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा के संभावित प्रत्याशी के रूप में चार सेट नामांकन पत्र खरीदा था । शुक्रवार को नामांकन की आखिरी तिथि को करन भूषण नामांकन करेंगे।



■ रायबरेली से दिनेश प्रताप को बनाया उम्मीदवार

■ आज नामांकन दाखिल करेंगे करण भूषण

# इस बार नहीं चलेगी भाजपा की जुमलेबाजी : मायावती

**मैनपुरी,** 2 मई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जुमलेबाज पार्टी करार देते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में जुमलेबाजी काम नहीं आएगी। क्रिश्चियन कॉलेज के खेल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सुश्री मायावती ने कहा कि भाजपा केंद्र में वापस नहीं आएगी। भाजपा ईवीएम में गड़बड़ी करती है और जुमलेबाजी पार्टी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जुमलेबाजी काम नहीं आएगी। उन्होंने भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण ही कांग्रेस के हाथों से सत्ता गई ।



लोकसभा चुनाव में भाजपा की विदाई तय

**मौसम** *मौसम विभाग ने की भविष्यवाणी*

# इस महीने 'लू' से होगा जीना बेहाल

**नई दिल्ली, 2 मई (एजेंसियां)। इस साल अप्रैल के महीने से ही जो गर्मी पड़नी शुरू हुई उसका असर मई में भी दिख रहा है। भले ही मई का पहला सप्ताह दिल्ली उत्तर प्रदेश के कई शहरों के लिए राहत भरा रहने वाला हो लेकिन आने वाले दिनों में ये गर्मी आपके होश उड़ाने वाली है। हाल ही में लू को लेकर मौसम विभाग ने भी भविष्यवाणी की है।**

जिसके अनुसार इस महीने देश के उत्तर- पश्चिम और पूर्वी क्षेत्रों में इस बार दोगुनी लू चलने की संभावना है। हर साल मई में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश, गंगीय पश्चिम बंगाल, बिहार और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में तीन दिन लू चलती थी, लेकिन इस साल पांच से सात दिनों तक लू चलने का अनुमान है। आईएमडी के मुताबिक मई में आमतौर पर औसतन तीन हीटवेव वाले दिन होने की उम्मीद होती है लेकिन इस साल हीटवेव के दिनों की संख्या अधिक हो सकती है।



■ दिल्ली यूपी समेत कई राज्यों में पूरे महीने सताएगी गर्मी

■ कई राज्यों में औसतन से अधिक दिनों तक चलेगी लू

### इन राज्यों में 11 दिन लू चलेगी

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा और गुजरात क्षेत्र में लगभग आठ से 11 दिन लू चलने की संभावना है। आईएमडी ने आगे कहा कि उत्तर-पूर्व, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों और पूर्वोत्तर प्रायद्वीपीय भारत के आसपास के क्षेत्रों को छोड़कर भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य अधिकतम तापमान होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लू के साथ ही कुछ राज्यों में अधिक बारिश की भी संभावना जारी की है। आईएमडी ने आज नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि ओडिशा के कई हिस्से, उत्तर छत्तीसगढ़, झारखंड, दक्षिणी पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्से, आंध्र प्रदेश के रायलसीमा और केरल में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।

# देश

**उवाच** "कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अपने वोट बैंक से डरते हैं और यही कारण है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्योता मिलने के बाद भी अयोध्या नहीं आये, कांग्रेस ने राम मंदिर को अटका रखा था, मोदी दूसरी बार प्रधानमंत्री बने और उन्होंने राम मंदिर निर्माण की सभी मुश्किलों को आसान कर दिया: **अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.5 | 19.3 |
| मुंबई | 33.0 | 25.9 |
| कोलकाता | 40.6 | 29.1 |
| चेन्नई | 40.0 | 28.7 |

### प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला, कहा

# प्रधानमंत्री मोदी क्या जाने, हमें तो विरासत में शहादत की भावना मिली

**मुरैना,** 2 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमले करते हुए लोगों से सतर्क और सजग रहने का अनुरोध किया। साथ ही अपनी दादी एवं देश की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और अपने पिता राजीव गांधी की शहादत तक का स्मरण किया और कहा कि वे (भाजपायी) लोग इन भावनाओं को नहीं समझ सकते हैं।

श्रीमती वाड्रा ने मध्यप्रदेश के मुरैना में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और अन्य नेता भी मौजूद थे। कांग्रेस महासचिव ने कहा, 'मैं 19 साल की उम्र में अपने पिताजी के शरीर के टुकड़े घर लायी थी। मैं तब नाराज थी, क्योंकि हमने तो पिताजी को सुरक्षित भेजा था, लेकिन शरीर के टुकड़े घर आए। मैं हिफाजत के मुद्दे पर नाराज थी। मैं शहादत का मतलब समझती हूं। अब मैं 52 साल की हूं और समझती हूं कि अपने ही लोगों से नाराज हुआ जाता है। मैं यह बात किसी मंच से पहली बार सार्वजनिक कर रही हूं।'

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि अब मेरे पिता को देशद्रोही बोला जा रहा है। कहा जा रहा है कि मेरे पिता ने विरासत हासिल करने के



मेरे पिता को देशद्रोही बोला जा रहा है। कहा जा रहा है कि मेरे पिता ने विरासत हासिल करने के लिए कानून बदल दिया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी इस बात को नहीं समझ सकते हैं। हमें तो विरासत में शहादत की भावना मिली है। ये बातें देश का किसान, मजदूर और आम व्यक्ति ही समझ सकता है: **प्रियंका गांधी, महासचिव कांग्रेस**

लिए कानून बदल दिया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी इस बात को नहीं समझ सकते हैं। हमें तो विरासत में शहादत की भावना मिली है। ये बातें देश का किसान, मजदूर और आम व्यक्ति ही समझ सकता है। इसी तरह मेरी दादी श्रीमती इंदिरा गांधी के बारे में उल्टी सीधी बातें कही जा रही हैं। श्री मोदी देशभक्ति और शहादत नहीं देखते हैं। हमारे भाई (राहुल गांधी) को संसद से निकाल दिया। हम पर केस डाल दिए गए। हम लोग कचहरी भी जाएंगे, लेकिन वे हमारे दिल से हमारी भावनाएं नहीं निकाल सकते हैं। हम लोग डरने वाले नहीं हैं।

कांग्रेस महासचिव ने जनता से कहा, 'मैं यहां वोट मांगने नहीं, आग्रह करने आयी हूं। जनता जागरुक हो जाए। जो रोज रोज सिखाया और दिखाया जा रहा है, वो सच्चायी नहीं है। तुम्हारा जीवन सच्चायी है। सच्चायी वो है, जो तुम जी रहे हो। महंगायी, बेरोजगारी सच्चायी है। इस सच्चायी को पहचानो। देश के नेता निकम्मे बन गए हैं। ये सिर्फ धर्म की बात करते है। इसके जरिए वोट लेकर सत्ता में रहते हैं।'

श्रीमती वाड्रा ने कहा, हम सब धार्मिक हैं। इंदिरा जी रोज पूजा करती थीं। राजीव जी ने पूजा करना हमको सिखाया है। मेरी मां ने भी विदेश से आकर यहां की परंपराएं सीखीं। हिंदू धर्म सत्य पर आधारित है। इस देश का आधार सत्यमेव जयते है। ये लोग कहते हैं कि कांग्रेस मंगलसूत्र चुराएगी। एक्सरे लेकर घरों में घुसेंगे। जबकि सच्चाई यह है कि मां का मंगलसूत्र देश पर कुर्बान है। इंदिरा जी ने गहने दान किए थे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री ने नई बात की है कि यदि कांग्रेस सत्ता में आ गयी और यदि किसी के पास दो भैंस हैं, तो एक भैंस छीन ली जाएगी। उन्होंने इसे गुमराह करने वाला और हास्यास्पद बताया और कहा कि जब नीयत ठीक होगी, तभी नीति ठीक होगी। यदि नीयत ठीक नहीं होगी, तो नीति भी गड़बड़ होगी। मौजूदा मोदी सरकार की नीतियां गरीब, किसानों की बजाए अरबपतियों के लिए हैं।

श्रीमती वाड्रा ने प्रधानमंत्री श्री मोदी पर लगातार असत्य बोलने और लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता जागरुक बने। उसे पहचानो, जो बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद वोट दें और वोट देने के दौरान अपने विवेक का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने कांग्रेस की गारंटियों के बारे में बताया और कहा कि हम जो बोलते हैं, वो करते हैं। कर्नाटक, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में हमने यह सब करके दिखाया है। इसके पहले उन्होंने इस चंबल अंचल से बड़ी संख्या में युवाओं के सेना में जाने का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर सेना के लोगों से भी रोजगार छीनने का काम किया है। इस योजना के तहत युवा सेना में चार साल नौकरी करेगा और फिर उसे घर भेज दिया जाएगा।

## जेडीयू से इस्तीफा देने के बाद अजित सिंह ने इंडिया गठबंधन को दिया समर्थन

**पटना,** 2 मई (एजेंसियां)। बिहार राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे अजित कुमार सिंह ने बीते दिनों जेडीयू से इस्तीफा दिया था। इसके बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बड़ा हमला बोला है। अजीत कुमार सिंह ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि जेडीयू हाईकमान ने नीचे के नेताओं और कार्यकर्ताओं से बिना विचार-विमर्श किए भाजपा के साथ गठबंधन किया। निचली इकाई के कार्यकर्ता असमंजस की स्थिति में हैं और जेडीयू के पुराने कार्यकर्ता निराशा में नजर आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से विशेष राज्य का दर्जा को लेकर अब तक कोई गारंटी नहीं मिली है। सीएम नीतीश कुमार की जेडीयू और लोजपा (रामविलास) ने इन मुद्दों पर चुप्पी साध रखी है। बिहार को लेकर अब तक कोई घोषणा नहीं की गई है। बिहार का मतलब सिर्फ पांच किलो राशन तक सीमित है। भाजपा खुलेआम देश का सांप्रदायिकरण कर रही है। चुनाव आयोग के साथ-साथ जेडीयू इस मामले पर चुप है। उन्होंने आगे कहा कि जेडीयू और लोजपा (रामविलास) ने अब तक अपना घोषणा पत्र जारी नहीं किया है। क्या जेडीयू ने भाजपा के घोषणा पत्र को अपना मान लिया है? इंडिया गठबंधन को समर्थन देने का ऐलान करते हुए अजीत कुमार सिंह ने कहा कि एनडीए के खिलाफ इंडिया गठबंधन के समर्थन में जो भी उम्मीदवार होंगे, हम उसका समर्थन करेंगे। राजद नेता तेजस्वी यादव के बगैर बिहार की राजनीति की कल्पना नहीं की जा सकती। तेजस्वी यादव बिहार की सियासत के अहम किरदार हैं।

## हम पौष्टिक आटा के साथ डाटा भी फ्री देंगे : अखिलेश यादव

### बदायूं में आदित्य यादव के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया

**बदायूं,** 2 मई (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बदायूं में आदित्य यादव के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग संविधान और हमारी-आपकी जान के पीछे पड़े हैं। ये संविधान बदलना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कोविशील्ड वैक्सीन के 'साइड इफेक्ट्स' को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने वैक्सीन लगवाई, वो लोग भी भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे। यह भाजपा वाले आपदा में अवसर देख रहे थे। भाजपा के लोग कहते हैं कि 80 करोड़ लोगों को राशन बांटा। दूसरी तरफ कह रहे हैं कि हम गरीबी रेखा से लोगों को बाहर निकाल रहे हैं। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि हम पौष्टिक आटा के साथ डाटा भी फ्री देंगे। उन्होंने कहा कि यह सदन में आरोप लगा रहे थे कि 46 में 56 एसडीएम यादव हो गए, हमने कहा मुख्यमंत्री जी वह सूची कहां है? उस दिन से आज तक बताओ क्या सूची जारी की? वहीं, शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव हम सबके बीच में नहीं हैं, अगर होते



जिन्होंने वैक्सीन लगवाई, वो लोग भी भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे। यह भाजपा वाले आपदा में अवसर देख रहे थे। भाजपा के लोग कहते हैं कि 80 करोड़ लोगों को राशन बांटा: **अखिलेश यादव**

तो चुनौतियां हवा में उड़ जाती। आप सब लोगों को अखिलेश में नेताजी को देखना होगा और डटकर चुनौतियों से मुकाबला करना होगा। 2019 में जब हमारे भतीजे धर्मेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे थे तो स्ट्रांग रूम में कोई तोता घुस गया था, इस बार स्ट्रांग रूम में तोते घुसेंगे नहीं उड़ेंगे और गलती से घुस गया तो बाहर निकल नहीं पाएगा। आदित्य यादव ने कहा कि यह संविधान बचाने का चुनाव है। एक पक्ष के काम हो रहे हैं। विपक्ष पर दबाव बनाया जा रहा है। झूठे आरोपों में मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला जा रहा है। मंच पर सपा से नाराज सलीम इकबाल शेरवानी और पूर्व विधायक आबिद रजा भी नजर आए।

## सार संक्षेप

### मीसा भारती के विवादित बयान पर भाजपा-जदयू ने दिखाया आईना

**पटना।** बिहार के पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से राजद की प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की पुत्री मीसा भारती के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'बूढ़ा' कहे जाने पर भाजपा और जदयू ने पलटवार किया है। जदयू ने कहा कि पिछड़े वर्ग से आने वाले प्रधानमंत्री पर व्यक्तिगत टिप्पणी उनकी बौखलाहट को दिखाता है। दरअसल, मीसा भारती ने गुरुवार को पटना के बिहटा में एक सभा के दौरान अग्निवीर योजना को लेकर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि एक तरफ आप नौजवानों के लिए अग्निवीर योजना लेकर आए हैं, जिसमें नौजवान 4 साल में रिटायर होकर घर बैठेगा और ये 'बूढ़ा' प्रधानमंत्री 75 साल की उम्र में एक और मौका मांग रहा है, लेकिन, देश की जनता बेवकूफ नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि काठ की हांडी बार-बार चूल्हे पर नहीं चढ़ती है। यह देश बचाने का चुनाव है। यह आरक्षण और संविधान बचाने का चुनाव है। इस बयान के बाद भाजपा के प्रवक्ता अरविंद सिंह ने मीसा भारती के संस्कार पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह बयान उनका संस्कार दिखाता है।

### हाजीपुर सीट से चिराग पासवान ने किया नामांकन, बीजेपी के कई दिग्गज नेता रहे मौजूद

**हाजीपुर।** बिहार के हाजीपुर लोकसभा सीट से चिराग पासवान ने गुरुवार को नामांकन दाखिल कर दिया। इस दौरान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, रामकृपाल यादव, रामा सिंह समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने से पहले चिराग पासवान ने अपनी मां के साथ अपने पिता रामविलास पासवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रामविलास पासवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद रोड शो करते हुए चिराग पासवान अपनी मां के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन किया। रोड शो के दौरान चिराग भावुक नजर आए।

### केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्यों से खफा तीर्थ पुरोहित

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू होने वाली है। इसी बीच केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों को लेकर एक बार फिर तीर्थ पुरोहितों ने विरोध शुरू कर दिया है। तीर्थ पुरोहितों ने सरकार पर आपदा जैसी स्थिति पैदा करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जब 2013 में धाम में आपदा आई थी, तो, उसके बाद मंदिर परिसर से नया मार्ग बनाया गया था, जिसे तोड़ दिया गया है। जिससे मंदिर के सामने बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। केदारनाथ में चल रही तोड़फोड़ से तीर्थ पुरोहितों के घरों और ढाबों को भी नुकसान पहुंच रहा है।

## उमर अब्दुल्ला ने बारामूला से नामांकन पत्र दाखिल किया

### 20 मई को मतदान होगा

**श्रीनगर,** 2 मई (एजेंसियां) नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को बारामूला संसदीय सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री अब्दुल्ला सुबह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बारामूला निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी मिंगा शेरपा के कार्यालय पहुंचे और अपना पर्चा दाखिल किया।



नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की सभी छह सीटें जीतेगी। 05 अगस्त- 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने तथा राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बदल दिये जाने के बाद यह बड़ा चुनाव है: **उमर अब्दुल्ला**

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की सभी छह सीटें जीतेगीं। उन्होंने कहा, इस चुनाव का महत्व यह भी है कि यह 05 अगस्त- 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने तथा राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बदल दिये जाने के बाद यह बड़ा चुनाव है। हमें उम्मीद है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और हमारे गठबंधन सहयोगी दल जम्मू-कश्मीर की सभी पांच सीटें और लद्दाख की एक सीट जीतेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनाव में धर्म का इस्तेमाल करने की 'खुली छूट' दे रहा है। लेकिन भाजपा पर ऐसी कोई रोक नहीं है। उन्होंने कहा, 'लोगों को बांटो। चाहे वह मंगलसूत्र हो, जमीन हो या गोहत्या का मुद्दा हो। देश को धर्म के आधार पर बांटा जा रहा है और नफरत फैलाने की कोशिश की जा रही है।' बारामूला निर्वाचन क्षेत्र से पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन और जेल में बंद अवामी इत्तेहाद पार्टी के नेता अब्दुल राशिद शेख उर्फ इंजीनियर रशीद पहले ही नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। बारामूला सीट पर लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख तीन मई है और 20 मई को मतदान होगा।

## मेरा हर पल देश को विकसित बनाने के लिए है: मोदी

**आणंद,** मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को गुजरात के आणंद में कहा कि उनका हर पल देश को विकसित बनाने के लिये है। श्री मोदी ने गुजरात के आणंद में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि उनके लिये आश्चर्य है, आणंद का यह विशाल केसरिया सागर यह देखकर उन्हें लगता है कि इसने आज सभी रिकॉर्ड तोड़े हैं। इस चुनाव में भी आणंद और खेडा सभी रिकॉर्ड तोड़ेंगे। उन्होंने कहा, 'अब जब आपने मुझे जब देश का काम सौंपा है, तब मेरा एक ही सपना है। कि 2047 में जब भारत की आजादी के सौ वर्ष हो जायें, तब अपना हिन्दुस्तान विकसित भारत होना चाहिये और अपना गुजरात भी विकसित भारत होना चाहिये। प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित का मतलब क्या है, यह आणंद खेड़ा वालों को समझाने जरूरत नहीं है, क्योंकि इन्होंने तो पूरी दुनिया देखी हुई है। समृद्ध दुनिया कैसी हो, इन्हें



आश्चर्य है, आणंद का यह विशाल केसरिया सागर यह देखकर लगता है कि आज सभी रिकॉर्ड तोड़े हैं। इस चुनाव में भी आणंद और खेडा सभी रिकॉर्ड तोड़ेंगे: **नरेन्द्र मोदी**

पता है। प्रगति कैसी हो, इन्होंने देखी है। इनके कुटुंबजन आज भी दुनिया के समृद्ध देशों में रहते हैं। हमें एसा विकसित भारत बनाना है और उसके लिये मेरा हर पल आपके और देश के लिये है। उन्होंने कहा, 'यहां मेरी पहचान में कहा गया कि अब पीएम साहेब बोलसे (पीएम साहब बोलेंगे) कैसा अटपटा लगता है और कहो, नरेन्द्रभाई, अपने नरेन्द्रभाई बोलने की जो मजा है वो पीएम साहेब बोलने में नहीं है और जब घर आयें और घर के स्वजन कहें, आओ नरेन्द्रभाई केम छो (नरेन्द्रभाई कैसे हैं)। ऐसा सुनकर अच्छा लगता है।

### गुजरात का एहसान कभी भी भूल नहीं सकता: मोदी

नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को सुरेंद्रनगर में कहा कि गुजरात जिस तरह से उन पर प्रेम बरसा रहा है, इसका वह एहसान कभी भी भूल नहीं सकते। श्री मोदी ने गुजरात के सुरेंद्रनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये कहा कि इतनी बड़ी संख्या में माताओं-बहनों ने खड़े होकर आशीर्वाद दिया, वह उन सबके प्रति सिर नवांकर आभारी हैं।

### ठाकरे ने मोदी की आलोचना की



कोल्हापुर। महाराष्ट्र में शिव सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिवसेना (ठाकरे) को नकली बताने जैसे बयान देकर देश की न्यायिक व्यवस्था पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री ठाकरे ने श्रीमंत शाहू छत्रपति महाराज के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) (शरद पवार गुट) प्रमुख शरद पवार की मौजूदगी में बुधवार को शहर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री मोदी अपने 'नकली' बयान के अनुसार एक लंबित मामले पर अदालत के फैसले को प्रभावित करना चाहते थे। उन्होंने आश्चर्य जताया कि कोई प्रधानमंत्री ऐसा बयान कैसे दे सकता है कि ठाकरे शिवसेना नकली है और दावा किया कि श्री मोदी उच्चतम न्यायालय पर दबाव बनाने की रणनीति के रूप में ऐसा बयान दे रहे हैं।

## अगले एक साल में 5 लाख लोगों को दी जाएगी नौकरी : नीतीश कुमार



**सुपौल,** 2 मई (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को सुपौल लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोगों ने पिछले विधानसभा चुनाव के समय ही वादा किया था कि 10 लाख युवाओं को नौकरी देंगे, जिसमें करीब 5 लाख नौकरी दी जा चुकी है और 5 लाख नौकरी एक साल के अंदर दी जाएगी। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए राजद कार्यकाल की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि पहले बिहार में कुछ नहीं था, आज सड़कें बन रही है तो घरों तक बिजली पहुंचा दी गई। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए लोगों को सचेत भी किया। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने परिवार को ही आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं, उनके झांसे में नहीं आना है। हमारे लिए तो बिहार के लोग परिवार हैं। उन लोगों ने कोई काम नहीं किया है। वो सिर्फ अनर्गल बयानबाजी करते रहते हैं। उन लोगों ने विकास किया है तो सिर्फ अपने परिवार का, पहले अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया, अब बेटा और बेटियों को भी सेट करने में लगे हैं। सुपौल लोकसभा से एनडीए की ओर से जदयू प्रत्याशी दिलेश्वर कामत के पक्ष में आयोजित सभा में नीतीश कुमार ने आगे कहा कि हम लोगों ने प्रदेश में जातीय जनगणना करवाई। केंद्र सरकार की ओर से आर्थिक आधार पर उच्च वर्ग के गरीब लोगों को भी आरक्षण दिया जा रहा है।

## कविता की जमानत याचिका पर फैसला टला

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता की जमानत याचिका पर अपना आदेश 6 मई तक के लिए टाल दिया। फिलहाल, के. कविता 7 मई तक न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और बाद में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था, जब वह तिहाड़ जेल में थीं। राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने तब उन्हें यह कहते हुए सीबीआई की हिरासत में भेज दिया था कि आरोपी से पूछताछ जरूरी है। अब वह इस मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। मामले की जांच दोनों एजेंसियां कर रही हैं। कविता ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है, जिसका मकसद उन्हें और उनकी पार्टी को आम चुनाव में प्रचार करने से रोकना है। उन्होंने कहा है कि दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से उनका कोई संबंध नहीं है। सत्तारूढ़ दल उनकी और उनके पिता की छवि खराब करने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहा है। अपने आवेदन में उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार उन्हें सार्वजनिक रूप से दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जोड़ने के लिए जांच एजेंसियों का उपयोग कर रही है, ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा, कविता ने ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद चिकित्सा देखभाल की जरूरत पर जोर देते हुए जमानत के लिए अपनी चिकित्सा स्थिति और हाई ब्लड प्रेशर का हवाला दिया।

## ममता ने दिल्ली के भाजपा नेताओं को प्रवासी पक्षी करार दिया

**कोलकाता,** 2 मई (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव प्रचार के लिए यहां आने वाले दिल्ली समेत राज्य के बाहर के भारतीय जनता पार्टी नेताओं को प्रवासी पक्षी करार दिया है। सुश्री बनर्जी ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, भाजपा और बंगाल एक अच्छा मेल नहीं हैं। वे हमसे बिल्कुल अलग हैं। हम अपनी संस्कृति और परंपरा को कायम रखते हैं, लेकिन दिल्ली से प्रवासी पक्षी जैसे नेता बंगाल में आते हैं और यहां झूठ फैलाने के अलावा कुछ नहीं करते। उन्होंने आगे कहा, लोकसभा चुनाव 2024 उनके भाग्य का फैसला करने वाला है और उन्हें उनकी साजिशों की सज़ा देगा। बंगाल देश को रास्ता दिखायेगा।



भाजपा और बंगाल एक अच्छा मेल नहीं हैं। वे हमसे बिल्कुल अलग हैं। हम अपनी संस्कृति और परंपरा को कायम रखते हैं: **ममता बनर्जी**

### तृणमूल ने स्टार प्रचारकों की सूची से कुणाल घोष का नाम हटाया

तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को पार्टी के राज्य महासचिव पद से हटाने के बाद गुरुवार को कुणाल घोष का नाम मौजूदा लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची से हटा दिया। तृणमूल ने गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची सौंपी, जिसमें घोष का नाम नहीं था। हालांकि, घोष का नाम लोकसभा चुनाव के शुरुआती चरणों के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल था। एक रक्तदान कार्यक्रम के लिए भाजपा नेता के साथ मंच साझा करते समय कोलकाता उत्तर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार तापस रॉय की प्रशंसा करने के कुछ घंटों बादबुधवार को सत्तारूढ़ दल ने घोष को राज्य महासचिव के पद से हटा दिया। ताजा घटनाक्रम को तृणमूल द्वारा घोष से दूरी बनाने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, घोष पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची से अपना नाम गायब होने को ज्यादा महत्व नहीं दे रहे हैं। घोष ने मीडियाकर्मियों से कहा, 'यह पार्टी का निर्णय है।

### साहस | *हेलीकॉप्टर की मदद से घटनास्थल से जिला मुख्यालय परीक्षा देने के लिए पहुंची*

# कलम और बंदूक से युवतियां बढ़ रहीं हैं विकास की ओर

**जगदलपुर, 2 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में आदिवासी युवती अपने गांव एवं जिले को बेहतर बनाने के लिए बस्तर फाइटर में शामिल होकर बस्तर का मान बढ़ा रही है और वहीं यह युवतियां एक ओर बंदूक चला रही हैं दूसरी ओर कलम चला रही हैं उनकों अपनी पढ़ाई की भी गंभीर चिंता है।**

ऐसा ही मामला हाल ही में देखने को मिला है, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सरहदी इलाकों में तीन दिनों तक ऑपरेशन प्रहार के तहत 10 हार्डकोर नक्सलियों को ढेर करने वाली बस्तर फाइटर की दो महिला फाइटर स्नातक और स्नातकोत्तर की परीक्षा दे रहीं हैं। वे इस ऑपरेशन के बाद हेलीकॉप्टर की मदद से घटनास्थल से जिला मुख्यालय परीक्षा देने के लिए पहुंची है। नक्सलियों के लाल आतंक को खत्म करने वाली बस्तर की इन बेटियों किस्से सुनकर नारी



शक्ति को हर कोई नमन करेगा।

स्नातक और स्नातकोत्तर की परीक्षा दे रही बस्तर फाइटर की दोनों लड़ाकू योगेश्वरी बघेल और निकिता प्रधान शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार मानती है। वह कहती है तो समाज शिक्षित होगा तो नक्सलवाद धीरे-धीरे जड़ से समाप्त हो जाएगा। मुख्यधारा से भटके हुए नक्सलियों को आत्मसमर्पण कर सरकार की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर विश्वास जताने का आह्वान करने वाली दोनों लड़ाकू कहती है कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए बड़ी लड़ाई लड़ी जा रही है। वह उस पार्ट का हिस्सा है इससे वह काफी गर्व महसूस कर रही है। वह कहती है कि नक्सलियों की घेराबंदी करने के लिए जंगल जाती है तो वही वापस आने पर अपनी पढ़ाई को लेकर भी एक्टिव रहती है। ड्यूटी के दौरान जहन में सिर्फ एक ही बात होता है कि कहीं नक्सलियों का सामना हो जाए तो बस्तर फाइटर बनने का उद्देश्य पूरा हो जाता है। बस्तर की आन,बान और शान की लड़ाई लड़ने वाली यह बेटियां पिछले एक साल से बस्तर फाइटर में काम कर रही है।

बीए फाइनल की परीक्षा की तैयारी कर रही निकिता प्रधान कहती है कि पढ़ लिखकर वह अपने ही पुलिस विभाग पर अफ़सर बनकर देश की सेवा करेगी। नक्सल मोर्चे पर थकान होने के सवाल पर मुस्कुराते हुए कहती है कि जीवन में सब कुछ आसानी से मिल जाता तो फिर क्या बात होती। वह कहती है कि संघर्ष से ही सफल जीवन प्राप्त किया जा सकता है। नारायणपुर से 35 किलोमीटर दूर धोडाई गांव की रहने वाली बस्तर फाइटर की यह लड़ाकू अपने रिश्तेदार के घर में रहकर नक्सलियों से मुकाबला भी कर रही है और कॉलेज की शिक्षा भी प्राप्त कर रही है। इनके पिता खेती किसानी करते है।

# डब्ल्यूसीडी ने डीसीडब्ल्यू से 52 संविदा कर्मचारियों को हटाया

■ उपराज्यपाल अनिल बैजल ने किया था समिति का गठन
■ जांच में इन नियुक्तियों को शुरू से ही माना गया था अमान्य




**नई दिल्ली,** 2 मई (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास डब्ल्यूसीडी विभाग ने दिल्ली महिला आयोग डीसीडब्ल्यू में काम कर रहे 52 संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को समाप्त कर दिया है। इन कर्मचारियों के संबंध में जांच के लिए साल 2017 में तत्कालीन उपराज्यपाल अनिल बैजल ने एक समिति का गठन किया गया था। समिति की रिपोर्ट पर इन सभी कर्मचारियों को पद से हटाया गया है। इसे लेकर अतिरिक्त निदेशक डॉ. नवलेंद्र कुमार सिंह ने एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि इन कर्मचारियों को डीसीडब्ल्यू एक्ट के नियमों के तहत नियुक्त नहीं किया गया था।

डब्ल्यूसीडी विभाग के उपनिदेशक के मुताबिक दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास डब्ल्यूसीडी विभाग ने जून, 2017 में एक समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर डीसीडब्ल्यू के 52 नियुक्त संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को समाप्त कर दिया है।

इस समिति का गठन फरवरी, 2017 में तत्कालीन उपराज्यपाल अनिल बैजल ने किया था। समिति ने डीसीडब्ल्यू में अनियमित और अवैध रूप से बनाए गए पदों और उन पर संविदा नियुक्तियों की शिकायतों की जांच की थी। तत्कालीन मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समिति में प्रमुख वित्त सचिव, डब्ल्यूसीडी सचिव और एलएडब्ल्यू सचिव ने जांच के बाद नियुक्तियों और उनके लिए अपनाई गई प्रक्रियाओं को अवैध पाया। जांच में इन नियुक्तियों को शुरू से ही अमान्य माना गया था। समिति ने सिफारिश की कि स्वीकृत पदों के बिना यहां पर उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना मौजूदा संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। इसे आगे जारी रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती। लेकिन दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने समिति की सिफारिशों को अवैध रूप से जारी रखा। हाल ही में उनके दिल्ली महिला आयोग के अध्यक्ष का पद छोड़ने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने इन नियुक्तियों को समाप्त करने का कदम उठाया।

## दिल्ली की महिलाओं के लिए काम रही थी टीम : स्वाति मालीवाल

■ मालीवाल ने कार्रवाई को अवैध बताया

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद व दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्रवाई को अवैध बताया है। साथ ही इसके खिलाफ कानूनी सलाह के बाद कार्रवाई करने की बात की है। वृहस्पतिवार को मालीवाल ने कहा कि दिल्ली महिला आयोग ने पिछले आठ सालों में एक लाख 70 हजार से ज्यादा मामलों की सुनवाई की। महिलाओं की समस्याओं से जुड़ी 181 पर 40 लाख से ज्यादा कॉल को सुना गया। रेप पीड़ित, एसिड पीड़ित व अन्य की भलाई के लिए काम किया। महिला पंचायत के माध्यम से 50 हजार महिलाओं की बात सुनी। दो लाख केस को सुलझाया। कोर्ट में दो लाख केस को सुलझाने में मदद की। महिलाओं की भलाई के लिए 500 सिफारिश भेजी। यह सब काम अकेले नहीं किया जा सकता। दिल्ली महिला आयोग में 90 कर्मचारी काम करते हैं। इनमें से केवल आठ ही स्थायी है जबकि अन्य सभी अनुबंध पर है। अनुबंध पर काम कर रही इन कर्मचारियों में एसिड पीड़ित सहित दूसरी अन्य महिलाएं हैं। यह महिलाएं जानती हैं कि महिलाओं का दर्द क्या होता है और यह उन्हीं के लिए बेहतर ढंग से काम करती है। लेकिन इन सभी अनुबंध कर्मचारियों को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक झटके में बाहर निकाल दिया। दिल्ली महिला आयोग में रोज सैकड़ों महिलाएं अपना दर्द लेकर आती हैं। आठ कर्मचारियों के सहारे आयोग का काम नहीं हो सकता। आयोग में काम करने के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है। लेकिन अभी तक मांग पूरी नहीं की गई। स्वाति मालीवाल ने कहा कि दिल्ली में रोजाना छह दुष्कर्म के मामले सामने आते हैं। इन सभी महिलाओं के हितों में महिला आयोग काम करती हैं। लेकिन एलजी इसे बंद करना चाहते हैं।



दिल्ली में रोजाना छह दुष्कर्म के मामले सामने आते हैं। इन सभी महिलाओं के हितों में महिला आयोग काम करती हैं : स्वाति मालीवाल

## मालीवाल ने डीसीडब्ल्यू को अपनी निजी जागीर समझा : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि डीसीडब्ल्यू की कांट्रेक्ट कर्मचारियों को सेवा से हटाने के लिए पूरी आम आदमी पार्टी सरकार और खासकर दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल की असंवैधानिक अराजक कार्यप्रणाली जिम्मेदार है।

सचदेवा ने कहा है कि 8 वर्षों तक अध्यक्ष के रूप में काम करने वाली स्वाति मालीवाल को यह दावा करते हुए देखना चौंकाने वाला है कि हमें डी.सी.डब्ल्यू को चलाने के लिए संविदा कर्मचारियों को रखना पड़ा क्योंकि कोई नियमित पद नहीं थे और हमें कर्मचारियों की आवश्यकता थी। सचदेवा ने कहा है कि हम समझ सकते हैं कि स्वाति मालीवाल को डी.सी.डब्लू. के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता थी, लेकिन क्या वह बता सकती हैं कि उन्होंने कभी नए पद स्वीकृत कराने की कोशिश क्यों नहीं की। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है कि स्वाति मालीवाल ने डी.सी.डब्ल्यू. को अपनी निजी जागीर समझा और अपने एन.जी.ओ. के अधिकांश स्वयंसेवकों को डी.सी.डब्ल्यू. में संविदात्मक नौकरियों पर प्रशासनिक प्रक्रिया का पालन किए बिना रखा, जैसा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार में स्वयंसेवकों को नियुक्त करते समय किया था।



दिल्ली सरकार में संविदा और सह-टर्मिनस नौकरियों पर रखने की प्रक्रिया के दौरान कई अनैतिक हथकंडे अपनाए गए : वीरेंद्र सचदेवा

## सार संक्षेप

### कमानी ऑडिटोरियम में केंद्र नृत्य महोत्सव आज से 5 मई तक



**नई दिल्ली।** देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए समर्पित भारत के अग्रणी संस्थानों में से एक के रूप में, श्रीराम भारतीय कला केंद्र को सांस्कृतिक उत्साही लोगों से अत्यधिक सम्मान प्राप्त है। पद्मश्री श्रीमती शोभा दीपक सिंह उपाध्यक्ष श्रीराम भारतीय कला केंद्र, सम्मानित श्रीराम परिवार, के अनुकरणीय नेतृत्व में केंद्र प्रदर्शन कला की हमारी विरासत के पोषण और प्रचार-प्रसार की दिशा में जिम्मेदारी के मंत्र का प्रतीक है। प्रसिद्ध श्रीराम भारतीय कला केंद्र द्वारा प्रस्तुत केंद्र नृत्य महोत्सव में भारतीय नृत्य नाटिका परिक्रमा, कर्ण और मीरा-की भव्यता का अनुभव करें और भारतीय इतिहास और पौराणिक कथाओं के पात्रों के उत्साह को देखें। प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा अपनी कलात्मकता का प्रदर्शन करते हुए नृत्य की दुनिया के माध्यम से एक मनोरम यात्रा पर निकलें। तीनों प्रदर्शनों की कोरियोग्राफी शशिधरन नायर द्वारा की गई है, जबकि पद्मश्री शोभा दीपक सिंह ने निर्माता और निर्देशक दोनों के रूप में प्रत्येक प्रोडक्शन का निरीक्षण किया, जिससे एक सहज और मनोरम कलात्मक अनुभव सुनिश्चित हुआ।

### ध्यान से हम अपने अंदर ही परमात्मा को खोज सकते हैं : संत राजिन्दर सिंह



**नई दिल्ली।** लोगों द्वारा अधिकतर पूछे जाने वाले प्रश्नों में से एक है परमात्मा कहां है? हम अपनी आत्मा के बारे में भी जानना चाहते हैं। विज्ञान ने आज बहुत तरक्की कर ली है, जहां हमारे पास बाहरी अंतरिक्ष का पता लगाने के लिए शक्तिशाली दूरबीन और स्पेसशिप हैं और प्रत्येक परमाणु में सबसे छोटे कणों को देखने के लिए माईक्रोस्कोप हैं, फिर भी विज्ञान इस बात का खुलासा नहीं कर सका कि ईश्वर इस भौतिक ब्रह्मांड में कहां है? सच यह है कि सृष्टिकर्ता अभी तक बाहरी भौतिक ब्रह्मांड में नहीं मिला है, जो संत और महापुरुष सदियों से कह रहे हैं। परमात्मा हमारे भीतर है। उन्होंने ध्यान-अभ्यास के ज़रिए परमात्मा को अपने भीतर पाया है। यह कहना है संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का। उन्होंने कहा कि ध्यान-अभ्यास क्या है? कुछ लोग इसे केवल शरीर और दिमाग को आराम देने का एक तरीका मानते हैं। संतों और महापुरुषों के लिए ध्यान-अभ्यास परमात्मा को अपने भीतर खोजने का तरीका है। सभी संतों ने मानव शरीर को हरि-मंदिर कहा है, जिसमें सृष्टिकर्ता रहते हैं।

### कोरियाई इनोवेशन के साथ दाय्वू ने पेश किया स्मार्ट एलईडी टीवी

**नई दिल्ली।** क्या आप अपने होम इंटरटेनमेंट सेटअप को अपग्रेड करना चाहते हैं? ऐसे में दाय्वू स्मार्ट एलईडी टीवी के अलावा और कुछ न देखें। अपने खूबसूरत डिज़ाइन, असाधारण रिज़ॉल्यूशन और सीमलेस कनेक्टिविटी विकल्पों के साथ, दाय्वू टीवी आपके लिविंग रूम में एक सिनेमेटिक अनुभव प्रदान करते हैं। चाहे आप अपने पसंदीदा शो, फिल्में देख रहे हों या गेमिंग कर रहे हों, आप अपनी उंगलियों पर एकदम नई टेक्नोलॉजी के साथ एक टॉप-नॉच व्यूइंग का अनुभव प्राप्त करने के लिए दाय्वू स्मार्ट एलईडी टीवी पर भरोसा कर सकते हैं। एच.एस. भाटिया, मैनेजिंग डायरेक्टर, केलवॉन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एप्लायंसेज, मैन्युफैक्चुरिंग पार्टनर, दाय्वू इंडिया ने कहा कि वेबओएस हब स्मार्ट एलईडी टीवी रेंज टेलीविजन टेक्नोलॉजी में इनोवेशन के एक नए दौर का प्रतिनिधित्व करती है। अपने एडवांस्ड फीचर्स और सहज डिजाइन के साथ, दाय्वू हर संभव चीज की सीमाओं का विस्तार कर रहा है, जिससे हर जगह उपभोक्ताओं के लिए जीवन आसान हो गया है। अपनी कोरियन क्राफ्टमैनशिप के लिए जाना जाने वाला दाय्वू प्रत्येक उत्पाद में दशकों की महारत और एक्सीलेंस लाता है, जो विश्वसनीयता, ड्यूरेबल और बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करता है।

## रोमा हांडा की एकल प्रदर्शनी 'मैं और मेरी शक्ति' का शुभारंभ



मेरे द्वारा बनाई गई प्रत्येक कलाकृति शाश्वत के प्रति मेरे प्रेम का एक विस्तार है : रोमा हांडा

**नई दिल्ली,** 2 मई (देशबन्धु)। प्रकृति और अध्यात्म जैसे गूढ़ विषयों को रंगों में समाहित करने वालीं युवा आर्टिस्ट रोमा हांडा की पेंटिंग्स की एकल प्रदर्शनी इंडिया हैबिटेट सेंटर स्थित ओपन पाम कोर्ट में शुरू हुई। 'मैं और मेरी शक्ति' शीर्षक से प्रस्तुत इस प्रदर्शनी में रोमा हांडा की 25 बेहतरीन पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं।

प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर चीफ गेस्ट के रूप में मशहूर आर्ट डायरेक्टर एवं क्रिटिक काजी एम रागिब, गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में कॉलेज ऑफ आर्ट की असिस्टेंट प्रोफेसर अनुपमा कुमारी और सीनियर आर्टिस्ट अमित श्रीवास्तव बतौर स्पेशल गेस्ट उपस्थित रहे। इसके अलावा भी कला जगत से जुड़े तमाम कलाकार और दर्शक रोमा हांडा की कलाकृतियों को निहारने और समझने के लिए पहुंचे। 2 से 5 मई तक चलने वाली इस एकल प्रदर्शनी की क्यूरेटर शबाना रजा हैं। अपनी आर्ट के विषय में चर्चा करते हुए रोमा हांडा कहती हैं मेरे द्वारा बनाई गई प्रत्येक कलाकृति शाश्वत के प्रति मेरे प्रेम का एक विस्तार है। मसलन रंगों और सोने की पत्ती से बनाई गई 'इविल आई विद मंत्रा' में रंगों के बीच गायत्री मंत्र, महा मृत्युंजय मंत्र और शांति पाठ उकेरे गए हैं, जिन्हें शांति, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य लाने वाला माना जाता है। एक और पेंटिंग है 'काली' जो प्रकृति माता हैं, आदि हैं, पोषण करती हैं, सृजन करती हैं और हमेशा अपने बच्चों को नुकसान से बचाती हैं। इसे भी ऐक्रेलिक और सोने की पत्ती से बनाया गया है। गोल कैनवस पर चित्रित 'देवी सरस्वती' भी ध्यान खींचती हैं, जिन्हें हिंदू धर्म में ज्ञान की देवी माना जाता है। बहुत छोटी उम्र से ही रोमा का नाता रंगों और कूची से जुड़ गया था और वे अपने परिवेश और अनुभवों से प्रेरणा लेती रहीं।

फ़रीदाबाद में जन्मी और पली बढ़ीं रोमा हांडा का मानना है कि उनकी कलायात्रा एक आध्यात्मिक और परिवर्तनकारी प्रक्रिया है, जिसका प्रत्येक अंश उन्हें एक कदम आगे ले जाता है। अपनी कलाकृतियों के जरिये वह प्रकृति, मानवीय अनुभव, अध्यात्म और अनंत जैसे विषयों की खोज करती हैं।

## सुविधा शिविर का आयोजन करेगी एनडीएमसी

**नई दिल्ली,** 2 मई (देशबन्धु)। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी अपने क्षेत्र के निवासियों के लिए सूचना सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए शनिवार, 04 मई को सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड में सुविधा शिविर आयोजित करेगी। इस शिकायत निवारण सुविधा कैम्प में विभिन्न विभागों के हेल्पडेस्क सेवा उपयोगकर्ताओं, कर्मचारियों, आरडब्ल्यूए, एमटीए और एनडीएमसी के निवासियों की शिकायतों का निवारण और सुविधा प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे ।

## सुनीता केजरीवाल से मिले कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज

**नई दिल्ली,** 2 मई (देशबन्धु)। उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. उदित राज ने गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की और हालचाल जाना। एक दिन पहले यानी बुधवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने भी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की थी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। दिल्ली की सात में से चार सीटों पर आम आदमी पार्टी और तीन पर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। उत्तर पश्चिमी दिल्ली से कांग्रेस ने उदित राज को टिकट दिया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति घोटाले में ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वो तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने उनकी जगह चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभाल ली है।

## हाईकोर्ट ने चार वर्षीय एलएलबी कोर्स की याचिका ठुकराई

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को भाजपा नेता एवं वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर वह जनहित याचिका खारिज कर दी जिसमें चार वर्षीय एलएलबी कोर्स की संभावना पर विचार के लिए विधिक शिक्षा आयोग के गठन की मांग की गई थी। अकादमिक पाठ्यक्रम तय करने के शैक्षणिक संगठनों के अधिकार को उचित ठहराते हुए अदालत ने कहा कि वह पाठ्यक्रम तैयार करने में दखलअंदाजी नहीं करती। खंडपीठ ने कहा कि हमने 12वीं के बाद छह साल की शिक्षा व्यवस्था में पढ़ाई की है। आप उसे बदलने की मांग कर रहे हैं। यह हमारा कार्यक्षेत्र नहीं है। हम पाठ्यक्रम तैयार नहीं करते।

## किसानों को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा : शेख जलील

**नई दिल्ली,** 2 मई (देशबन्धु)। नवरंग कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेख जलील ने गुरुवार को दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में संवाददाताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर नेशनल पैंथर पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष राजीव जोली खोसला भी उपस्थित थे। नवरंग कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेख जलील ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए शपथ ली और कहा कि 50 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय नागरिक को 7500 रुपए महीना दिया जाएगा, प्रत्येक महिला 5 लाख रुपए का कर्ज बिना किसी शर्तों के माफ किया जाएगा और किसानों को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। हर घर को मुफ्त बिजली भी दी जाएगी। हम उद्योगों की स्थापना के लिए विदेशी निवेश लगाएंगे और ब्याज मुक्त ऋण भी देंगे गैस सिलेंडर की कीमत को 350-400 रुपए तक निर्धारित किया जाएगा। विदेशी शिक्षा का खर्च भी सरकार द्वारा किया जाएगा पढ़ने वाले छात्र को छात्रों को शोषिक सुविधा सरकार द्वारा प्राप्त की जाएगी। हर गरीब परिवार की चिकित्सा का जिम्मा भी सरकार का निशुल्क होगा। आकस्मिकत मृत्यु वाले व्यक्ति के परिवार को सरकार 10 लख रुपए देगी। महिलाओं के लिए बस और रेल यात्रा निशुल्क देंगे। नवरंग कांग्रेस पार्टी रिजर्वेशन को समाप्त कर जरूरतमंदों को रिजर्वेशन देने का कानून पारित करेगी 1947 आजादी बाद आज भी 2024 में हम आर्थिक गुलामी के कगार पर हैं अमीर-अमीर होता जा रहा है गरीब-गरीब होता जा रहा है जिसका फासला कम करने के लिए नवरंग कांग्रेस पार्टी आपसे समर्थन मांग रही है।




### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

**05219/05220 मुजफ्फरपुर जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-मुजफ्फरपुर जं. विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05219 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05220 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 11:00 | --- |
| 14:15 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 16:00 |

चलने के दिनः 05219 मुजफ्फरपुर जं. से 04.05.2024 एवं 11.05.2024 (शनिवार) और 05220 आनन्द विहार(टर्मि.) से 05.05.2024 एवं 12.05.2024 (रविवार) को।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
ठहरावः बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन

**05251/05252 मुजफ्फरपुर जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-मुजफ्फरपुर जं. विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05251 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05252 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 11:00 | --- |
| 14:15 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 16:00 |

चलने के दिनः 05251 मुजफ्फरपुर जं. से 08.05.2024 एवं 15.05.2024 (बुधवार) और 05252 आनन्द विहार(टर्मि.) से 09.05.2024 एवं 16.05.2024 (रविवार) को।
स्थानः 3 टियर इकोनॉमी
ठहरावः बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1332/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला- गौतमबुद्ध नगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Army Welfare Housing Organation, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-4-Q-903, 9th Floor, Sector-Chi-I, Builder's Area, P-5, Greater Noida क्षेत्रफल-224.91 वर्ग मीटर, Brig. (Retd.) Aaroon Kam Sethi S/o Lt. Shri G.R. Sethi के पक्ष में आंवटित/पंजीकृत है। आवंटी Brig. (Retd.) Aaroon Kam Sethi की मृत्यु दिनांक-13.11.2022 को हो जाने के उपरान्त वसीयत के आधार पर उनके स्थान पर उनकी पत्नी Mrs. Kiran Sethi W/o Late Brig. Aaroon Kam Sethi ने उक्त भवन को अपने पक्ष मे नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Brig. (Retd.) Aaroon Kam Sethi के स्थान पर वसीयत के आधार पर उनकी पत्नी Mrs. Kiran Sethi W/o Late Brig. Aaroon Kam Sethi के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अट्टा गुजरान में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1310/एस0टी0-एस0डी0एम0/2021 दिनांक 26.07.2021 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 देवीराम सिंह पुत्र कंगला नि0 अट्टा गुजरान तहसील सदर गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 12.03.2021 के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित हैं।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| जगनपुर अफजलपुर | 487 | 643म, 683म, 681, 676, 685, 686, 687, 674, 680, 678, 677, 672, 673 | स्व0 देवीराम पुत्र श्री कंगला नि0 ग्राम अट्टा गूजरान, तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती सादवती | पत्नी | 68 वर्ष | |
| | | | | श्री मनोहर | पुत्री | 45 वर्ष | |
| | | | | श्री राहुल | पुत्री | 28 वर्ष | |
| | 38 | 707, 709, 710, 711, 708, 754, 705, 706, 707, 708, 710, 711 | | श्रीमती मुनेश | पुत्री | 48 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती मुन्नी | पुत्री | 42 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती गीता | पुत्री | 36 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती संगीता | पुत्री | 26 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जाँच के कम में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

### उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-ELECT-18-T-2024-25-E3 विद्युत कार्य के संबंध में i) डीजल शेडों में इलेक्ट्रिक लोको की होमिंग के कारण एनआर की बढ़ी हुई होल्डिंग के भार को पूरा करने के लिए टीकेडी लोको आउटपुट के बुनियादी ढांचे का निर्माण/सुधार। ii) डीजल शेडों में इलेक्ट्रिक लोको की होमिंग के कारण एनआर की बढ़ती होल्डिंग के भार को पूरा करने के लिए डीएलआई लोको आउटपुट के बुनियादी ढांचे का निर्माण/सुधार। (डीएलआई मुख्य पर दो कवर शेड का विस्तार)। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.41.09 लाख |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 82200.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 27.05.2024, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 27.05.2024 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

1328/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी जिला-गौतमबुद्ध नगर

सार्वजनिक सूचना

सार्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Army Welfare Housing Organation, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-B-1703, 17th Floor, Informal Sector, (Phase-IV), Sector-Omega-I, Greater Noida क्षेत्रफल -208.17 वर्ग मीटर, Lt. Col. Yashpal Datt S/o Late Sh. C.L Datt & Mrs. Susheela Datt W/o Lt. Col. Yashpal Datt & Ms. Shagun Singh D/o Lt. Col. Yashpal Datt के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Lt. Col. Yashpal Datt की मृत्यु दिनांक-20.12.2022 को हो जाने के उपरान्त वसीयत के आधार पर सह आवंटी उनकी पत्नी एवं पुत्री (Mrs. Susheela Datt W/o Late Lt. Col. Yashpal Datt & Ms. Shagum Singh D/o Late Lt. Col Yashpal Datt) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्युटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Lt.Col. Yashpal Datt के स्थान पर वसीयत के आधार पर उनकी पत्नी एवं पुत्री (Mrs. Susheela Datt W/o Late Lt. Col. Yashpal Datt & Ms. Shagun Singh D/o Late Lt. Col. Yashpal Datt) के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 493/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 21.03.2022 मृतक स्व0 श्री रिछपाल सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह, नि0 सी0-318, सेक्टर अल्फा-01, ग्रेटर नोएडा तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 21.11.2021 को हो चुकी है उनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | चिशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रोनिजा | 259/13 | स्व0 श्री रिछपाल सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह, नि0 सी0-318, सेक्टर अल्फा-01, ग्रेटर नोएडा तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती सुरेश | पत्नी | 56 वर्ष | विधवा |
| | | | श्री प्रदीप कुमार | पुत्र | 33 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री प्रवीन कुमार | पुत्र | 28 वर्ष | विवाहित |
| खेरलीभाव | 564म | | श्री प्रमोद कुमार | पुत्र | 26 वर्ष | अविवाहित |
| | | | श्रीमती अन्जू | पुत्री | 24 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रमती रेनू रानी | पुत्री | 37 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

ना0 तहसीलदार/तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

शिविर की शुरुआत वरिष्ठ नागरिकों के सामने आने वाली विभिन्न दंत समस्याओं और दंत रोगों की रोकथाम के बारे में जागरूकता के बारे में चर्चा के साथ हुई। उन्हें विशेष उपचार योजनाएं प्रदान की गईं। अधिकतर रोगियों के दांतों में कीड़ा लगने और दांतो में खराबी होने की समस्या पाई गई :

**डॉ. हेमंत साहनी, विभाग एचओडी**

## तेज रफ्तार कार दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर पलटी, युवक की मौत

### डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरे वाहन से टकराई कार

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मई (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चिपियाना के समीप दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर बीच वाली लेन में तेज रफ्तार स्विफ्ट कार डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद स्विफ्ट दूसरे वाहन से टकराई। हादसे में कार सवार 25 वर्षीय युवक आयुष त्यागी निवासी गांव मकनपुर थाना इंदिरापुरम गाजियाबाद की मौत हो गई। घटना के दौरान कार में युवक व एक युवती बैठे थे। दोनों मेरठ से दिल्ली की तरफ आ रहे थे। जांच में पता चला है कि हादसा तेज रफ्तार की वजह से हुआ है। घटना के दौरान स्विफ्ट कार की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक थी। पुलिस ने दावा किया है कि मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। बिसरख कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि गाजियाबाद के इंदिरापुरम का रहने वाला युवक आयुष गुरुवार दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब मेरठ से दिल्ली की तरफ आ रहा था। वह स्विफ्ट कार



में सवार था। जब गाड़ी चिपियाना क्षेत्र में लालकुआं से थोड़ी आगे पहुंची तभी तेज रफ्तार के चलते गाड़ी डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरे वाहन से टकरा गई। हादसे के बाद करीब दस मिनट तक एक्सप्रेस वे पर यातायात धीमी रफ्तार से चला। कुछ समय बाद स्थिति सामान्य हो गई। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से आयुष को गाजियाबाद के निजी अस्पताल ले जाया गया जहां आयुष की मौत हो गई।

## गौवंश के भरण-पोषण के लिए जिलाधिकारी ने लोगों से दान करने की अपील की

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मई (देशबन्धु)। जिले में में 18 अस्थाई गौ आश्रय स्थलों/स्थायी गौ आश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान समय में गो आश्रय स्थलों में 8847 निराश्रित गौवंश संरक्षित किए गए है। इतनी अधिक संख्या में संरक्षित गौवंश के भरण-पोषण हेतु वर्ष पर्यन्त भूसे की आवश्यकता बनी रहती है। वर्तमान समय में गेंहू की कटाई चलने के कारण भूसा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि गौवंश के भरण पोषण के लिए अधिक से अधिक मात्रा में भूसा अपनी निकटस्थ गौशाला में दान करने का कष्ट करें। 100 कुंतल से अधिक के दान दाताओं को मेरे द्वारा व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया जाएगा। 50 कु. से 100 कु. के दान दाताओं को जनपद के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस पुनीत कार्य में किसी भी सहयोग/समन्वय के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, गौतमबुद्धनगर डॉ. वी.के. अग्रवाल से मोबाइल नं. 941244-2243 पर संपर्क किया जा सकता है। दान चेक, नकद, सामग्री के रूप में कर सकते है।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों ने समस्याओं को लेकर ग्रेनो प्राधिकरण एसीईओ को सौंपा ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट वेस्ट के विभिन्न सोसायटी और सेक्टरों के लोगों ने मूलभूत समस्याओं को लेकर गुरुवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

कई सोसायटी में पानी के पाइपलाइन न होने के मुद्दे पर एसीईओ ने आश्वस्त कराया की टेंडर की प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई है जिसके बाद लूप लाइन के तहत पाइप डाली जाएगी। आचार संहिता के पश्चात इसपर कार्रवाई होगी। जिन सोसायटी में पानी का कनेक्शन न होते हुए भी प्राधिकरण द्वारा बिल भेजा जा रहा है उनके बिल जांच करने का



आदेश दिया। तिकोना पार्क पर बताया गया की चुनाव संपन्न हो चुके हैं जल्द ही इसपर कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

ट्रैफिक व सड़कों पर अतिक्रमण पर बताया गया की जल्द ही सड़कों को अवैध वेंडरों से खाली करा लिया जाएगा। सेक्टर-3 निवासियों ने अवगत कराया की सेक्टर-3 के ब्लॉक सी एवम डी के लिए एंट्री गेट बाधित है, सड़क की हालत काफी दयनीय है, पार्क व ग्रीन बेल्ट बुरे हालात में पड़े हैं।

एसीईओ ने समस्याओ पर आश्वस्त किया है कि इन सभी मुद्दो का एक एक कर के निवारण किया जाएगा।

एसीईओ पश्चात नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा है कि हमारी प्राथमिकता में सिर्फ बहुमंजिली इमारत वाली सोसाइटी ही नहीं बल्कि सेक्टर और गांव भी है एवं सभी का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। लोगों की जो भी समस्याएं हैं उनको दूर करवाने के लिए यथासम्भव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान गौर सिटी 2 से राकेश रंजन, दीपक गुप्ता, विजय कुमार, मिथिलेश, सौरव तिवारी एवं सेक्टर 3 के मुकेश नागर, रामपाल सिंह तथा अन्य लोग शामिल रहे।

## कोड ब्लेज प्रतियोगिता का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित लॉयड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में गुरुवार को कोडिंग कंपटीशन कोड ब्लेज का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर राजीव अग्रवाल ने बताया कि आयोजित कोडिंग कंपटीशन में लगभग 500 छात्रों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम कोडिंग निंजा के साथ मिलकर संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जिसमें सुबह 10 से शाम 4 तक छात्रों ने अपने कोडिंग स्किल के माध्यम से समसामयिक चुनौतियों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दिया। कंप्यूटर विभाग अध्यक्षा प्रोफेसर ककोली राव ने बताया कि छात्र काफी उत्साहित होकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिए बीटेक और एमसीए के छात्र शामिल रहे विभिन्न प्रोग्रामिंग लैंग्वेज के माध्यम से उत्तर दे रहे हैं।



डीन प्रोफेसर एलेन राव ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से तीन उत्कृष्ट छात्रों का चयन किया जाएगा, जिन्हें सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य है कि छात्रों को वर्तमान समय के जरूरत के अनुसार तैयार किया जाए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में दीपिका अरोड़ा रही, हर्षिता, नीतू, अनुज, कमलेश, अंशुल सहित दर्जनों छात्रों का विशेष योगदान रहा।

## टेकफेस्ट इनोविजन में विभिन्न कॉलेज व विवि के विद्यार्थियों ने लिया भाग





**ग्रेटर नोएडा,** 2 मई (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईईसी कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक टेकफेस्ट इनोविजन- 2024 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में संस्थान के एक्सीक्यूटिव निदेशक प्रोफेसर सुनील कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि टेकफेस्ट के दौरान तकनीकी, खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा छात्रों के चहुंमुखी विकास को बल मिलता है।

किताबी ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान, प्रबंधन के गुण इन कार्यक्रमों से आसानी से सीखे जा सकते हैं। संस्थान के निदेशक फार्मेसी प्रो. भानु प्रताप सिंह सागर ने छात्रो को अपने जीवन में सफल होने के लिए समय प्रबंधन, लीडरशीप तथा कम्युनिकेशन में दक्षता हासिल करने पर बल दिया। संस्थान के निदेशक प्रो. विनय गुप्ता ने सभी छात्रों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका प्रोफेसर राज कमल महाजन ने बताया कि दो दिवसीय फेस्ट के दौरान कैरम, शतरंज, कोडोमेनिया, टेक क्विज, इ-गेम्स, अभिव्यक्ति, डांस फ्रीक, रंगोली, जिगरबाज, ट्रैसर हैंट तथा शार्क टैंक आदि 26 स्पर्धाओं में में एन सीआर के विभिन्न कालेजों तथा विश्वविद्यालयों के 1650 छात्र बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं। संस्थान के डीन एकेडमिक्स डा. बी शरण, सीएफओ अभिजीत कुमार, शरद माहेश्वरी तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर भारी संख्या में छात्र तथा शिक्षक मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम में लगाया गया फ्री दंत जांच शिविर



**ग्रेटर नोएडा,** 2 मई (देशबन्धु)। शारदा स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज के ओरल मेडिसिन और रेडियोलोजी विभाग ने ग्रेनो स्थित रामलाल वृद्धाश्रम में वृद्ध दन्त जागरूकता शिविर लगाकर वहां रहे 55 वरिष्ठ नागरिकों की दांतो की जांच की। विभाग के एचओडी डॉ. हेमंत साहनी ने बताया कि शिविर की शुरुआत वरिष्ठ नागरिकों के सामने आने वाली विभिन्न दंत समस्याओं और दंत रोगों की रोकथाम के बारे में जागरूकता के बारे में चर्चा के साथ हुई। उन्हें विशेष उपचार योजनाएं प्रदान की गईं। अधिकतर रोगियों के दांतों में कीड़ा लगने और दांतो में खराबी होने की समस्या पाई गई। रोगियों को दांतों की देखभाल के लिए सुझाव दिए और उन्हें दिन में दो बार ब्रश करने के सलाह दी। दांतों को साफ रखना चाहिए। समय-समय पर दांतों की जांच करवाते रहना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार का बड़ा रोग उत्पन्न न हो। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों टूथ पेस्ट और ब्रश भी दिए गए। इस दौरान डॉ. रिचा मिश्रा, डॉ. कुलदीप कुमार गुप्ता, अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टर भी मौजूद रहे।

## कार ओवरटेक के दौरान दो पक्षों में मारपीट, नहीं हुई लूट

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मई (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट के एक व्यक्ति ने कार सवार पांच लोगों पर उनकी कार को ओवरटेक कर रोकने और लूटपाट करने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत पीड़ित में ईकोटेक-3 थाना पुलिस से की। वहीं, पुलिस ने घटना को असत्य और निराधार बताया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की कार आपस में टकरा जाने के कारण विवाद हो गया था। जिस कारण दोनों पक्षों में आपस में मारपीट हुई है। वहीं, पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। इस दौरान दोनों पक्षों की कहां सुनी हुई। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-1 में रहने वाले अतुल कुमार गुप्ता ने थाना ईकोटेक थर्ड में दी गई है। शिकायत के मुताबिक उनका कहना है कि बुधवार रात 10:15 बजे वह अपने ऑफिस से घर लौट रहे थे। उनका आरोप है कि जलपुरा के पास जैसे ही उनकी कार पहुंची तो एक वैगनआर कार सवार ने ओवरटेक उनकी कार के आगे गाड़ी लगाकर उन्हें रोक लिया। आरोप है कि कार से चार-पांच लोग उतरे और उनके गले से चेन खींच ली। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। उनके नाक, माथे और मुंह पर लगी चोट। चैन, अंगूठी लूटकर तमंचा दिखाकर जान से मरने की धमकी देते फरार हुए। वह किसी तरह अपने घर गए। वहीं, पुलिस ने घटना को असत्य और निराधार बताया है।

थाना प्रभारी का कहना है कि रात्रि में दोनों पक्षों की कार आपस में टकरा जाने के कारण विवाद हो गया था। जिस कारण दोनों पक्षों में आपस में मारपीट हुई है। शिकायतकर्ता जिस कार से लूट की घटना बता रहे है वह एक्सीडेंट की स्थिति में खड़ी है। शिकायतकर्ता झूठे आरोप लगाकर लूट का प्रकरण बता रहा है जबकि सिर्फ मारपीट हुई है। देर रात में दोनों पक्ष थाना आए थे। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**LOST & FOUND**

Have lost my original Allotment letter & Change letter of Plot No. 32 Block-C2, Pali Greater Noida U.P. Area- 120 mtr. Allotment No. GUL01199, Jaipal S/o Lala Village Sakipur, G.B. Nagar.

**खोया-पाया**

मेरा यूपी बोर्ड 12वीं का मार्कशीट व सदन खो गया है। वर्ष-1991, राम किशोर पुत्र काली चरन निवासी गढी अन्ता, पोस्ट-तसीगा बिसावर हथरस, उत्तर प्रदेश।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पिता, श्री भूपेंद्र शर्मा ने सुपरटेक इको विलेज 2 टावर बी8, फ्लैट 805 में एक फ्लैट बुक किया था। अब मेरे पिता की मृत्यु के बाद, मैं, यश शर्मा, ने सुपरटेक लिमिटेड से उक्त फ्लैट को मेरे नाम पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। यदि किसी को इस पर आपत्ति है, तो वह सुपरटेक इस्क्वायर, सी-2, सेक्टर 96, नोएडा के मुख्य कार्यालय में 15 दिनों के भीतर संपर्क कर सकता है या ईमेल कर सकता है: crm@supertechlimited.com।यश शर्मा, जेड 311 बी, सेक्टर 12, नोएडा, 201301। मोबाइल: 9313039933, 8076959677

पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेन्ट में सोलह टीमों ने लिया हिस्सा



**ग्रेटर नोएडा,** 2 मई (देशबन्धु)। दिल्ली वर्ड पब्लिक स्कूल नॉलेज पार्क तीन में इंटर-स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरुवार को निदेशक कंचन कुमारी और प्रधानाचार्या डॉ. हीमा शर्मा ने किया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी 16 टीमों के खिलाड़ियों और दर्शकों में काफी उत्साह रहा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान कंचन कुमारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समग्र शिक्षा, टीम वर्क और खेल भावना को बढ़ावा देने में खेल की भूमिका पर जोर दिया। डॉ. हीमा शर्मा ने शारीरिक और मानसिक कल्याण पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए इसे दोहराया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मशाल जलाकर किया गया, जो प्रतिस्पर्धा और सौहार्द का प्रतीक है।

## रोजगार मेले में नौकरी मिलने पर युवाओं के खिले चेहरे

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मई (देशबन्धु)। एच.आई.एम.टी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ग्रेटर नोएडा में दो दिवसीय रोजगार मेला जॉब क्वेस्ट एक्सपो का शुभारम्भ हुआ, जिसमें पहले दिन मैनेजमेंट, फार्मास्यूटिकल, लीगल सर्विसेज, मार्केटिंग, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी व अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों की तीस कंपनियों ने भाग लिया। मेले का शुभारम्भ करते हुए एच.आई.एम.टी. ग्रुप के चेयरमैन हेम सिंह बंसल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी को रोजगार के अवसर प्रदान करने से ज्यादा आज के युग में कोई और युवाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य नहीं है। पहले दिन के आयोजन में करीब एक अभ्यर्थियों भिन्न भिन्न कंपनियों के इंटरव्यू में शामिल हुए। अनेक



अभ्यर्थियों को स्पॉट ऑफर मिलने से वो झूम उठे। संस्थान के समूह निदेशक प्रो.(डॉ.) सुधीर कुमार ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। कार्यकारी निदेशक (डॉ.) विक्रांत चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को दूसरे दिन भी करीब 25 कंपनियां भाग लेने जा रहीं हैं। इस दौरान सभी विभाग के स्टॉफ लगे हुए थे।

## नाबालिग छात्रा को बहला फुसला कर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**जेवर,** 2 मई (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव दयानतपुर के रहने वाले एक व्यक्ति अलीगढ़ जिले के रहने वाले एक युवक पर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा व आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसकी 17वर्षीय नाबालिग पुत्री ने इसी वर्ष बारहवीं की परीक्षा दी थी। आरोप है कि पड़ौस के रहने वाले एक व्यक्ति का साला 28 अप्रैल 2024 को छात्रा को बहला फुसलाकर ले गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अलीगढ़ के गांव गौरोला के रहने वाले नरेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपित व छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

## शिक्षक विकास कार्यक्रम में वैश्विक मानवीय मूल्य नीति पर सिद्धांतों पर हुई चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मई (देशबन्धु)। जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान ग्रेटर नोएडा ने ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) के तत्वधान में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज एंड प्रोफेशनल एथिक्स पर तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) की मेजबानी की। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में निदेशक डॉ. भूपेंद्र कुमार सोम, उप निदेशक डॉ. रुचि रायत सहित अन्य प्रतिष्ठित डीन व तमाम संस्थान के प्रोफेसर सम्मिलित थे। एफडीपी का प्रारंभ डॉ. रुचि रायत के उद्बोधन से हुआ जिसमें उन्होंने भविष्य में नैतिक और जिम्मेदार नेतृत्व के लिए ऐसे आयोजनों की वकालत की। उन्होंने शिक्षा के ढांचे में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों को एकीकृत करने, व्यक्तियों को अखंडता और सहानुभूति के साथ जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया। रिसोर्स पर्सन डॉ. हिमांशु कुमार राय और उनकी सहभागी डॉ. आभा मिश्रा ने दीप प्रज्वलन के पश्चात अपने ज्ञान, कौशल और अपनी अंतर्दृष्टि से सभा को रौशन किया। पर्यवेक्षक के रूप में कार्यरत डॉ. अखिलेश वर्मा ने पूरे दिन की चर्चाओं में बहुमूल्य दृष्टिकोण जोड़े। सत्र में प्रतिभाग लेने वाले समस्त व्यक्तियों को सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों के विभिन्न आयामों के माध्यम से निर्देशन मिला। एफडीपी ने सहानुभूति और अखंडता से लेकर करुणा और सम्मान व आत्मनिरीक्षण और संवाद की संस्कृति की समझ के लिए एक बहुत की उम्दा मंच प्रदान किया। पहले दिन की समाप्ति तक सभी प्रतिभागियों का उत्साह देखने लायक था।

## उद्यमी शम्भू देव चंद्रा को मिला इंटरनेशनल एक्सिलेन्स अवॉर्ड

**साल के बेस्ट फूड प्रोसेसिंग मैन्युफैक्चरिंग और कंसल्टेंट के रूप में कियारा आडवाणी ने किया सम्मानित**

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मई (देशबन्धु)। इंटरनेशनल एक्सिलेंस अवार्ड का आयोजन मुंबई के सहारा होटल में किया गया। जिसमें देश-विदेश से हजारों की संख्या में बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने अपना नामांकन किया, जिसमें से कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों का चयन किया गया। इसमें ग्रेटर नोएडा के निवासी शम्भू देव चंद्रा जो 'अरमान मशीनरी एंड इंजीनियरिंग' के प्रोपराइटर



है। जिनकी कंपनी ग्रेटर नोएडा साईट 4 में स्थित है, उनको साल 2024 के बेस्ट 'फूड प्रोसेसिंग मैन्युफैक्चरिंग और कंसल्टेंट' के रूप में कियारा आडवाणी द्वारा पुरस्कृत किया गया। साल 2001 में दिल्ली छोड़कर शम्भू देव चंद्रा ने ग्रेटर नोएडा चुना और कड़े परिश्रम से अपने उद्योग को सफलता की ओर ले गए। ग्रेटर नोएडा उनके सपनों का शहर साबित हुआ।

ग्रेटर नोएडा में व्यापार को वे एक नई ऊंचाइयों तक ले जा सके। ग्रेटर नोएडा के पिछले बरसों की तरक्की ने उनके सपनों को पूरा करने में उनका साथ दिया। सरकार के द्वारा आयोजित नई नई स्कीमों को उन्होंने लघु उद्योपतियों तक पहुंचाया। जिसे वे अपना उद्योग स्थापित करने में सामर्थ्य हुए और शम्भू देव चंद्रा ने सरकारी सब्सिडी लघु उद्योगपतियों को दिलवाकर उनका प्लांट लगवाया, और फूली ऑटोमेटिकली प्लांट भी बना कर दिया। उन्होंने देश के कई राज्यों जैसे महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और विदेश में ओमान में प्लांट बनाने की कंसल्टेशन दी और यूरोप की कंपनियों के साथ न्यू टेक्नोलॉजी का ज्वाइंट वेंचर किया।


**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला- गौतमबुद्ध नगर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-3-T-305, 3rd Floor, Sector-Chi-I, Builder's Area, Pocket-P5, क्षेत्रफल-199.81 वर्ग मीटर, Col. Kamal Kumar Manglik S/o Late Sh. Ramesh Chand Manglik, Mrs. Veena Manglik W/o Col. Kamal Kumar Manglik & Mr. Deepanshu Manglik S/o Col. Kamal Kumar Manglik के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। सह आवंटी Mrs. Veena Manglik की मृत्यु दिनांक-27.05.2021 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रुप से मूल एवं सह आवंटी Col. Kamal Kumar Manglik S/o Late Sh. Ramesh Chand Manglik & Mr. Deepanshu Manglik S/o Col. Kamal Kumar Manglik ने उक्त भवन को अपने पक्ष मे नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में सह आवंटी Mrs. Veena Manglik के स्थान पर पूर्ण रुप से मूल एवं सह आवंटी Col. Kamal Kumar Manglik S/o Late Sh. Ramesh Chand Manglik & Mr. Deepanshu Manglik S/o Col. Kamal Kumar Manglik के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला- गौतमबुद्ध नगर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Army Welfare Housing Organation, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-4-I-0102, 1st Floor, Sector-Chi-I, Builder's Area, P-5, Greater Noida क्षेत्रफल-185.87 वर्ग मीटर, Col. Retd. Sukumar Banerjee S/o Late Shri Jayananda Banerjee & Mrs. Shashi Banerjee W/o Col. Retd. Sukumar Banerjee के पक्ष में हस्तांरित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Col. Retd. Sukumar Banerjee की मृत्यु दिनांक-16.02.2024 को हो जाने के उपरान्त वसीयत के आधार पर उनके स्थान पर सह आवंटी Mrs. Shashi Banerjee W/o Col. Retd. Sukumar Banerjee ने उक्त भवन को अपने पक्ष मे नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Col. Retd. Sukumar Banerjee के स्थान पर वसीयत के आधार पर सह आवंटी Mrs. Shashi Banerjee W/o Col. Retd. Sukumar Banerjee के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम मौहम्मदपुर गुजर व ग्राम दनकौर में उप जिलाधिकारी, सदर में प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 500/एस.टी.-एस.डी.एम./2023 दिनांक 28.05.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | वारिसानों का नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मौहम्मदपुर गुजर | 413 | श्री चन्दरू पुत्र हरप्रसाद नि0 ग्राम डेरी गुजरान, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतबुद्धनगर | श्रीमती गुलाबो | पत्नी | 84 वर्ष | |
| | दनकौर | 427, 435म, 386म, 389म, 391म | | श्री समय सिंह | पुत्र | 52 वर्ष | |
| | | | | श्री अजब सिंह नागर | पुत्र | 42 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती जगरेश | पुत्री | 48 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 03 मई 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मोबाइल के बाहर भी हैं वाट्सएप विश्वविद्यालय

पिछले करीब दस वर्षों से भारत में वाट्सएप यूनिवर्सिटी के तो खूब चर्चे होते आये हैं, लेकिन बहुत कम लोगों को पता था कि इसके समांतर ही देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के जरिये भी ज्ञानगंगाएं प्रवाहित हो रही है जो युवाओं को उसी तरह से दीक्षित कर रहे हैं जैसे कि वाट्सएप विवि। इसका एक उदाहरण दिल्ली में दिखलाई दिया जब देश की राजधानी से सटे ग्रेटर नोएडा के एक निजी विवि के छात्र-छात्राओं ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस विश्वविद्यालय में पल्लवित हो रही प्रतिभाओं के बारे में शायद ही लोगों को पता चल पाता लेकिन एक न्यूज़ चैनल के पत्रकार ने इस प्रदर्शन में शामिल कुछ छात्रों के ज्ञान की जांच कर ली जो विरोध प्रदर्शन करने के लिये बुधवार को कांग्रेस के मुख्यालय की ओर जा रहे थे। आश्चर्य की यह बात सामने आई कि प्रदर्शन कर रहे जा रहे छात्रों में से कोई भी यह नहीं समझा पाया कि वे प्रदर्शन क्यों कर रहे थे। और तो और, उनके हाथों में जो तख्तियां थीं उनका अर्थ बतलाना तो दूर, वे उसे पढ़ तक नहीं पा रहे थे।

जब पत्रकार ने युवाओं के हाथों में लगी तख्तियों पर सवाल करने शुरू किये तो पता चला कि उन्हें पता तक नहीं था कि किन मुद्दों को लेकर वे प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें केवल यह पता था कि वे कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और भाजपा के समर्थन में हैं। छात्र-छात्राओं के हाथों में जो तख्तियां थीं उनमें लिखा था- 'पहले लेंगे आपका वोट फिर ले लेंगे मंगलसूत्र और नोट', 'मां-बहनों के गहनों पर नज़र न गड़ाओ', '70 सालों में नहीं दी दीया-बत्ती अब छीन लेंगे आधी सम्पत्ति', 'नो प्लेस फॉर अर्बन नक्सल' आदि। छात्र-छात्राएं विवादित इनहेरिटेंस टैक्स या भाजपा के कथित विकसित भारत की अवधारणा तथा वास्तविकता के बारे में कुछ भी बतला नहीं पा रहे थे। यहां तक कि कांग्रेस के जिस घोषणापत्र का वे विरोध कर रहे थे, उसे किसी ने पढ़ा तक नहीं था। जाहिर है कि वे उसके बारे में वही सब कुछ कह रहे थे जो उन्हें बताया गया था या जो वाट्सएप विवि के माध्यम से उनके मोबाइलों तक पहुंच रहा है।

छात्र जो तख्तियां हाथों में लिये हुए थे, उन पर लगभग वे ही नारे लिये हुए थे जो भाजपा के होते हैं। इनमें कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन की सरकार बनने पर लोगों का सोना और मंगलसूत्र छीन लेने की बात लिखी गयी थी। इस पर जब रिपोर्टर ने प्रश्न किये तो छात्र विषय से पूर्णत: अनभिज्ञ साबित हुए। साफ था कि उनके हाथों में ये तख्तियां पकड़ाई गयी थीं। अब यह शोध का विषय हो सकता है कि आखिर उन्हें ये नारे लिखकर किसने दिये और छात्रों से इस प्रकार का प्रदर्शन करवाने का औचित्य क्या था। फिर, क्या छात्रों की खुद की समझ इतनी भी नहीं है कि वे किसी के उकसाने पर या कहने पर ऐसा प्रदर्शन करने चले आये। निजी यूनिवर्सिटी में फीस, अधोसंरचना एवं सुविधाओं को देखें तो पता चलता है कि उसमें अच्छे-खासे खाते-पीते लोगों के बच्चे ही पढ़ सकते हैं। अगर ऐसे शिक्षण संस्थान में पढ़ने वालों की राजनैतिक समझ ऐसी हो तो अर्द्ध शिक्षित युवाओं को बहका पाना कितना आसान है, यह भी इस प्रदर्शन को देखकर समझा जा सकता है। पिछले 10 वर्षों से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केन्द्र सरकार के दौरान युवाओं व छात्रों का जिस प्रकार से ब्रेनवाश हुआ है उसका परिणाम किस तरह की युवा पीढ़ी को पैदा कर सकता है- यह भी इस वीडियो को देखकर समझा जा सकता है। भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आईटी के जरिये जिस अज्ञानता का प्रसार किया गया है उसका यह साक्षात उदाहरण कहा जा सकता है। यह वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है।

यही युवा विद्यार्थी वर्ग भाजपा-संघ का कोर वोटर है। मोदी की लोकप्रियता का आधार किस प्रकार की घृणा और विवेकहीनता पर टिकी है- यह भी इस वीडियो को देखकर जाना जा सकता है। छात्रों के साथ पत्रकार की हुई बातचीत जहां एक ओर छात्रों के सामान्य ज्ञान पर सवालिया निशान उठाती है वहीं देश की शिक्षा का स्तर क्या है- यह भी उससे जाहिर हुआ है।

माना यह भी जा रहा है कि संचालकों की शह पर यह प्रदर्शन जुलूस निकाला गया था जो सम्भवत: भारतीय जनता पार्टी को खुश करना चाहते हों। ग्रेटर नोएडा में होने के नाते उत्तर प्रदेश की सरकार को भी खुश करने का इसका मकसद हो सकता है।

छात्रों की राजनीति में भागीदारी में कोई बुराई नहीं है, बल्कि राजनीति में युवा शक्ति का सकारात्मक उपयोग किया जा सकता है। देश में पहले भी युवाओं व छात्रों द्वारा अनेक आंदोलन किये गये हैं जो देश के लिए परिवर्तकारी साबित हुए हैं। भगत सिंह इस देश के युवाओं के आदर्श हुआ करते थे और जेपी आंदोलन में युवा, छात्र नेताओं की भूमिका से सभी परिचित हैं। लेकिन शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रों का इस तरह से राजनैतिक इस्तेमाल किया जाना कतई उचित नहीं कहा जा सकता। अगर छात्रों ने स्वस्फूर्त यह प्रदर्शन किया होता तो उन्हें निश्चित ही विषय की पूरी जानकारी होती तथा वे उन तमाम विषयों पर अधिकारपूर्वक बात करने के काबिल होते जो उनके हाथों में ली गयी तख्तियों पर लिखे हुए थे। लेकिन बुधवार को दिल्ली में निजी विवि के छात्रों के प्रदर्शन से जाहिर हो गया कि मोबाइल के बाहर भी वाट्सएप विश्वविद्यालय चलाए जा रहे हैं।

# एक बार फिर भाजपा का सांप्रदायिक, विघटनकारी एजेंडा ?

बहुसंख्यकवादी राष्ट्रवाद हमेशा से चुनावों में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए सांप्रदायिक विघटनकारी एजेंडा और नफरत का इस्तेमाल करता आया है। हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति के मोड्यूल के दो मुख्य आधार हैं- पहला, प्राचीन भारत, जिसके समाज में मनुस्मृति के मूल्यों का बोलबाला था और दूसरा, इतिहास, विशेषकर मध्यकालीन इतिहास को तोड़ना-मरोड़ना. इस सिलसिले में ये झूठ जम कर प्रसारित किये जाते हैं कि मुस्लिम शासकों ने बड़े पैमाने पर हिन्दू मंदिर तोड़े और हिन्दुओं को जबरदस्ती मुसलमान बनाया।

यह तो हुए मूल आधार। हिन्दू राष्ट्रवादी इस मोड्यूल में समय-समय पर अपने विशाल नेटवर्क की मदद से नए बिंदु जोड़ते रहते हैं। अब तक बाबरी मस्जिद के ढहाने को इस आधार पर औचित्यपूर्ण ठहराया जाता रहा है कि मुग़ल शासकों ने हिन्दुओं को नीचा दिखाने के लिए हिन्दू मंदिर नष्ट किये। यह एक बड़ा झूठ है। इस (2024 के) आम चुनाव में मांस खाने को एक बड़ा मुद्दा बनाया जा रहा है।

हाल में एक तस्वीर सामने आई जो आठ अप्रैल की थी और जिसमें राजद नेता तेजस्वी यादव को मछली खाते हुए दिखाया गया था। नवरात्रि और सावन के महीने में कई हिन्दू मांसाहारी भोजन नहीं करते। इस साल नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हुए। मगर फिर भी तेजस्वी को यह कह कर बदनाम किया गया कि वे पवित्र दिनों में मांसाहार कर रहे हैं!

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने, सांप्रदायिक प्रचार करने और सांप्रदायिक इतिहास लेखन का प्रयोग कर नफरत फैलाने में महारत हासिल है। उन्होंने 'मछली' द्वारा उन्हें दिए अवसर का भरपूर उपयोग किया। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले साल सावन के महीने में राहुल गांधी और लालू प्रसाद यादव ने मटन पकाया और खाया था। बड़ी चालाकी से उन्होंने सावन में मटन खाने को मुगलों द्वारा मंदिरों को नष्ट करने से जोड़ा। उन्होंने कहा, 'जब मुगलों ने भारत पर हमला किया तो वे केवल राजा को हरा कर संतुष्ट नहीं होते थे। वे तभी संतुष्ट होते थे जब वे मंदिरों को तोड़ देते थे और आराधना स्थलों को नष्ट कर देते थे। उन्हें इसमें आनंद आता था। इसी तरह, सावन के महीने में यह वीडियो दिखाकर वे लोग मुग़ल मानसिकता से देश के लोगों को भड़काना चाहते हैं।' मोदी के अनुसार, उनके राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों ने वोट बैंक की राजनीति के तहत ये वीडियो प्रसारित किये।

राजाओं द्वारा मंदिरों को नष्ट करने के मसले पर रिचर्ड ईटन समेत कई जाने-माने इतिहासकारों ने व्यापक शोध किया है। उन्होंने पाया है कि हिन्दू राजाओं ने भी मंदिर तोड़े। और दूसरी ओर, कई मुस्लिम राजाओं ने हिन्दू मंदिरों को दान दिया। कल्हण की राजतरंगिणी बताती है कि कश्मीर के हिन्दू राजा हर्षदेव ने मंदिरों से सोने और चांदी से बनी मूर्तियां उखाड़ कर शाही खजाने में


राम पुनियानी

> सांप्रदायिक राष्ट्रवादी प्रोपेगेंडा का पहला और सबसे बड़ा शिकार होता है सच। सांप्रदायिक मानसिकता जिस ढंग से चीज़ों की विवेचना करती है, जिस तरीके से निष्कर्षों पर पहुंचती है, उसका यथार्थ से कोई लेना-देना नहीं होता। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र, जिसे 'न्याय पत्र' का नाम दिया गया है, के जारी होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कह दिया कि उस पर मुस्लिम लीग की छाया है।

जमा करने के लिए एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति की थी और औरंगजेब ने हिन्दू मंदिरों को दान दिए थे।

सांप्रदायिक राष्ट्रवादी प्रोपेगेंडा का पहला और सबसे बड़ा शिकार होता है सच। सांप्रदायिक मानसिकता जिस ढंग से चीज़ों की विवेचना करती है, जिस तरीके से निष्कर्षों पर पहुंचती है, उसका यथार्थ से कोई लेना-देना नहीं होता।

कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र, जिसे 'न्याय पत्र' का नाम दिया गया है, के जारी होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कह दिया कि उस पर मुस्लिम लीग की छाया है। तथ्य यह है कि न्याय पत्र समाज के सभी कमज़ोर वर्गों के साथ सकारात्मक न्याय करने की बात करता है। मोदी के कुनबे के अन्य सदस्य भी इसी तरह की बातें करते रहते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनके प्रदेश में अपराधियों को या तो जेल जाने पड़ेगा या जहन्नुम (इस्लाम में नर्क के लिए प्रयुक्त शब्द)। इसी तरह, आदित्यनाथ ने हाजी मलंग का मामला भी उठाया। मुंबई के नज़दीक स्थित इस पवित्र स्थल को हिन्दू आराधना स्थल 'मलंग गढ़' बताया जा रहा है। करीब तीन दशक पहले कर्नाटक में अपनी जड़ें ज़माने के लिए भाजपा ने बाबा बुधनगिरी दरगाह को मुद्दा बनाया था।

मोदी यह डर भी फैला रहे हैं कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो वह संपत्ति का पुनर्वितरण करेगा और घुसपैठियों को संपत्ति करेगा। दूसरे शब्दों में, बांग्लादेश से आये मुसलमानों को 'दूसरों' की संपत्ति मिल जाएगी। साथ ही वे यह भी कहते हैं कि 'कांग्रेस आपकी संपत्ति उन लोगों को दे देगी जिनके ज्यादा बच्चे हैं।' कुल मिलकर, वे यह कहना चाहते हैं कि कांग्रेस मुसलमानों का तुष्टिकरण कर रही है।

घुसपैठियों के नाम पर जो हौआ खड़ा किया जा रहा था उसकी हवा तो आसाम में की गई एनआरसी की कवायद में ही निकल गई थी। जिन 19 लाख लोगों के पास अपनी नागरिकता को साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं थे, उनमें से 13 लाख हिन्दू थे। जबकि दावा यह किया जा रहा था कि भारत में करोड़ों बांग्लादेशी घुसपैठिये रह रहे हैं (अमित शाह के शब्दों में दीमक). जहां तक ज्यादा बच्चे पैदा करने का प्रश्न है, ताजा आंकड़ों के अनुसार, मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर में गिरावट आ रही है और वर्तमान में, मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर, राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दू महिलाओं से थोड़ी ही अधिक है और अगर यही सिलसिला जारी रहता है, तो कुछ ही सालों में वह बराबर हो जाएगी।

हिन्दू दक्षिणपंथी यह प्रचार भी कर रहे हैं कि डॉ मनमोहन सिंह ने कहा था कि मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला हक़ है। डॉ सिंह की जिस टिप्पणी को उद्दृत किया जा रहा है, वह उन्होंने सन् 2006 में सच्चर कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत होने के बाद की थी। इस रिपोर्ट में बताया गया था कि आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक दृष्टि से मुसलमानों की स्थिति दयनीय है और उसमें और गिरावट आती जा रही है। उन्होंने जो कहा था वह यह था: 'मुझे विश्वास है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं साफ़ हैं: कृषि, सिंचाई, जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना में ज़रूरी निवेश, सामान्य अधोसंरचना में आवश्यक सार्वजनिक निवेश और अनुसूचित जातियों / जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और बच्चों की प्रगति के लिए कार्यक्रम।'

इन सभी उदाहरणों से साफ़ है कि हिन्दू दक्षिणपंथी अपने राजनैतिक हितों को साधने के लिए तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने में कितने उस्ताद हैं। वे केवल विघटनकारी राजनीति के बल पर जिंदा हैं। मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाना और जो लोग तार्किक आधारों पर कमज़ोर तबकों की भलाई के लिए सकारात्मक कार्रवाई की बात करते हैं, उनकी निंदा करना ही इनका मुख्य काम है।

पिछले कुछ वर्षों में उनके प्रोपेगेंडा हथियारों की धार और तेज़ हुई है और उनका तंत्र का और विस्तार हुआ है। नतीजा यह कि वे अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों, का दानवीकरण करने के लिए मनगढ़ंत नैरेटिव का निर्माण करने में और सक्षम हो गए हैं।

दक्षिणपंथी गिरोह उन लोगों को हिन्दू-विरोधी कहता है जो प्रजातान्त्रिक तौर-तरीकों और संवैधानिक मूल्यों के पैरोकार हैं। इस समय, मीडिया भाजपा के साथ है और एक ऐसी आम सामाजिक समझ निर्मित करने का प्रयास कर रहा है जो भारत के बहुवादी संस्कारों के खिलाफ है। ये बहुवादी संस्कार सदियों में विकसित हुए हैं और इन्हीं से हमारा स्वाधीनता संग्राम, जो दुनिया का सबसे बड़ा जनांदोलन था, उपजा।

इंडिया गठबंधन के घटक दलों को चाहिए कि वे बहुसंख्यकवादी राजनीति के इन झूठों का पर्दाफाश करें।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया।)**

# चुनाव की पूर्वसंध्या पर राजनीतिक गिरफ़्तारियों को जायज ठहराने में व्यस्त एजेंसियां

**■ के रवीन्द्रन**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा राजनीतिक हस्तियों की गिरफ्तारी के समय के बारे में सर्वोच्च न्यायालय के सवाल ऐसे कार्यों के औचित्य और निहितार्थ के बारे में बढ़ती चिंताओं को उजागर करते हैं, खासकर जब इसे चुनावी कैलेंडर के साथ जोड़ा जाता है। शीर्ष अदालत की चिंताएं राजनीतिक प्रभाव के साधन के रूप में केंद्रीय एजेंसियों के संभावित दुरुपयोग की आशंका जताती हैं, जो निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों के लोकतांत्रिक लोकाचार को कमजोर कर सकता है।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामले मे मनीलॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी उनके इस्तीफे के बाद हुई, जो एक ऐसा कदम था जो चुनाव के समय से मेल खाता था। सर्वोच्च न्यायालय ने सोरेन की अंतरिम जमानत की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी के आसपास की परिस्थितियों की न्यायिक जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। सोरेन की गिरफ्तारी का समय, जो लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुआ, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के राजनीतिक लाभ के लिए उपकरण के रूप में इस्तेमाल किये जाने की संभावना पर सवाल उठाता है।

इसी तरह, उत्पाद शुल्क नीति मामले में ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी भी सर्वोच्च न्यायालय के विचारण के दायरे में आ गई है। अदालत ने स्पष्ट रूप से ईडी से केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय के पीछे का तर्क बताने को कहा है, जो चुनाव से ठीक पहले हुई थी। 'समय' के पहलू को समझने पर अदालत का जोर ऐसी गिरफ्तारियों की संवेदनशील प्रकृति और चुनावी प्रक्रिया पर उनके संभावित प्रभाव की न्यायिक स्वीकृति का संकेत देता है।

इन मामलों में सर्वोच्च न्यायालय का हस्तक्षेप अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थानों की पवित्रता को बनाये रखने के उद्देश्य से न्यायिक निरीक्षण के व्यापक पैटर्न का हिस्सा हैं। गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाकर, अदालत प्रभावी रूप से यह सुनिश्चित करना चाहती है कि केंद्रीय एजेंसियां राजनीतिक साजिशों में उलझे बिना, कानून और निष्पक्षता के दायरे में काम करें।

> अदालत की कार्रवाइयां उस नाजुक संतुलन की याद दिलाती हैं जिसे कानून के प्रवर्तन और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के संरक्षण के बीच बनाये रखा जाना चाहिए। संवैधानिक मूल्यों के संरक्षक के रूप में न्यायपालिका की भूमिका चुनाव के दौरान और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जब राजनीतिक माहौल गर्म होता है, और केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयां गहन सार्वजनिक जांच के अधीन होती हैं।

अदालत की कार्रवाइयां उस नाजुक संतुलन की याद दिलाती हैं जिसे कानून के प्रवर्तन और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के संरक्षण के बीच बनाये रखा जाना चाहिए। संवैधानिक मूल्यों के संरक्षक के रूप में न्यायपालिका की भूमिका चुनाव के दौरान और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जब राजनीतिक माहौल गर्म होता है, और केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयां गहन सार्वजनिक जांच के अधीन होती हैं।

संक्षेप में, ईडी की कार्रवाइयों के औचित्य पर सर्वोच्च न्यायालय के प्रश्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों की शक्तियों पर एक महत्वपूर्ण जांच का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे ऐसी एजेंसियों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व को रेखांकित करते हैं, विशेष रूप से राजनीतिक नेताओं के साथ उनकी बातचीत और चुनावी परिणामों पर संभावित प्रभाव के संदर्भ में।

जैसा कि सम्पूर्ण देश आज सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इन हाई-प्रोफाइल मामलों से निपटने को देख रहा है, संदेश स्पष्ट है: कानून का शासन कायम रहना चाहिए, और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता की रक्षा की जानी चाहिए। अदालत का रुख चुनावी शतरंज के खेल में केंद्रीय एजेंसियों को मोहरे के रूप में इस्तेमाल करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ एक कवच के रूप में कार्य करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि भारत की लोकतांत्रिक भावना जीवंत और अजेय बनी रहे।

सत्ताधारी पार्टी की राजनीतिक फंडिंग में भारी योगदान देने के लिए कॉरपोरेट्स को मजबूर करने के लिए ईडी और अन्य केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग गहन जांच और बहस का विषय रहा है। जबकि इन एजेंसियों द्वारा दबाव डालकर चुनावी बांड के माध्यम से सत्ताधारी पार्टी को धन दिलवाना जारी रहा है, विपक्षी दलों द्वारा चुनावी निर्णयों को प्रभावित करने में उनकी भूमिका भी आज की राजनीतिक कथा में एक नया अध्याय दर्शाती है।

इन एजेंसियों द्वारा राजनीतिक नेताओं की गिरफ्तारी का सहारा सत्तारूढ़ दल द्वारा प्रवर्तन एजेंसियों के दुरुपयोग में एक और स्पष्ट मोड़ का प्रतीक है। चुनावों में समान अवसर को खत्म करने के लिए सत्ताधारी दल द्वारा इन एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों को चुनाव आयोग के ध्यान में लाया गया है, जिसने हालांकि अब तक मूकदर्शक के रूप में ही काम किया है। उदाहरण के लिए, कांग्रेस पार्टी ने केंद्रीय एजेंसियों द्वारा अपने नेताओं को कथित तौर पर निशाना बनाये जाने के खिलाफ आयोग से हस्तक्षेप की मांग की थी, लेकिन इस पर कोई ठोस नतीजा नहीं निकला।

दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय का यह सवाल कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आम चुनाव शुरू होने से ठीक पहले क्यों गिरफ्तार किया गया, को समझाने के लिए ईडी को काफी स्पष्टीकरण की जरूरत होगी। पीठ ने ईडी से यह स्पष्ट करने को कहा है कि क्या केंद्रीय एजेंसी मामले में न्यायिक कार्रवाई के बिना आपराधिक कार्रवाई कर सकती है। अदालत ने ईडी से कहा है कि वह बताये कि कार्रवाई शुरू होने और गिरफ्तारी के बीच इतना बड़ा अंतर क्यों है, जिसका जवाब संभवत: अगली सुनवाई में आयेगा।

## विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

# पत्रकारिता पर भस्मासुर होने का कलंक न लगे

चाहे 45 डिग्री पारा हो या फिर मूसलाधार बारिश अथवा हाड़ तोड़ने वाली कड़कड़ाती ठंड, एक पत्रकार ही वह शख्स है जो सरकार, प्रशासन और समाज को सच्चाई दिखाने विपरीत मौसम में भी संघर्ष कर रहा होता है। न तो भूख की चिंता होती है और न ही पानी पीने की फिक्र। तेज धूप की वजह से आपाद-मस्तक शरीर तर हो या फिर बरसात से सारे कपड़े ही क्यों न भीग जाएं, एक पत्रकार की कलम अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहती है। आखिर पत्रकार अपने स्वास्थ्य की चिंता क्यूं नहीं करते ? इसका एकमात्र कारण यही है कि यदि पत्रकार कहीं थम गया तो उसकी जवाबदारी पर जंग लग जायेगा! मानवीय समाज को यह स्वीकार करना होगा कि एक पत्रकार अथवा चौथे स्तंभ का प्रहरी सच्चाई के सबसे करीब होता है। यही कारण है कि सूर्योदय के साथ हाथों में अखबार थामे पाठक उस पर प्रकाशित हर खबर को पत्थर की लकीर मान उस पर विश्वास करता है। जब समाज में पत्रकार और उसकी लेखनी को अकाट्य माना जाता है, तब पत्रकार का यह कर्तव्य हो जाता है कि उसकी लेखन की भूमिका निरपेक्ष हो। प्राय: यह देखने में आ रहा है कि एक दक्ष पत्रकार, जो लेखन की ऊर्जा से सराबोर है, वह उस बात को नहीं लिख पाता है, जिसे वह लिखना चाहता है। कारण बहुत सी विवशताओं के चलते उसकी कलम को बांध दिया जाता है। चौथे स्तंभ के प्रहरियों की कलम पर इसी तरह की रोक के कारण समाज का नुकसान हो रहा है।

पत्रकारिता के संबंध में कहा जाता है कि सूचना दो-धारी तलवार की तरह होती है। एक ओर इसका उपयोग भ्रम और सनसनी फैलाने में किया जा सकता है तो दूसरी ओर रचनात्मक कार्यों में भी पत्रकारिता महत्वपूर्ण स्थान रखती है। सूचना क्रांति के इस आधुनिक दौर में सोशल मीडिया की भूमिका को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। ये सवाल हैं – क्या सोशल मीडिया हमारे समाज में ध्रुवीकरण की स्थिति उत्पन्न कर रहा है ? समाज की प्रगति में सोशल मीडिया की क्या भूमिका होनी चाहिए ? हम एक ऐसी दुनिया के रहवासी हैं जहां हम सूचना के न केवल उत्पादक हैं बल्कि उपभोक्ता भी हैं। देखा जाए तो लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ की साख आज दांव पर है ! जी! हां ! मैं बात कर रहा हूं वर्तमान पत्रकारिता की, जो एक महत्वपूर्ण कड़ी है सरकार और जनता के बीच। समाज में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्यों कि यह जनता और सरकार के बीच सामंजस्य बनाने में मददगार है। बड़ा अफसोस होता है आज की पत्रकारिता पर जब यह सुनने में आता है कि इस पर से आम जनता का भरोसा उठ रहा है! जहां तक मैं समझता हूं इसका अत्यधिक व्यसायीकरण ही इस हालत की वजह है। न्यूज चैनलों की बाढ़ सी आ गई है, किंतु खोजी पत्रकारिता कहीं गुम हो चुकी है! आए दिन सच्चाई लिखने वाले अथवा दिखाने वाले कलमकार पर हमले हो रहे हैं! किसी भी क्षेत्र के भ्रष्टाचार को उजागर करने पर पत्रकार को जान से हाथ धोना पड़ रहा है! यही कारण है कि पत्रकार अपनी ईमानदारी से समझौता करने विवश हो रहे हैं। पत्रकारिता को विश्वासपरक और मजबूत स्तंभ बनाए रखने के लिए हमें स्वतंत्रता संग्राम की ओर झांकने की जरूरत है। स्वतंत्रता से पूर्व भारतीय पत्रकारिता ने समस्या को ठीक से पहचान लिया था। उस समय के पत्रकारों ने समस्या से निजात पाने अपना सब कुछ लगा दिया था। प्रतिबंध झेले, डंडे खाए किंतु समाधान की जिद पर अड़े रहे। एक समाचार पत्र के कार्यालय पर अंग्रेज सरकार ताला लगाती तो दूसरा समाचार पत्र स्वतंत्रता के ओजस्वी स्वर को बुलंद करता सड़कों पर उतर आता। उस वक्त भी पत्रकारिता पर भी व्यावसायिकता हावी थी किंतु भारतीय पत्रकारिता ने समाधान ढूंढने के अपने स्वभाव को जिंदा रखा। किसी भी मुद्दे पर योजनापूर्वक समाचारों की श्रृंखलाएं तब तक प्रकाशित की गईं जब तक कि उसका समाधान न निकल आया। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि समाधान मूलक पत्रकारिता की वह लौ आज मद्धम जरूर पड़ी है किंतु बुझी नहीं है! मीडिया की बहुआयामी भूमिका को स्वीकार करते हुए कहा जा सकता है कि मीडिया आज विनाशक एवं हितैषी दोनो भूमिकाओं में सामने आ रहा है। अब समय आ गया है कि मीडिया अपनी शक्ति का सदुपयोग जनहित में करे तथा समाज का मार्गदर्शन करे ताकि भविष्य में उस पर 'भस्मासुर' होने का कलंक न लगे! पत्रकारिता पर सकारात्मक सोच को प्रबल मानते हुए यही कहा जा सकता है-

हजार सवाल हैं मन में, फिर भी खबर रखते हैं  
खुद से बेखबर हैं फिर भी, दुनिया की खबर रखते हैं,  
कलम की नोंक पर समाज की सच्चाई लिखते हैं,  
पत्रकार हैं साहब! देश की सच्चाई लिखते हैं।।

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

# चुनावी फील्ड में मुआ कोविफील्ड टीका

ब्रिटेन कोर्ट से आई खबर ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि कोरोना संक्रमण के समय लगने वाली कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी के स्वीकारोक्ति ने दुनिया भर में तहलका मचा दिया है। वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने यह स्वीकार करके खलबली मचा दी है कि वैक्सीन से दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इसके साथ भारत की सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया कंपनी जुड़ी हुई है जिसने तकरीबन 175 करोड़ टीके भारत में दिए। प्रचार और दबाव के असर से टीका केंद्रों पर भीड़ टूट पड़ी प्रधानमंत्री ने खुद अपनी टीका लगवाते फोटो प्रचारित करवाई। ये बात और है कि उन्होंने कोवेक्सिन लगवाई जबकि हम सब ने कोविशील्ड। कोविशील्ड के साथ कोवैक्सीन और रशिया से आए वैक्सीन भी जब खत्म होने लगे तो सीरम इंस्टीट्यूट पूना वाले ने ब्रिटेन जाकर इस कारोबार में तेजी लाई। विदित हो इस वैक्सीन की विदेशों की डिमांड पूरी करते-करते भारत में कमी जब तब बनी रही। चूंकि यह कोराना बीमारी यूरोपीय देशों में लाखों लोगों को मौत के घाट उतार चुकी थी इसलिए वहां बहुत ऊंचे दाम में वैक्सीन जा रही थी। भारत सरकार को भी इसकी कीमत पेट्रोल, डीजल, गैस के दाम बढ़ाकर कहा जाता है चुकाती रही। वह टैक्स अब तक जारी है यानि इसका सारा खर्च जनता ने अप्रत्यक्ष तौर पर चुकाया है और अडानी-अंबानी अब तक जनता को लूट रहे हैं।

कोरोना की दहशत के बावजूद सरकार को इसे अनिवार्य घोषित कर, मोबाइल पर रजिस्टर भी किया ताकि यह प्रमाण साथ रहे। यह भी किया गया ट्रेन, बस, हवाई सफर आदि में इसे मोबाइल में दिखाना होगा। पहले दौर के बाद फिर दूसरा दौर भी दहशत का चला। कुल मिलाकर छोटे बच्चों को छोड़कर लगभग 80 फीसदी लोगों ने ये वैक्सीन लगवाई। इसका श्रेय बराबर भारत सरकार ने लिया। एक तो मुफ्त टीका तिस पर देश में बीमारी की रोकथाम। सरकार ने इतनी लाखों मौतों के तांडव के बाद बराबर यश लिया। चुनाव में इसका उल्लेख किया गया।

कहते हैं कि जब ०२बुरे दिन आते हैं तो विपदाएं चारों तरफ से घेरती हैं। अब हर भारतवासी भाजपा सरकार को अपने लोगों की मौत का जिम्मेदार मान रहा है। क्योंकि ब्रिटिश फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने पहली बार अदालती दस्तावेजों में स्वीकार किया है कि कोविड-19 के खिलाफ उसके टीके में टीटीएस पैदा करने की क्षमता है, जो रक्त के थक्के जमने से जुड़ा एक दुर्लभ दुष्प्रभाव है। टीटीएस या थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ थ्रोम्बोसिस रक्त के थक्कों का कारण बनता है और रक्त में प्लेटलेट काउंट कम हो जाता है। यह कंपनी इस वक्त 51 मुकदमों का सामना कर रही है, जिनमें दर्जनों मामले उसके वैक्सीन से हुई मौतों और गंभीर साइड इफेक्ट भी है। ब्रिटेन में एक रिपोर्ट के मुताबिक फ्रीडम आफ इंफर्मेशन के ज़रिए प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक ब्रिटेन ने 167 लोगों को मुआवजा दिया है इनमें 158 लोगों को एस्ट्राजेनेका यानि कोविशील्ड का टीका लगा था। ब्रिटेन की अदालत में इस कंपनी के खिलाफ़ 1000 मिलियन डॉलर का मुक़दमा चल रहा है। भारत में भी सीरम कंपनी के खिलाफ़ कई आवेदन लगे हैं। अब देखना यह कि भारत में इस मामले में सरकार का क्या रवैया रहता है। कोविशील्ड टीके के किसी भी संभावित दुष्प्रभाव और जोखिम के कारणों की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई। बहरहाल यह तो तय है कि कोविशील्ड के टीके के हुई मृत्युओं के उपजा सारा रोष भारत सरकार के विरुद्ध जा रहा है। चुनावी बेला में इस रिपोर्ट के ब्रिटेन से आ जाने के बाद अब कहने कुछ नहीं बचता। यदि मामला पूना वाले का ही होता तो सब निपट चुका होता। वस्तुत: भाजपा पर आई यह नई आपदा है इसे कैसे अवसर में बदला जाएगा वह वक्त ही बताएगा।

**-सुसंस्कृति परिहार**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770 ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## पाकिस्तान में बम विस्फोट में एक की मौत, 20 घायल

**इस्लामाबाद,** 2 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को हुए दोहरे विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रांत के पुलिस सूत्रों ने सिन्हुआ को बताया कि पहला विस्फोट तब हुआ जब कोयले से लदा एक ट्रक प्रांत के डुक्की जिले में एक बारूदी सुरंग से टकरा गया। दूसरा विस्फोट रिमोट-कंट्रोल से किया गया। पुलिस सूत्रों ने कहा कि घायलों में पुलिस के आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) के कई अधिकारी और खदान कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पहले विस्फोट के बाद सीटीडी कर्मी क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# इजरायल ने गिरफ्तार 64 फिलिस्तीनियों को किया रिहा



**गाजा,** 2 मई (एजेंसियां)। इजरायल ने गाजा पट्टी में सैन्य अभियानों के दौरान गिरफ्तार किए गए 64 फिलिस्तीनियों को गुरुवार को रिहा कर दिया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली अधिकारियों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में केरेम शालोम क्रॉसिंग से 64 फिलिस्तीनियों को रिहा कर दिया, जिनमें एक मृत और एक गंभीर रूप से घायल था।

फिलिस्तीनी मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, गाजा पट्टी में चल रहे इजरायली जमीनी ऑपरेशन के दौरान, इजरायली सेना ने सैकड़ों फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया था। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार रिहा किए गए कैदियों को उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जांच के लिए एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## हमास अस्थायी युद्धविराम के पक्ष में नहीं



**तेल अवीव।** काहिरा में हमास और इजरायल के बीच अप्रत्यक्ष मध्यस्थता वार्ता आगे बढ़ रही है। इस बीच हमास ने अस्थायी युद्धविराम पर चिंता जताई और मध्यस्थों को सूचित किया है कि वह युद्ध का स्थायी अंत चाहता है। मिस्र के सूत्रों के अनुसार, हमास ने उन्हें सूचित किया है कि वे युद्ध का पूरी तरह से अंत और फिलिस्तीनियों का पुनर्वास चाहते हैं, जो युद्ध छिड़ने के बाद उत्तरी गाजा से दक्षिणी गाजा क्षेत्र में विस्थापित हो गए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि हमास अस्थायी युद्धविराम के पक्ष में नहीं है। मध्यस्थों ने छह सप्ताह के युद्धविराम और इजरायल की जेलों में बंद लगभग 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में कम से कम 33 इजरायली बंधकों को रिहा करने पर जोर दिया था। इजरायली अधिकारियों ने कहा कि वे कतर और मिस्र सहित मध्यस्थ देशों के अनुरोध पर अपनी मांगों से पीछे हट गए। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को स्पष्ट रूप से बताया है कि इजरायल रफा पर हमला करेगा। उन्होंने पहले ही क्षेत्र में आईडीएफ यूनिटों को तैनात कर दिया है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक हमास को बंधकों के संबंध में अपनी स्थिति पर गुरुवार को मध्यस्थों को जवाब देना होगा।

7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल ने गाजा में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसके दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और 200 से अधिक को बंधक बना लिया गया। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर हताहत और क्षति हुई है और संघर्ष शुरू होने के बाद से फिलिस्तीनियों में मरने वालों की संख्या 34,000 से अधिक हो गई है।

## *इजरायल ने की राजनयिक संबंध तोड़ने के लिए कोलंबिया की निंदा*

***यरूशलम।*** *कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने गाजा में कार्रवाई के चलते इजरायल के साथ राजनायिक संबंध खत्म करने की घोषणा की। इसके बाद इजरायल के विदेश मंत्री इजरायल काट्ज ने कोलंबिया की निंदा की। काट्ज ने बुधवार को एक्स पर राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो पर घृणित यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इजरायल और कोलंबिया के बीच संबंध हमेशा मधुर रहे हैं। पेट्रो इसे बदलने में सक्षम नहीं होंगे। राष्ट्रपति पेट्रो ने बुधवार को बोगोटा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा था कि इजरायल में ऐसी सरकार होने के लिए, एक ऐसा राष्ट्रपति होने के लिए जो नरसंहार करता है, कल हम इजरायल के साथ राजनयिक संबंध तोड़ देंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कोलंबियाई राष्ट्रपति ने गाजा में हमास के खिलाफ इजरायल के सैन्य अभियानों की आलोचना की थी और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दक्षिण अफ्रीका के मुकदमे में शामिल होने का अनुरोध किया था।*



## सुडोकू 6543

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 7 | 6 | | |
| | | 6 | 5 | | | | | |
| | 8 | | 1 | | | 9 | 2 | |
| 3 | | 7 | 2 | 1 | | | | |
| 4 | | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | 4 | 5 | 8 | | 3 |
| | 3 | 5 | | | 1 | | 8 | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | | 2 | 6 | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 3 मई , 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 10**

### राशिफल

मेष - आज का दिन आप सामाजिक कामों और मित्रों के साथ दौड़ धूप में व्यतीत करेंगे। आपके मित्रमंडल में नए मित्र जुड़ेंगे। मित्रों के पीछे पैसे खर्च होंगे। बुजुर्गों की तरफ से लाभ होगा और उनका सहयोग मिलेगा।

वृषभ - नौकरी व्यवसाय की जगह पदोन्नति का मिलेगा। अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। सरकारी निर्णय आपके पक्ष में आने से लाभ होगा। गृहस्थजीवन में सुख- शांति रहेगा। नए काम का आयोजन करेंगे। अधूरे काम पूरे होंगे।

मिथुन - आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। तबीयत में थोड़ी कमजोरी रहेगी। इस कारण कोई भी काम करने का उत्साह मंद रहेगा। संतान के विषय में समस्या होगी।

कर्क - आज के दिन आप पर नकारात्मक वृत्ति हावी रहेगी। परिणामस्वरूप मानसिक हताशा से घिरे रहेंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी।

सिंह - आज के दिन आप मनोरंजन तथा घूमने-फिरने में समय व्यतीत करेंगे। फिर भी सांसारिक मामलों में आपका व्यवहार थोड़ा उदासीन रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

कन्या - परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहने से आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होने से राहत का अनुभव होगा। काम में सफलता और यश मिलेगा।

तुला - आज आप अपनी कल्पना शक्ति और सृजनशक्ति को उत्तम रूप से काम में लगा सकेंगे। बौद्धिक प्रवृत्तियों और चर्चा में भाग लेना आपको पसंद आएगा। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। उनकी प्रगति होगी।

वृश्चिक - आपको आज का दिन शांतिपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। साथ ही मानसिक रूप से भी अस्वस्थता महसूस होगी। मां के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी।

धनु - आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। छोटी यात्रा की संभावना है।

मकर - न बोलने में नौ गुण, इस कहावत की सार्थकता को समझकर आप यदि वाणी पर संयम रखेंगे, तो अनर्थ से बच सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव न हो, उसके लिए यह आवश्यक है।

कुंभ - शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सभी तरह से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन का रसास्वादन करेंगे। मित्रों के साथ बाहर जाने का आयोजन होगा,।

मीन - अल्पकालिक लाभ लेने की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आज आपके मन की एकाग्रता कम रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा। संतान की समस्या उलझन में डालेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## डिश टीवी द्वारा 'डिशटीवी स्मार्ट+' सर्विसेज' के साथ मनोरंजन इंडस्ट्री में आई क्रांति

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अग्रणी पहल की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव 'डिश टीवी स्मार्ट'+ सर्विसेज की घोषणा की है। यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा, लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है। 'डिश टीवीस्मार्ट+' सर्विसेज' के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं। 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो-द ओटीटी सुपरऐप, सेट-टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, कभी भी अपना मनोरंजन कर सकते हैं।

## भारत व इंडोनेशिया के बीच सातवीं जेडीसीसी की बैठक आज

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। भारत और इंडोनेशिया के बीच सातवीं संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की बैठक 3 मई को नई दिल्ली में होगी। इस बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमने और इंडोनेशिया के रक्षा महासचिव एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डोनी एर्मावान टौफैंटो, एमडीएस करेंगे।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने-अपने विचार रखेंगे। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में बताया कि भारत-इंडोनेशिया मित्रता को 2018 में व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। इस मित्रता ने रक्षा उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में नए सहयोग की अनुमति देने के लिए द्विपक्षीय संबंधों का दायरा बढ़ाया है।

दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध इस बढ़ती साझेदारी के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा गतिविधियों में विविधता आई है। इनमें रक्षा सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय दौरे, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग, जहाज यात्राएं और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं।



दोनों देशों के बीच रक्षा गतिविधियों में विविधता

भारत और इंडोनेशिया के बीच 2001 में हस्ताक्षरित रक्षा सहयोग समझौते में सहयोग के संभावित क्षेत्रों और साझा हित के मामलों का पता लगाने के लिए जेडीसीसी की स्थापना की गई थी। इसके अलावा, इन हितों को चिन्हित करने, स्वीकृत सहकारी गतिविधियों को शुरू करने, समन्वय करने, निगरानी करने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए भी जेडीसीसी की स्थापना की गई थी। भारत की यात्रा पर आए इंडोनेशिया के रक्षा महासचिव दो से चार मई तक यहां रहेंगे। इस दौरान वे नई दिल्ली और पुणे में भारतीय रक्षा उद्योगों के साथ भी बातचीत करेंगे।

## पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र से की फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्यता देने की मांग

**संयुक्त राष्ट्र,** 2 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने सुरक्षा परिषद से विश्व की बहुसंख्यक आबादी की राय के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन के आवेदन पर पुनर्विचार करने और उसका समर्थन करने की पुरजोर वकालत की है। पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह कदम फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ ऐतिहासिक अन्याय में सुधार करेगा और द्विराष्ट्र समाधान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा। अमेरिका ने 18 अप्रैल को परिषद की एक बैठक के दौरान उस मसौदा प्रस्ताव पर वीटो किया, जिसमें सिफारिश की गई थी कि महासभा फिलिस्तीन को पूर्ण संयुक्त राष्ट्र सदस्यता की अनुमति देने के लिए मतदान करवाए।

वर्ष 2022 की पहल, संकल्प 76/262 के मुताबिक यदि सुरक्षा परिषद में इसके स्थायी सदस्यों -चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका में से किसी एक द्वारा वीटो का उपयोग किया जाता है तो संयुक्त राष्ट्र महासभा को 10 दिन के भीतर बैठक करनी होगी। फिलिस्तीन का संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनने का हालिया प्रयास बुधवार को महासभा में चर्चा का केंद्र बिंदु था।



**1947 में विभाजित देशों में से इजरायल अब संयुक्त राष्ट्र का सदस्य है लेकिन फिलिस्तीन को सदस्यता से वंचित किया जा रहा हैं : मुनीर अकरम**

अकरम ने इजरायल और फिलिस्तीन के बीच व्यवहार में असमानता की ओर इशारा किया और कहा कि 1947 में विभाजित देशों में से एक इजरायल अब संयुक्त राष्ट्र का सदस्य है लेकिन सदस्यता के लिए सभी मानदंड पूरा करने के बावजूद फिलिस्तीन को सदस्यता से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने पिछले सात दशकों में फिलिस्तीनी लोगों के सामने आई कठिनाइयों का भी विवरण दिया।

## अमेरिका ने रूस के खिलाफ और प्रतिबंध लगाए


**वाशिंगटन,** 2 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि अमेरिकी सरकार नए प्रतिबंधों के साथ रूस के हथियार उत्पादन को लक्षित कर रही है।

चीन, बेल्जियम और स्लोवाकिया जैसे तीसरे देशों की लगभग 200 कंपनियां और 80 व्यक्ति प्रभावित हैं, जो कथित तौर पर अपने हथियार कार्यक्रम के लिए सामग्री की खरीद में रूस का समर्थन करते हैं। विभाग के अनुसार, प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस द्वारा रासायनिक और जैविक (बायोलॉजिकल) हथियारों का उत्पादन करना भी है।

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के सचिव जेनेट येलेन ने कहा कि यह कार्रवाई रूस के सैन्य-औद्योगिक अड्डे और इसकी आपूर्ति में मदद करने वाले नेटवर्क पर जाकर उसकी युद्ध की कोशिशों को और ज्यादा बाधित और कमजोर कर देगी।

अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को मॉस्को पर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के दौरान विभिन्न इरिटेंट गैसों का उपयोग करने का आरोप लगाया, जो संयुक्त राष्ट्र के रासायनिक हथियार सम्मेलन का उल्लंघन करता है।

## वर्ग पहेली 6543




**बायें से दायें:-**

१. जिस दिन किसी का जन्म हुआ हो
४. चिढ़ाना, नकल उतारना, उपहास का विषय
६. माथा, ललाट
७. दबने या दबाये जाने का भाव
८. निर्लज्ज, बेहया
१०. गुलामी
११. 'शेयर होल्डर'
१३. दुष्ट व्यक्ति
१४. जीवावशेष
१५. पाशविक, नैसर्गिक (उर्दू)
१७. ऊंट के नाक में डाली जाने वाली रस्सी
१९. कांटा या सुई या किसी नुकीली चीज की नोंक
२१. मूर्खता, नासमझी (उर्दू)
२२. के सहारे, के द्वारा (उर्दू)
२४. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. परशुराम के पिता
२. दो दिशाओं के बीच की जगह
३. बुद्धिमान
४. बेचैनी
५. पथिक, राहगीर
९. आंसू
११. लक्ष्मण के एक पुत्र का नाम
१२. भूमि, जमीन
१३. शत्रु, बैरी
१४. बहादुर, साहसी, हिम्मतवर
१५. वह पत्र या कागज जिसमें किसी संपत्ति को कुर्क करने संबंधी आदेश लिखा हो (उर्दू)
१६. चंद्रमा
१८. सिर्फ, मात्र
१९. स्वर्ण, सोना
२०. किस समय
२३. एवं और

### वर्ग पहेली-6542



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1660-स्वीडन, पोलैंड और ऑस्ट्रिया ने ओलिवा शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1764-बंगाल के नवाब मीर कासिम को अंग्रेजों ने हराया।
1765-फिलाडेल्फिया में पहला अमेरिकी मेडिकल कॉलेज खुला।
1845-चीन के कैंटन में थियेटर में आग लगने से 1600 लोगों की मौत।
1896-भारतीय राष्ट्रवादी, राजनीतिज्ञ, कूटनीतिज्ञ और भारत के पूर्व रक्षा मंत्री वी के कृष्ण मेनन का जन्म।
1913-पहली भारतीय फीचर फिल्म राजा हरिश्चन्द्र प्रदर्शित हुई।
1919-अमानुल्ला खान द्वारा ब्रिटिश भारत पर आक्रमण।
1930-राजस्थान की प्रसिद्ध महिला राजनीतिज्ञ सुमित्रा सिंह का जन्म।
1951-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ अशोक गहलोत का जन्म।
1955-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ उमा भारती का जन्म
1961-कमांडर ऐलन शेपर्ड अंतरिक्ष में जाने वाले पहले अमेरिकी यात्री बने।
1965-कंबोडिया ने अमेरिका के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किए।
1969-भारत के तीसरे राष्ट्रपति डाक्टर ज़ाकिर हुसैन का निधन।
1977-गणित की दुनिया का प्रतिष्ठित सम्मान %फील्ड्स मेडल% पाने वाली पहली महिला गणितज्ञ मरियम मिर्ज़ाख़ानी का जन्म।
1981-भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री नर्गिस का निधन।
1989-देश के पहले 50 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का हरियाणा में शुभारंभ।
1993-संयुक्त राष्ट्र ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा की।
1998-'यूरो' को यूरोपीय मुद्रा के रूप में स्वीकार करने का यूरोपीय नेताओं का ऐतिहासिक फैसला।

**तैयारी** आईएसआईएस में भर्ती होने जा रहा कश्मीरी दबोचा

# जम्मू सीमा पर घुसपैठियां ढेर करने के बाद बीएसएफ अलर्ट

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 2 मई(देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया से जुड़ने जा रहे एक स्थानीय युवक वसीम अहमद शेख को गिरफ्तार कर लिया। वसीम को कश्मीर में ऐसे युवकों को चिह्नित करने का जिम्मा सौंपा गया था। जो आईएसआईएस से जुड़े रहे कश्मीर के पुराने संगठन अंसार उल गजवा ए हिंद (एयूजीएच) में शामिल होने के लिए तैयार हों। दूसरी ओर जम्मू सीमा पर एक घुसपैठिए को ढेर करने के बाद बीएसएफ का कहना है कि पाक सेना सीमा पर लूप होलों की तलाश कर रही है।**

पुलिस ने बताया कि वसीम अहमद शेख जिला बडगाम के अंतर्गत बीरवाह का रहने वाला है। वह इंटरनेट मीडिया के जरिए पाकिस्तान व अन्य मुल्कों में सक्रिय आतंकी हैंडलरों के साथ लगातार संपर्क में था। उसस पूछताछ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि वसीम अहमद शेख कट्टर जिहादी मानसिकता रखता है। वह कोई तर्क नहीं मानता। पुलिस प्रवक्ता ने वसीम अहमद शेख की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि तीन दिन पहले एक मुखबिर से पता चला था कि आईएसआईएस ने कश्मीर में एयूजीएच का नेटवर्क फिर से तैयार करने का षडयंत्र रचा हुआ है। इसके लिए वह नए सिरे से कैडर की भर्ती की कोशिश हो रही है।

**सीमा पर लूप होलों की तलाश कर रही है पाक सेना : बीएसएफ**



- **नए सिरे से कैडर की भर्ती करने की कोशिश में आईएसआईएस**
- **बीएसएफ के अधिकारी सीमा पर पहुंचकर ले रहे स्थिति का जायजा**

इस बीच जम्मू सीमा पर घुसपैठिए को ढेर करने के मामले को लेकर बीएसएफ जम्मू फ्रंटियर के आईजी डीके बूरा ने कहा कि हमारे जवानों ने सीमा पार कुछ हलचल देखी और उस पर नजर रखी। उसने (घुसपैठिए ने) पहले सीमा पार की और जब उसने अंदर घुसने की कोशिश की, तो हमारे जवानों ने उसे चुनौती दी और रुकने को कहा। लेकिन वह सीमा की ओर आता चला गया। इसके बाद जवानों ने गोलीबारी की। घुसपैठिए से कोई बड़ी बरामदगी नहीं हुई है। ऐसा लगता है कि उसे सिर्फ रेकी के लिए भेजा गया था।

सूत्रों के अनुसार बीएसएफ के अधिकारी सीमा पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। पाकिस्तान की पोस्ट चक भूरा के सामने से घुसपैठ करवाई जा रही थी। पाक की ओर से अब तक कोई जवाबी कार्रवाई की सूचना नहीं मिली है और कोई अन्य मामला भी सामने नहीं आया है।

## दुनिया को जानें

### हार्ट रिस्क का आकलन करने में विफल है चैटजीपीटी : अध्ययन

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। ओपनएआई का चैटजीपीटी कई मेडिकल परीक्षा निकाल सकता है, लेकिन इसमें हृदय जोखिम का आकलन करने की क्षमता नहीं है। एक स्टडी में ये बात सामने आई।

अमेरिका में एक जर्नल में प्रकाशित शोध के मुताबिक कुछ स्वास्थ्य आकलन के लिए इस पर भरोसा करना नासमझी होगी, जैसे कि सीने में दर्द वाले मरीज को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत है या नहीं। सीने में दर्द वाले रोगियों के मामलों में चैटजीपीटी की भविष्यवाणियां गलत निकली। उन्होंने एक ही रोगी डेटा के लिए अलग-अलग हृदय जोखिम मूल्यांकन स्तर भी प्रदान किए-निम्न से उच्च जोखिम स्तर तक। वाशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी के एलसन एस. फ्लॉयड कॉलेज ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ता और मुख्य लेखक डॉ. थॉमस हेस्टन ने कहा, यह भिन्नता खतरनाक हो सकती है। इसके अलावा, जेनेरिक एआई सिस्टम उन पारंपरिक तरीकों से मेल खाने में भी विफल रहा, जिनका उपयोग डॉक्टर किसी मरीज के हृदय संबंधी जोखिम का आकलन करने के लिए करते हैं।

# प्रादेशिकी

## 400 पार का नारा भूल चुकी है भाजपाः दुष्यंत चौटाला

**भिवानी।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने वीरवार को कहा कि चुनाव से पहले 400 पार का नारा देने वाले भाजपा नेताओं ने पिछले एक सप्ताह में यह नारा बोलना ही छोड़ दिया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री हिसार लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले जिला के कस्बा बवानीखेड़ा हल्के के गाँवों में जनसभाओं को संबोधित करने आये थे। हिसार से पार्टी प्रत्याशी नैना चौटाला हैं। श्री चौटाला ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा जो भाजपा चुनाव से पहले 400 पार का नारा दे रही थी, पिछले एक सप्ताह से पार्टी नेताओं ने वह नारा ही बोलना छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह नारा वर्ष 1977 में कांग्रेस द्वारा दिए गए इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा नारे की तरह साबित होगा, क्योंकि उस समय इंदिरा भी हारीं हारी और कांग्रेस को भी ले बैठी थीं।सं.महेश.श्रवण

# शिमला संसदीय सीट पर दिग्गजों की प्रतिष्ठा दाव पर

### विनोद सुल्तानपुरी की जीत का दारोमदार मुख्यमंत्री व पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह के अलावा 5 काबिना मंत्रियों पर

■ हिमकिरण मांटा





**शिमला, 2 मई (देशबन्धु)।** लोकसभा के चुनावी महासमर में शिमला संसदीय सीट पर दिग्गजों की प्रतिष्ठा दाव पर है। शिमला सीट पर मुकाबला कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी व भाजपा के सुरेश कश्यप के बीच है। चुनाव में विनोद सुल्तानपुरी की जीत का दारोमदार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह के अलावा 5 काबिना मंत्रियों पर है। भाजपा की सुरेश कश्यप की जीत का जिम्मा पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर , पूर्व भाजपा सरकार में मंत्री रहे नेताओं पर है।

शिमला संसदीय सीट 1998 तक कांग्रेस का अभेद्य दुर्ग रहा। इससे पहले सिर्फ 1977 में जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे बालक राम कश्यप ही यहां से चुनाव जीत सके। 1980 से 1998 तक लोक सभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के पिता केडी सुल्तानपुरी लगातार छह मर्तबा यहां से सांसद रहे। 1999 में हिविकां उम्मीदवार के तौर पर सुक्खू सरकार में स्वास्थ्य मंत्री डॉ धनी राम शांडिल यहां से चुनाव जीते। शांडिल 2004 के चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए तथा कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनावी रण में उतर कर विजयी हुए। मगर इसके बाद 2009 , 2014 में भाजपा के वीरेंद्र कश्यप तथा 2019 में सुरेश कश्यप यहां से सांसद चुने गए। जाहिर है कि बीते डेढ़ दशक से कांग्रेस शिमला लोक सभा सीट पर जीत को तरस रही है।

एक जून को होने वाले लोक सभा चुनाव में शिमला संसदीय सीट पर दोनों ही दलों के राजनीतिक दिग्गजों की प्रतिष्ठा दाव पर है। भाजपा चुनाव में जीत का चौका लगाने के लिए प्रयासरत है। शिमला लोक सभा सीट पर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के मकसद से भाजपा ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन शुरू कर दिए हैं। इन सम्मेलनों के जरिए भाजपा मतदाताओं की नब्ज टटोल रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जहां लगातार पन्ना प्रमुखों के सम्मेलनों में शिरकत कर रहे हैं, वहीं डॉ राजीव बिंदल भी लगातार सिरमौर, शिमला व सोलन जिलों में सक्रिय हैं। इसके अलावा पार्टी ने तमाम संगठन के पदाधिकारियों, पूर्व व मौजूदा विधायकों को प्रचार में झोंक दिया है। स्टार प्रचारकों में पीएम मोदी की रैली करवाने की योजना पर भी भाजपा काम कर रही है। भाजपा के निशाने पर सुक्खू सरकार है, साथ ही पार्टी के नेता लगातार मोदी सरकार की उपलब्धियों व पीएम मोदी को तीसरी मर्तबा प्रधानमंत्री बनाने के आग्रह के साथ मतदाताओं से वोट की अपील कर रहे हैं।

## सुक्खू सरकार की गलत नीतियों से उद्योगों को पलायन, युवा हुए बेरोजगार : बिक्रम ठाकुर

**शिमला, 2 मई (देशबन्धु)।** हिमाचल प्रदेश में पिछले 16 महीने से कांग्रेस की सरकार हिमाचल प्रदेश में कार्यरत उद्योग और बड़े-छोटे इंडस्ट्रीज के लिए जिस प्रकार की परिस्थितियां सरकार ने बनाई है उस कारण से लगातार इंडस्ट्रीज यहाँ से जा रही है। पूर्व उद्योगमंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र प्रभारी बिक्रम ठाकुर ने शिमला में आयोजित प्रैस वार्ता में कहा कि पिछले पांच वर्षों में जयराम ठाकुर की सरकार थी और उस सरकार के समय में केंद्र सरकार से मिलकर जो बड़ी बड़ी योजनाएं लेकर हम लोग आये थे, आज वो सभी योजनाएं ठंडे बस्ते में चली गई हैं। उन्हांने सुक्खू सरकार पर आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की उद्योगनीति सहीं नहीं हैं जिसके कारण हिमाचल से उद्योगों का पलायन हुआ हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना का गला घोटने का कार्य इस सरकार ने किया हैं। इस योजना के कारण से बहुत बड़ा काम पिछली सरकार के समय में हुआ। जिससे नौजवान 1 करोड़ रूपये तक के प्रोजेक्ट लगवा सकते थे। लगभग 4228 यूनिट नए लगे और 200 करोड़ रूपये की सब्सिडी रिलीज की गई थी, परन्तु आज स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना को इस सरकार ने समाप्त कर दिया हैं और 200 करोड़ रूपये की देनदारी लंबित हैं। जिसमें ऊना के 150 के लगभग केसिस पेंडिंग पड़े हैं। 8 करोड़ रूपये की सब्सिडी नौजवान बच्चों की फंसी हुई है।

### दैवीय आपदा के कारण दौड़े प्रदेश के 7 जिलों के अधिकारी

## चारधाम यात्रा की तैयारियों को परखने के लिए की गई मॉक ड्रिल

**देहरादून,** 2 मई (देशबन्धु) । उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो रही है। ऐसे में यात्रा तैयारियों को परखने के लिए गुरुवार को उत्तराखंड के सात जिलों में मॉकड्रिल की गई। मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान देहरादून जीजीआईसी स्कूल में आई आपदा में घायल हुए लोगों को उपचार के

■ **कहीं गंगा का जल स्तर बढ़ा तो कहीं आया तीव्र भूकंप तो कहीं हुआ भू-स्खलन**

लिए दून अस्पताल लाया गया । वहीं हरिद्वार में गंगा में कुछ लोग डूब गए। आपदा और बचाव राहत दल तत्काल घाट पर पहुंचा। डूबते हुए व्यक्तियों को बचाया। इस दौरान कुछ को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं जिलाधिकारी ने यात्रा के दौरान भगदड़ की सूचना पर तत्काल नोडल अधिकारियों की आपात बैठक बुलाई। रोशनाबाद में बैठक संपन्न हुई । बचाव दल और कंट्रोल रूम को अलर्ट किया गया । यह पूरी प्रक्रिया माक ड्रिल के तहत हरिद्वार जिले में पूरी की गई। तैयारी और व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे इसके लिए जिलाधिकारी ने विशेष निर्देश दिए । उत्तरकाशी जिले में मॉकड्रिल के दौरान कुछ कमियां पाई गई, जिसके बाद



शासन की ओर से नई गाइडलाइन बनाई गई। नई गाइडलाइन के आधार पर दोबारा मॉकड्रिल करवाई जाएगी। टिहरी और देहरादून जिले में भी आपदा प्रबंधन मॉक अभ्यास किया गया। आपदा से निपटने के लिए गुरुवार सुबह उत्तरकाशी जिला अस्पताल में मॉकड्रिल करवाई गई, लेकिन मॉकड्रिल में कुछ कमियां पाई गईं। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी जयकिशन, अपर जिलाधिकारी रजा अब्बास सहित सभी जिम्मेदार अधिकारी आपदा नियंत्रण कक्ष पहुंचे। इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम (आईआरएस) को सक्रिय कर आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी संसाधनों को तत्काल स्टेजिंग एरिया पहुचने के निर्देश दिए गए हैं।

**सार संक्षेप**

### देश बाबा साहब के संविधान से चलेगा : अनुराग ठाकुर

**शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि यह देश किसी फतवे या फरमान से नहीं बल्कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान से चलेगा। तुष्टिकरण की पोषक रही कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अब वोट जिहाद के एजेंडे पर है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति करती है इसीलिए उसने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों का आरक्षण छीन कर मुसलमानों को दिया। भारतीय जनता पार्टी हमेशा से एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण की पक्षधर रही है और सिर्फ़ तुष्टिकरण के लिए किसी विशेष धर्म को आरक्षण के देने के सख्त खिलाफ है। भाजपा ने विकास किसी कि जाति और धर्म को देखकर नहीं किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में देश में बम धमाके होते थे और सरकार कुछ नहीं करती थी। हमारी सरकार आई तो हमने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने माफिया राज खत्म किया और केंद्र में मोदी की सरकार ने देश से आतंकवाद खत्म किया।

### वनों को बचाने के लिए वन विभाग एक्शन मोड़ में

**बागेश्वर।** अराजक तत्वों से वनों को बचाने के लिए वन विभाग एक्शन मोड में आ चुका है। जंगल जलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर अराजक तत्वों को पकड़ने के लिए ड्रोन कैमरे का सहारा लिया जा रहा है। विभागीय अधिकारी संवेदनशील क्षेत्रों में वाहनों से नियमित गश्त कर लोगों को वनों को आग से बचाने के लिए जागरूक भी कर रहे हैं। प्रदेश में वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों से फील्ड में उतरने और जंगलों को बचाने के लिए वृहद कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। जिले में इसका असर दिख रहा है। वन विभाग के रेंजर गश्ती वाहन से नियमित जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

### उत्तराखण्ड के 50 मसाले मेनुफेक्चरिंग युनिट से लिए जाएंगे सैंपल

**देहरादून।** त्योहारी सीजन के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले सामने आते रहे हैं। जिस पर लगाम लगाने को लेकर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, छापेमारी कर कार्रवाई करता रहा है। इसी बीच हाल ही में खाद्य मसाला बनाने वाली दो बड़ी कंपनियों लेकर कई देशों में सवाल खड़े हुए हैं। इसके चलते भारत सरकार ने मसालों की गुणवत्ता को जांचने के लिए देश के सभी राज्यों को निर्देश दिए थे। इसी क्रम में अब उत्तराखंड में निर्मित होने वाले सभी खाद्य मसालों की जांच की जाएगी।

### सुडोकू 6543 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 | 5 |

### 250 करोड़ रुपए के स्कॉलरशिप घोटाले की जांच

## सीबीआई ने प्रदेश के 2506 सरकारी स्कूलों को क्लीन चिट दी

**शिमला,** 2 मई (देशबन्धु)। 250 करोड़ रुपए के स्कॉलरशिप घोटाले की जांच कर रही सीबीआई ने प्रदेश के 2506 सरकारी स्कूलों को क्लीन चिट दे दी है। सीबीआई की ओर से प्रदेश हाईकोर्ट को यह जानकारी स्टेट्स रिपोर्ट के माध्यम से देते हुए कहा गया है कि उच्च शिक्षा निदेशालय के पास स्कॉलरशिप योजना के तहत शिक्षण कार्य से जुड़ी 2772 संस्थाएं पंजीकृत है। इनमें से 2506 संस्थाएं सरकारी हैं जिनमें स्कॉलरशिप घोटाले अथवा ऐसे अपराध की कोई गुंजाइश नहीं है। स्टेट्स रिपोर्ट के माध्यम से बताया गया कि बाकि बची 266 निजी संस्थाओं में से सीबीआई ने केवल 28 संस्थाओं की जांच की। इन 28 संस्थानों ने कुल स्कॉलरशिप के 90 फीसदी हिस्सा का दावा किया था जो 95 लाख से लेकर 39 करोड़ रूपए तक का सामने आया है। जांच के दौरान 20 निजी संस्थान घोटाले में संलिप्त पाए गए जबकि 8 निजी संस्थानों को भी क्लीन चिट दे दी गई है। मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के पश्चात सीबीआई को अन्य बचे हुए निजी संस्थानों की जांच करने की संभावनाएं तलाशने के आदेश दिए। कोर्ट ने




इस बाबत 27 सितम्बर तक इस बाबत स्टेट्स रिपोर्ट दायर करने के आदेश भी दिए। कोर्ट ने प्रार्थी श्याम लाल द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करने के पश्चात उपरोक्त आदेश पारित किए।

# तय डेडलाइन में पूरे हो श्री केदारनाथ के पुनर्निर्माण कार्य : राधा रतूड़ी

### मुख्य सचिव ने किया श्री केदारनाथ धाम का निरीक्षण

■ अमरनाथ तिवारी

**रूद्रप्रयाग,** 2 मई (देशबन्धु) । मुख्य सचिव उत्तराखण्ड राधा रतूड़ी ने गुरुवार को श्री केदारनाथ धाम पहुंचकर पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का जायजा लेते हुए समीक्षा की। इस दौरान

■ **अतिरिक्त मजदूर लगाकर यात्रा से पहले कार्य अनिवार्य रूप से पूरे करने के दिए निर्देश**

उन्होंने विभिन्न निर्माण एवं पुनर्निर्माण कार्यों की रफ्तार बढ़ाते हुए 10 मई को श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी अनिवार्य कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके लिए अतिरिक्त मजदूर एवं संसाधन इस्तेमाल करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। एक दिवसीय केदारनाथ भ्रमण पर मुख्य सचिव उत्तराखण्ड, पर्यटन विभाग उत्तराखंड



सरकार के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) भास्कर खुल्बे, डीजीपी अभिनव कुमार, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे करीब 7:45 बजे हेलिकॉप्टर से केदारनाथ हैलीपैड पर पहुचें। उन्होंने जिलाधिकारी एवं लोनिवि के अधिकारियों से वर्तमान में गतिमान पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी ली। जिसके बाद मंदाकिनी-सरस्वती घाट, गेस्ट हाउस, अस्पताल, अस्था पथ, केदारनाथ मंदिर परिसर सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लेते हुए तय डेडलाइन से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अस्था पथ एवं वाटर एटीएम सहित अन्य अनिवार्य कार्यों पर अतिरिक्त लेबर लगाने के निर्देश संबंधित विभागों को देते हुए यात्रा शुरू होने से पहले सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो। इसके साथ ही जिलाधिकारी को अधिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गोल चबूतरे से मंदिर परिसर तक कॉरिडोर का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही सामाग्री में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखने एवं यात्रा सुगमकृ सुव्यवस्थित बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने को भी कहा। करीब 10:30 बजे मुख्य सचिव हैलीपैड से बदरीनाथ के लिए रवाना हुई।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 68 लाख की ठगी करने वाले गिरफ्तार

**देहरादून,** 2 मई (देशबन्धु)। विभिन्न स्टाक ट्रेडिंग व शेयर मार्केट के नाम पर 68 लाख रूपये की ठगी करने वाले को एसटीएफ ने भोपाल से गिफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

गुरूवार को यहां एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिवस पूर्व एक प्रकरण साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन को प्राप्त हुआ जिसमें देहरादून निवासी शिकायतकर्ता को अज्ञात साईबर फ्रॉड मेलिसा नामक महिला ने व्हाट्सएप से वादी के व्हाट्सएप नंम्बर पर मैसेज कर ए7-ब्लैक रोक इंवेस्टर एलांइस नामक व्हाटसएप ग्रुप से जोडना जिसमें किसी एस रामजी को भी ब्लैक रोक इंडिया का चीफ स्टोक एनालाइसीस एवं शेयर मार्केट एक्सपर्ट कहकर जोड़ना जिसके बाद उक्त एस रामजी के द्वारा ग्रुप में शेयर मार्केट ट्रेडिंग के विषय में क्लास देते रहना व उक्त मेलिसा नामक महिला ने लिंक के माध्यम से एक दूसरे व्हाट्सएप ग्रुप एंगल ब्रोकिंग कस्टमर केयर में जोड़कर एक एंगल वन कम्पनी का एप बताकर एंगल एप्प डाउनलोड कराकर शेयर मार्केट में निवेश कर लाभ कमाने के नाम पर व विश्वास में लेकर



**उत्तराखण्ड एसटीएफ ने मध्य प्रदेश से किया गिरफ्तार**

भिन्नकृभिन्न लेनकृदेन के माध्यम से लगभग 68 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गयी इस शिकायत के आधार पर साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन पर मुकदमा दर्ज किया गया। जिसकी जांच साइबर थाने के निरीक्षक देवेन्द्र नबियाल के सुपुर्द की गयी। पुलिस टीम द्वारा पूर्व में जांच व साक्ष्य संलकन के आधार पर 2 आरोपियों विकास त्रिवेदी पुत्र संतोष त्रिवेदी निवासी गोपालनगर, किदवई नगर, खानपुर नगर उत्तर प्रदेश तथा अभिषेक मिश्रा पुत्र वी.के.मिश्रा निवासी संजय गांधी नगर, नौबसता कानपुर नगर उत्तर प्रदेश को धारा 41क सीआरपीसी के नोटिस तामील कराए गए थे। पुलिस टीम द्वारा गहन तकनीकी विश्लेषण व साक्ष्य संकलन कर मुकदमें में एक अन्य आरोपी सनमान सिंह पुत्र सरदार सिंह निवासी मदर इण्डिया कालोनी, ईदगाह हिल्स, थाना शाहजनाबाद, भोपाल, मध्य प्रदेश को भोपाल मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी कम्पनी तैयार कर स्वंय को विभिन्न शेयर मार्केट व स्टॉक ट्रेडिंग कम्पनी के अधिकारी व कर्मचारी बताते हुए आम जनता की गाढ़ी कमाई को हड़पने हेतु व्हाट्सएप कॉल व मैसेज कर स्टॉक ट्रेडिंग व शेयर मार्केट में निवेश की जानकारी देकर लाभ कमाने का प्रलोभन दिया जाता है व उन्हें विश्वास में लेकर विभिन्न फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर लिंक के माध्यम से विभिन्न एप्प डाउनलोड कराकर इन्वेस्टमेण्ट के नाम पर धोखाधडी की जाती है तथा धोखाधडी से प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैक खातो में प्राप्त कर उक्त धनराशि का प्रयोग करते हैं। एसटीएफ ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## हेमकुंड साहिब पहुंचे सेना के जवान, बर्फ हटाने का काम शुरू

**चमोली,** 2 मई (देशबन्धु)। हेमकुंड साहिब के आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम जारी है। सेना एवं यात्रा को संचालित करने वाले गुरुद्वारा ट्रस्ट के सेवादार बर्फ के बीच में से रास्ता बनाते हुए श्री हेमकुंड साहिब की पवित्र भूमि पर पहुंचे। सेना के 35 सदस्य एवं ट्रस्ट के 15 सेवादारों की मौजूदगी में यहां अरदास के बाद गुरुद्वारे प्रांगण के मुख्य द्वार को खोला गया। गुरुद्वारे का मुख्य द्वार खुलने के साथ ही हेमकुंड साहिब से नीचे की और मार्ग पर बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मौसम साफ होते ही सेना के जवानों और गुरुद्वारे के सेवादारों ने हेमकुंड साहिब के आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया था। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग घांघरिया से दो किमी आगे अटलाकोटी ग्लेशियर प्वाइंट से आगे बर्फ से ढका हुआ है। सेना के जवान और सेवादार रविवार को गोविंदघाट से घांघरिया के लिए रवाना हुए थे। उन्हें सोमवार को बर्फ हटाने का काम शुरू करना था, लेकिन मौसम



खराब होने से सोमवार को काम नहीं हो पाया। मंगलवार को मौसम साफ रहा। जिसके बाद सेना के जवानों और सेवादारों ने पहले मार्ग का निरीक्षण किया और फिर बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया गया।

### दून पुलिस ने किया ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय सट्टा गिरोह का भंडाफोड़

# 9 लाख की नगदी के साथ 9 सट्टेबाज गिरफ्तार

■ **सट्टेबाजों के अकाउंट में एक माह में हुआ 20 करोड़ का लेनदेन**

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 2 मई (देशबन्धु)। दून पुलिस ने आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह के नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, लैपटॉप और नौ लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। वहीं उनके खातों से 20 करोड़ रुपए के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के भी साक्ष्य पुलिस के हाथ लगे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि राजपुर थाना पुलिस को क्षेत्र में आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टा लगाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने पुरकुल रोड स्थित ब्राह्मणवाला में बने एक फ्लैट में दबिश देखकर नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि ऑनलाइन सट्टे का पूरा नेटवर्क दुबई से शुभम नाम का व्यक्ति संचालित कर रहा था। वहीं देहरादून में सट्टे का काम सिराज मेनन देख रहा था। आरोपित मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन सट्टे की साइट लेजर टाइगर तथा ऑल पैनल पर जाकर सट्टा खिलवा रहे थे। ऑनलाइन सट्टे की लिंक की आईडी व लिंक शुभम निवासी छत्तीसगढ़ उपलब्ध करवा रहा था।

आरोपितों की पहचान सिराज मेनन निवासी सिविल लाइन निकट साइन मंदिर जिला दुर्ग थाना सिविल लाइन छत्तीसगढ़, सौरव निवासी जिला चिलवाड़ा छत्तीसगढ़, विवेक अधिकारी निवासी कोरबा जिला कोरबा छत्तीसगढ़, लोकेश गुप्ता निवासी पीपल चौराहा मध्य प्रदेश, सोनू कुमार निवासी औरंगाबाद बिहार, मोनू निवासी अंबिकापुर जिला सरगवा छत्तीसगढ़, विकास कुमार निवासी थाना टिकरापारा जिला रायपुर छत्तीसगढ़ और शत्रुघ्न कुमार निवासी सरैया जिला मुजफ्फरपुर बिहार के रूप में हुई है।



**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

अंतरराष्ट्रीय सट्टेबाज गिरोह को गिरफ्तार करने वालों में सीओ मसूरी अनुज कुमार, थानाध्यक्ष राजपुर पीडी भट्ट, वरिष्ट उपनिरीक्षक थाना राजपुर सुमेर सिंह, उपनिरीक्षक संदीप कुमार, नरेन्द्र कोटियाल, कांस्टेबल सुभाष, अमित भट्ट, राजू शर्मा, सुशील पाल, दिशान्त रावत व हेडकांस्टेबल चालक महावीर शामिल रहे।

### सट्टा खेलने के लिए ऑनलाइन लिंक के जरिए तैयार की जाती है आईडी

**देहरादून।** सट्टेबाज ऑनलाईन सटटा खेलने वाले ग्राहकों को एक लिंक भेजते है, जिसे क्लिक करते ही उन्हें एक नंबर उपलब्ध हो जाता है, फिर आरोपी नंबर को व्हाट्सएप से लिंक करके ग्राहक से संपर्क करते हुए उनका व्हाट्सएप डाटाबेस तैयार करते हैं तथा सटटा खिलाने में प्रयुक्त तीनो ग्लोबल साइटों में से ग्राहक की चयनित की गई साइट के माध्यम से उसे व्हाट्सएप के जरिए डिपाजिट स्लिप उपलब्ध कराते हैं जिसमें बैंक की डिटेल दी जाती है, इन बैंक खातों मे ही पैसो का लेनदेन होता है। पेमेंट साइट के बाद ग्राहक की आईडी जेनरेट होती हैं तथा पासवर्ड ग्राहक को उपलब्ध कराया जाता हैं तथा उसके बाद ग्राहक गूगल क्रोम के माध्यम से ग्लोबल साइट को खोलकर ऑनलाइन सटटा लगाता है। धनराशि जीतने पर ग्राहक व्हाटसएप के माध्यम से आरोपियों से सम्पर्क करता है, जिनसे आरोपी एक ऑनलाइन विड्रॉल फार्म भरवाकर पैसे उनके खाते में ट्रांसफर करते हैं।

# प्रादेशिकी

**मेधावियों का सम्मान हमारा सौभाग्य: देवेन्द्र कुमार**

**मवाना।** गुरूवार को नगर स्थित कृषक इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त आने वाली छात्रा हादिया कुरैशी को 21000 रूपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा खुशी कनौजिया को 11000 रूपए नकद, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर व मैडल पहना कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने कहा कि जनपद के 49000 छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा कर सर्वोच्च अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मैं विद्यालय परिवार की ओर से समस्त मेधावीयों को हर सम्भव सहयोग का आश्वासन देता हूँ एवं इस प्रकार विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को निरन्तर सम्मानित कर प्रोत्साहित करने का आश्वासन देता हूं।

## भीषण गर्मी को देखते हुए परिवहन निगम ने दिए यात्री सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश

### एमडी ने सभी नोडल अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में बस स्टेशनों के निरीक्षण का दिया आदेश

**लखनऊ,** 2 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए योगी सरकार यात्रियों की सुविधाओं और उन्हें राहत प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी की ओर से सभी नोडल अधिकारियों को बस स्टेशनों का निरीक्षण करने और यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, परिवहन निगम की बसों में ड्राइवर व कंडक्टरों की स्थिति की समीक्षा करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि इस संबंध में प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू द्वारा भी मुख्यालय में बैठक की गई थी तथा यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर दिशा निर्देश प्रदान किए गए थे। गुरुवार को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अंदर सभी नोडल अधिकारी अपने क्षेत्रों में जाएं और बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एमडी मालूम अली सरवर ने विशेष रूप से भीषण गर्मी में यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेने और उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके तहत विशेष कर गर्मी में पीने का पानी, वाटर कूलर, टॉयलेट की सफाई, एसी वेटिंग हॉल का रखरखाव समेत अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण करने को कहा है। इसके साथ ही ऑफ रोड बसों की स्थिति, कंडक्टर व ड्राइवर की शॉर्टेज की स्थिति की समीक्षा करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा गया है, ताकि गर्मी में इन समस्याओं का निराकरण करते हुए यात्रियों को सुविधा प्रदान की जा सके। निर्देशों के क्रम में परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक (संचालन) अंकुर विकास ने बुधवार को ही मुख्यालय के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आलमबाग बस स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शौचालय की सफाई, वाटर कूलर एवं एसी वेटिंग हॉल इत्यादि में सुविधाओं का जायजा भी लिया गया।




■ **एक सप्ताह के अंदर सभी नोडल अधिकारी अपने क्षेत्रों में जाएं और बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लें**

## पौधशाला के निरीक्षण के लिए एएस इंटर कॉलेज पहुंचे मुख्य वन संरक्षक

**मवाना,** 2 मई (देशबन्धु)। मुख्य वन संरक्षक सुधीर कुमार शर्मा ने गुरूवार को मवाना ए एस इंटर कॉलेज स्थित पौधशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागिय अधिकारियों से साल जिले में कराए गए पौधरोपण कार्यों की रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि पौधरोपण अभियान के साथ पौधों के रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए जिससे कि हरित आवरण क्षेत्र में बढ़ोत्तरी हो सके। संरक्षित वन क्षेत्र में पौधरोपण कार्यों के लिये वन विभाग द्वारा अपनी ही पौधशालाओं में पौध तैयार की जाती है। इस साल भी पौधरोपण अभियान के लिये पौधशालाओं में पौधे तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है। गुरूवार को मुख्य वन संरक्षक सुधीर कुमार शर्मा ने मुख्य वन संरक्षक मेरठ जोन एमके जानू, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग राजेश कुमार, उप्रभागीय अंशु चावला के साथ ए एस इंटर कॉलेज में वनपौधशाला का निरीक्षण किया। पौधशाला में खासतौर से शीशम, सागौन, नीम, अर्जुन के वृक्षों की पौध तैयार की गई है। मुख्य वन संरक्षक ने कहा कि यहां कि मृदा में जो वृक्ष तेजी से ग्रोथ करते हैं उन्हीं की पौध ज्यादा लगाई जाए, जिससे कि हरित आवरण क्षेत्र में बढ़ोत्तरी हो सके। बीते साल हुए पौधरोपण कार्यों की भी उन्होंने रिपोर्ट देखी। प्रभागीय वनाधिकारी बीआर अहिरवार भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। सर्दी के मौसम में नर्सरी के पौधो में कक्षाओं का संचालन गुरूवार को नगर स्थित ए एस इंटर कॉलेज में पौधाशाला के निरीक्षण के लिए पहुचें मुख्य वन संरक्षक सुधीर कुमार ने सर्दी के मौसम में छात्र-छात्राओं को नर्सरी में पौधों की कक्षाओं का संचालन किया जाने के साथ छात्र छात्राओं को पौधों के साथ उनके बीजों की जानकारी दिये जाने के निर्देश दिए।

■ **मृदा में तेजी के ग्रोथ करने वाले पौधों की तैयार की जाए पौध**



## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक आयोजित

## हाजी आस मोहम्मद को प्रदेश मंत्री बनाया

**मवाना,** 2 मई (देशबन्धु)। गुरूवार को पीटर इंग्लैंड के शोरूम प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल जिला अध्यक्ष राजकुमार त्यागी की अध्यक्षता में नगर के व्यापार मंडल की बैठक आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने व्यापारियों की समस्या सुनी और व्यापारियों से ऑनलाइन ट्रेडिंग के बारे में जागरूक होने के लिए कहा उन्होंने कहा आने वाला समय व्यापारियों के लिए कठिनाइयां भरा है उन्होंने कहा ऑनलाइन शॉपिंग से खुदरा व्यापारियों का व्यापार समाप्त हो रहा है व्यापारी भूखे मरने के कगार पर है और सरकार छोटे व्यापारियों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है उन्होंने सभी व्यापारियों को ऑनलाइन शॉपिंग नहीं करने की शपथ दिलाई जिला अध्यक्ष राजकुमार त्यागी ने व्यापारियों से एकजुट होने के लिए कहा। बैठक में हाजी आस मोहम्मद को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया। बैठक मैं शराफत अंसारी, शराफत अंसारी, हाजी आबाद कुरैशी, शकील कुरैशी, शौकत अंसारी, सरताज अंसारी, नई मालिक, नूरुद्दीन सैफी, इकराम इलाही, नौशाद इलाही, गुफरान अंसारी, समद अंसारी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।



## फाईन आर्ट्स विभाग में चल रही कला प्रदर्शनी का समापन

**मेरठ,** 2 मई (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ के फाईन आर्ट्स विभाग द्वारा चल रही दो दिवसीय कला प्रदर्शनी का समापन हुआ । समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महा विद्यालय के निदेशक इंजि. विकास कुमार रहे, मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रवजल्लित कर आज दूसरे दिन की कला प्रदर्शनी की शुरुआत की। इस दौरान महाविद्यालय की डीन एकता सिंधु, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, फाईन आर्ट्स विभागाध्यक्ष इंदू प्रजापति, एवं सहायक प्रोफेसर गुलफशा इत्यादि मौजूद रहे। दुसरे दिन भी फाईन आर्ट्स के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुवे अपने द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स 3डी वर्क स्क्रिप्चर क्लॉथ पेंटिंग, कपड़ों पर चित्रकारी को बहुत ही अच्छे तरीके से प्रदर्शित किया। छात्र-छात्राओं की मेहनत प्रदर्शनी में लगी पेंटिंग में साफ नजर आ रही थी। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स की सराहना की और कहा कि प्रर्दशनी से हमारे छात्र छात्रोंओ का आत्मविश्वास बढ़ा है और उन्हें और बेहतर करने की प्रेरणा भी मिली है।



## शोभित विवि में इनोवेशन स्टेशन आइडियाथॉन 2024 का आयोजन

### स्टार्टअप में कामयाबी के लिए मजबूत योजना जरूरी: खालिद वाणी

**मेरठ,** 2 मई (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के उद्यमिता सेल द्वारा इनोवेशन स्टेशन आइडियाथॉन 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे छात्रों को स्टार्टअप विफलताओं की जटिलताओं की अंतर्दृष्टि से लैस करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया था, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय की उभरती प्रतिभाओं के बीच उद्यमशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देना था।

स्टार्टअप इकोसिस्टम की प्रतिष्ठित हस्तियो की उपस्थिति में ज्ञान और अनुभवों का गहन आदान-प्रदान हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टार्टअप क्षेत्र के दिग्गज श्री खालिद वानी फाउंडर एंड सीईओ केडब्लूसीजी और निर्देशक वन कैपिटल एनबीएफसी ने उद्यमशीलता परिदृश्य में अपनी यात्रा से प्राप्त अपनी अमूल्य अनुभव छात्र छात्राओं के साथ साझा किये। उन्होंने छात्रों को बताया की आज कल के स्टार्टअप क्यों फेल हो रहे है और उसके पीछे का कारण क्या है। उन्होंने छात्रों को बताया कि जब बिजनेस के अंदर कोई भी उतार चढ़ाव आते हैं तो उसमें हमें घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने बताया कि सफल स्टार्टअप के लिए एक मजबूत व्यवसाय योजना होना आवश्यकता होता है। ई-सेल के छात्र प्रतिनिधि नवनीत ने सभी के स्वागत के साथ कार्यक्रम शुरु किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) जयानंद ने अपने प्रेरक शब्दों से सबको आच्छादित किया। ई-सेल के छात्र अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को संक्षेप में रेखांकित किया, जिसमें भविष्य में एक समृद्ध अनुभव की रूपरेखा शामिल थी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण निस्संदेह खालिद वानी का आकर्षक संभाषण था, जहां उपस्थित लोग उनकी कहानियों और ज्ञान के मोतियों से मंत्रमुग्ध हो गए। एक दिलचस्प मिनी शार्क टैंक सत्र के साथ उत्साह और बढ़ गया, जहां विभिन्न टीमों ने जजो के एक पैनल के सामने अपनी व्यावसायिक योजना का प्रदर्शन किया। जज द्वारा प्रदान की गई प्रतिक्रिया से प्रतिभागियों को रचनात्मक आलोचना और कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई।

मिनी शार्क टैंक में विजयी तेजस राज और उनकी टीम ने पहला स्थान हासिल किया, उसके बाद रोशन और उनकी टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के संरक्षिका डॉ. एवगेनिया झारिकोवा रही। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी के योगदान के लिए सभी प्रतिभागियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। ई-सेल के संकाय सलाहकार डॉ. नवनीश त्यागी ने कार्यक्रम को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक गण एवं छात्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

■ **उभरती प्रतिभाओं के बीच उद्यमशीलता की संस्कृति को दिया गया बढ़ावा**

■ **प्रतिष्ठित हस्तियों ने ज्ञान व अनुभवों को किया साझा**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मवाना (मेरठ)

पत्रांक : 86 /कर विभाग/न0पा0परि0/2023-24 दिनांक : 02-05-2024

:: विज्ञप्ति ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् मवाना कर निर्धारण सूची में भवन कर में प्रस्तुत किये गये साक्ष्यो, पंजीकृत बैनामा/विरासत के आधार पर उनके सामने अंकित भवन संख्या अपना नाम बतौर स्वामी दर्ज करने हेतु प्रार्थना-पत्र दिए गये है ! उक्त नामांतरण की कार्यवाही हेतु नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 147(2) के अंतर्गत सूचना जारी की जाती है, यदि आप किसी व्यक्ति को भवन नामान्तरण की कार्यवाही पर कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर कार्यालय में किसी कार्यशील दिवस में पर्सुतुत कर सकता है ! वाद निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा !

| क्रम सं0 | नाम क्रेता/पिता का नाम | विक्रेता | म0स0 | वर्ष | मोहल्ला | साक्ष्य आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुरेन्द्र, कुलदीप, प्रदीप पुत्र कस्तूरी लाल | कस्तूरी लाल पुत्र गेंदा लाल | 623, 624 | 2024-25 | हीरालाल | मृत्यु वसीयत नामा |
| 2 | मौ० हाशिम पुत्र अ० रशीद | मोमीना पत्नि मौ० शमीम | 58/5 | 2024-25 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 3 | मौ० साकिब 1/2 सादिक) 1/2 पुत्र इस्लामुद्दीन | इस्लाम पुत्र बसीरुद्दीन | 2915, 2116, 2917, 2918 | 2024-25 | क० सिंह | बैनामा |
| 4 | शिवानी पत्नि आशीष | बिशन पुत्र मिठवा | 450 | 2024-25 | का० गेट | बैनामा |
| 5 | गीता राठी पत्नि जितेन्द्र राठी, प्रतीक राठी व स्वाती राठी पुत्र जितेन्द्र राठी | जीतेन्द्र पाल पुत्र पितम सिंह | 1986 | 2024-25 | मुन्नालाल | मृत्यु वारीसान |
| 6 | पंकज बजाजपुत्र ओमप्रकाश | योगेश अग्रवाल पुत्र जगदीश प्रसाद | 1984 | 2024-25 | तिहाई | बैनामा |
| 7 | सुरेश पाल पुत्र भूले सिंह | अजय कुमार पुत्र मुलक राज | 991 | 2024-25 | का०गेट | बैनामा |
| 8 | सबीला पत्नि हारून | बीना पत्नि तिलक राम | 1426 | 2024-25 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 9 | स्वाती रस्तोगी पत्नि विकास रस्तौगी | आकांशा वेलफेयर सोसाइटी | 1228/74 | 2024-25 | का०गेट | बैनामा |
| 10 | मनु पुत्र संजीव कुमार | सुशीला देवी पत्नि राम किशोर | 34 | 2024-25 | क०सिंह | दानपत्र |
| 11 | प्रमोद कुमार पुत्र जय भगवान | राजेश कुमार पुत्र जय भगवान | 582 | 2024-25 | तिहाई | दानपत्र |
| 12 | प्रियपाल व अमित पुत्र गंगाशरण | गंगा शरण पुत्र किशोरी | 1918 | 2024-25 | तिहाई | मृत्यु वसीयत नामा |
| 13 | मौ० सलीम पुत्र शरीफ अहमद | शोभा सिंह पुत्र अमीचंद | 876 | 2024-25 | हीरालाल | वारीसान बैनामा |
| 14 | अनुपम रस्तोगी पत्नि अशोक कुमार | देवांशु रस्तोगी पुत्र अतुल | 2742 | 2024-25 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 15 | रविन्द्र कुमार पुत्र लच्छू सिंह | संतोष यादव पत्नि रणवीर सिंह | 1348/1 | 2024-25 | का०गेट | बैनामा |
| 16 | गुलशमा पत्नि हुस्ने आलम | रफत आलम पुत्र शमशुद्दीन | 158 | 2024-25 | तिहाई | बैनामा |
| 17 | मौ० मुजम्मिल पुत्र मौ० शमीम | आयशा पत्नि फौजी | 1194/5 | 2024-25 | हीरालाल | बैनामा |
| 18 | मनीष कुमार पुत्र इश्वर दयाल, मोनिका पत्नि अमरीश कुमार गोला, पूनम पत्नि विरेन्द्र कुमार | रमेश चन्द, सुरेश चन्द, इश्वर दयाल, रवि कुमार पुत्र मुख्त्यार | 676 | 2024-25 | हीरालाल | पारिवारिक/आपसी बटवारा |
| 19 | इशरत पत्नि अशफाक | मुशर्रफ पुत्र अशरफ | 941/1 | 2024-25 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 20 | अमित वर्मा पुत्र राकेश वर्मा | तारा देवी पत्नि किशन | 450 | 2024-25 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 21 | शोएब (ना०बा०) पुत्र नफीस संरक्षक वली माता हकीकी गुलशन | नवाबुद्दीन, मेहराजुद्दीन, नफीस, रहीसुद्दीन, फकरूद्दीन | 1893, 1892 | 2024-25 | क०सिंह | बैनामा |
| 22 | गौरव गुप्ता पुत्र जगमोहन गुप्ता | रीना पत्नि सुभाष चन्द | 59, 59/1 | 2024-25 | हीरालाल | बैनामा |
| 23 | सतेन्द्र कुमार पुत्र अमर सिंह | सीतो पत्नि अमर सिंह | 492/1 | 2024-25 | हीरालाल | मृत्यु वारीसान |
| 24 | विष्णु शरण पुत्र सत्य प्रकाश, विकास कुमार पुत्र सत्यप्रकाश | सत्य प्रकाश पुत्र कुंदन लाल | 649 | 2024-25 | मुन्नालाल | मृत्यु वारिसान |
| 25 | राजीव जैन पुत्र सतेन्द्र जैन | सुरेन्द्र कुमार पुत्र रघुवीर जैन | 2325 | 2024-25 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 26 | राजीव जैन पुत्र सतेन्द्र जैन | संजय कुमार, अजय कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार | 2317 | 2024-25 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 27 | गीता पत्नि योगेन्द्र सिंह | योगेन्द्र कुमार पुत्र भोपाल सिंह | 593/1 | 2024-25 | का०गेट | मृत्यु वारीसान |
| 28 | राज बाला पत्नि सुरेन्द्र पाल रस्तोगी | शोभाराम पुत्र बलवंत व मुन्नी देवी पत्नि प्रणवीर व सचिन, अक्षय, आकाश पुत्रगण प्रणवीर | 301 | 2024-25 | हीरालाल | बैनामा |
| 29 | शिवम दुबलिश पुत्र हरिओम दुबलिश | जगपाल सिंह पुत्र सूरजमल | 1228/40 | 2024-25 | का०गेट | बैनामा |
| 30 | सागर रस्तोगी पुत्र मनोज कुमार रस्तोगी | आकाश रस्तोगी पुत्र मनोज रस्तोगी | 2453 | 2024-25 | मुन्नालाल | दान पत्र |
| 31 | कविता पत्नि जितेन्द्र कुमार | पुष्पा शर्मा पत्नि राकेश शर्मा | 1868 | 2024-25 | तिहाई | बैनामा |
| 32 | मुहीब बानो पत्नि सरफराज नवाब हैदर | फरीदा पत्नि मौ० इसरार | 1435 | 2024-25 | तिहाई | बैनामा |
| 33 | अभिषेक रस्तोगी पुत्र चन्द्र शेखर, आभा रस्तोगी पत्नि चन्द्र शेखर | शेखर पुत्र मूल चन्द व प्रेमवती पत्नि मूलचंद | 761-762 | 2024-25 | हीरालाल | मृत्यु वारीसान |
| 34 | शबनम पत्नि चन्द मौ० | इंतजार पुत्र अकबर अली | 1652 | 2024-25 | क० सिंह | बैनामा |
| 35 | शबनम पत्नि चन्द मौ० | इंतजार पुत्र अकबर अली | 1653 | 2024-25 | तिहाई | बैनामा |
| 36 | नरेश कुमार, बिजेंद्र कुमार पुत्र स्व० चमन लाल | चंदो पत्नि स्व० चमन लाल | 939 | 2024-25 | का०गेट | मृत्यु वारीसान |
| 37 | सविता पत्नि शौकिन्द्र कुमार | शोकिन्द्र, रविन्द्र कुमार पुत्र किशनपाल | 1957/1 | 2024-25 | का०गेट | दान पत्र |
| 38 | शिव कुमार पुत्र दिमाग सिंह | दिमाग सिंह पुत्र खजान सिंह | 1169 | 2024-25 | का०गेट | मृत्यु वारिसान |
| 39 | ज्योति प्रसाद पुत्र छज्जन सिंह | परेम्श्वरी पत्नि टीकम सिंह | 1641-42 | 2024-25 | तिहाई | मृत्यु बैनामा |
| 40 | मनीष कुमार पुत्र ईश्वर दयाल, मोनिका गोला पत्नि अमरीश गोला, पूनम पुत्र विरेन्द्र कुमार | सुरेन्द्र चौहान, सुरेश चौहान पुत्र राम किशन | 1943 | 2024-25 | का०गेट | बैनामा |
| 41 | सबीला पत्नि हारून | नवाब पुत्र मौ० हनीफ | 1427 | 2024-25 | मुन्नालाल | बैनामा |

(राजीव कुमार)
अधिशासी अधिकारी



# इंडिया गठबंधन व राजग के कई प्रत्याशी अचानक सुर्खियों में

## मीडिया, सोशल मीडिया, गूगल सर्च पर इनके बारे में लोग ले रहे जानकारी

**पटना,** 2 मई (एजेंसियां)। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 में इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई प्रत्याशी अचानक से सुर्खियों में आ गए हैं।

बिहार की 40 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में कराये जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन और राजग के कई प्रत्याशी अचानक सुर्खियों में आ गए हैं। चुनाव के घोषणा के पूर्व तक शायद ही किसी को अंदाजा था कि वे चुनाव मैदान में दिखाई देंगे लेकिन मौजूदा परिप्रेक्ष्य में इंडिया गठबंधन और राजग के प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं और सुर्खियों में आ गए हैं।

इंडिया गठबंधन में शामिल राजद के कई प्रत्याशी इन दिनों मीडिया में सुर्खियों में बने हुए हैं। जमुई (सु) से राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास ने अपनी किस्मत आजमायी है। अर्चना रविदास मुंगेर के राजद नेता अविनाश कुमार विद्यार्थी उर्फ मुकेश यादव की पत्नी हैं और उनका मायका जमुई क्षेत्र में है। मुकेश यादव ने वर्ष 2020 में मुंगेर विधानसभा क्षेत्र से राजद के टिकट पर चुनाव लड़ा था, जहां उन्हें भाजपा के प्रणव कुमार ने मात दी थी। अर्चना रविदास ने तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय से स्नातक और पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। इससे पहले अर्चना रविदास को परिवार से बाहर के लोग शायद ही जानते थे, लेकिन अब उन्हें हर कोई जानने लगा है। अर्चना रविदास अपने रील्स और वीडियो को लेकर भी सोशल मीडिया मे सुर्खियों में रहती है।



मुंगेर संसदीय सीट से चुनाव लड़ रही अनीता देवी महतो, बाहुबली अशोक महतो की पत्नी हैं। अनीता देवी महतो का नाम पहली बार मार्च 2024 में सुर्खियों में तब आया था, जब उन्होंने अपनी उम्र से काफी बड़े अशोक महतो से शादी की थी। मूल रूप से लखीसराय की रहने वाली अनीता देवी महतो पेशे से फार्मसिस्ट हैं। वह शादी से पहले उत्तर रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल, नई दिल्ली में चीफ फार्मसिस्ट थी। अशोक महतो बहुचर्चित नवादा जेल ब्रेक कांड में 17 साल की सज़ा काट चुके हैं। अशोक महतो पर ही वेब सीरीज 'खाकी द बिहार चैप्टर' बनी थी। यह सीरीज बिहार के नामी भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी अमित लोढ़ा की किताब 'बिहार डायरीज' पर आधारित है।

इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस के टिकट पर समस्तीपुर (सु) से समाजवाद के पुरोधा पूर्व विधायक-सांसद रामसेवक हजारी के पौत्र और पूर्व सांसद महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। बिहार सरकार में सूचना जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी भी इन दिनों काफी चर्चा में हैं।

इंडिया गठबंधन में ही शामिल विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के टिकट पर गोपालगंज (सु) से चुनाव लड़ रहे प्रेमनाथ चंचल उर्फ चंचल पासवान भी मीडिया में चर्चा में हैं। प्रेमनाथ चंचल उर्फ चंचल पासवान (भाजपा) के अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष ई. सुदामा मांझी के पुत्र हैं। प्रेमनाथ चंचल ने जे.पी विश्वविद्यालय छपरा से रसायन विज्ञान से एमएससी की डिग्री हासिल की है। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से बचपन से ही जुड़े रहे हैं। वह पेशे से गैस एजेंसी के मालिक हैं।

इंडिया गठबंधन के घटक वामदल में शामिल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के टिकट पर खगड़िया संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे संजय कुमार भी अचानक से सुर्खियों में आ गए हैं। वह पूर्व विधायक योगेन्द्र सिंह के पुत्र और विभूतिपुर के विधायक अजय कुमार के भाई हैं।

राजग में शामिल चिराग पासवान की पार्टी लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के तीन प्रत्याशी भी इन दिनों खूब सुर्खियों में हैं। समस्तीपुर (सु) से चुनाव लड़ रही शांभवी चौधरी बिहार सरकार में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की पुत्री और महावीर मंदिर न्यास के सचिव और पूर्व आइपीएस अधिकारी किशोर कुणाल की बहू और सायण कुणाल की पत्नी हैं। शांभवी चौधरी के दादा स्वर्गीय महावीर चौधरी भी बिहार सरकार में मंत्री और कई बार विधायक थे। शांभवी चौधरी ने स्नातक की पढ़ाई देश के जाने-माने कॉलेज लेडी राम कॉलेज और पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से की है। शांभवी फिलहाल मगध यूनिवर्सिटी से पीएचडी भी कर रही हैं।

# चुनाव आयोग ने की पंजाब के लिए 15 व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

- 13 संसदीय सीटों के लिए एक जून को मतदान
- चुनावी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी

**चंडीगढ़,** 2 मई (एजेंसियां)। भारत निर्वाचन चुनाव आयोग (ईसीआई) ने पंजाब के सभी 13 क्षेत्रों के लिए 15 व्यय पर्यवेक्षकों की पेशकश की है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी. ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पर्यवेक्षकों को प्रचार के दौरान उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा किए गए खर्च की निगरानी करने, चुनाव व्यय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिबिन सी. ने कहा कि नियुक्त पर्यवेक्षक प्रतिष्ठित भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि हर्षद एस. वेंगुर्लेकर को गुरदासपुर, बड़े गणेश सुधाकर को अमृतसर, अनुराग त्रिपाठी को खडूर साहिब, माधव देशमुख को जालंधर (आरक्षित) और पवन कुमार खेतान को होशियारपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त किया गया है।

इसी तरह, शिल्पी सिन्हा को आनंदपुर साहिब, पंकज कुमार और चेतन डी. कलमकर को लुधियाना और अखिलेश कुमार यादव व नंदिनी आर. नायर को बठिंडा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त किया गया है।

फतेहगढ़ साहिब के लिए आनंद कुमार, फरीदकोट के लिए मनीष कुमार, फिरोजपुर के लिए नागेंद्र यादव, संगरूर के लिए अमित संजय गौरव और पटियाला के लिए मीतू अग्रवाल को भी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक पर्यवेक्षक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पंजाब में सभी 13 संसदीय सीटों के लिए एक जून को मतदान होगा।

# कई करोड़पति चुनाव मैदान में पेम्मासानी चंद्रशेखर सूची में सबसे आगे

## आंध्र प्रदेश विधानसभा और लोकसभा का चुनाव एक साथ

**अमरावती,** 2 मई (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा का चुनाव एक साथ हो रहा है। इसमें कई करोड़पति मैदान में हैं। गुंटूर लोकसभा क्षेत्र से तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के उम्मीदवार पेम्मासानी चंद्रशेखर इस सूची में सबसे आगे हैं।

5,705 करोड़ रुपए से अधिक की पारिवारिक संपत्ति के साथ, एनआरआई चिकित्सा पेशेवर देश में सबसे अमीर उम्मीदवार हो सकते हैं। 'यूवर्ल्ड' के संस्थापक और सीईओ पहली बार चुनाव में उतरे हैं। वह 13 मई के चुनाव में अपनी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं।

गुंटूर जिले के बुर्रिपालेम गांव के रहने वाले चंद्रशेखर ने 1999 में हैदराबाद के उस्मानिया मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया। बाद में वह अमेरिका चले गए और अपना पोस्ट-ग्रेजुएशन पूरा किया।

48 वर्षीय चंद्रशेखर ने अमेरिका में पेन्सिलवेनिया के डेनविले में गेइज़िंगर मेडिकल सेंटर से आंतरिक चिकित्सा में एम.डी. किया है। उन्होंने जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय में एक संकाय के रूप में कार्य किया और एक डॉक्टर के रूप में प्रैक्टिस की। आंध्र प्रदेश में 175 सदस्यीय विधानसभा और सभी 25 लोकसभा सीटों के लिए एक साथ चुनाव होने जा रहा है। यहां धनी उम्मीदवारों की सूची लंबी है।



- 'यूवर्ल्ड' के संस्थापक और सीईओ पहली बार चुनाव में उतरे
- आंध्र प्रदेश में 175 सदस्यीय विस व 25 लोस सीट के लिए एक साथ चुनाव

### अमीर उम्मीदवार मुख्य विपक्षी टीडीपी से

अधिकांश अमीर उम्मीदवार मुख्य विपक्षी टीडीपी से हैं। इस सूची में उद्योगपति, व्यवसायी और अभिनेता शामिल हैं। चित्तूर जिले के कुप्पम विधानसभा क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ रहे टीडीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अपनी पारिवारिक संपत्ति 931.83 करोड़ रुपए घोषित की है। इस संपत्ति में उनकी पत्नी भुवनेश्वरी की सबसे ज्यादा हिस्सेदारी 895.47 करोड़ है। पिछले पांच साल में दंपत्ति की संपत्ति में 39 फीसदी का इजाफा हुआ। 2019 में उनकी संपत्ति का मूल्य 668 करोड़ रुपए था। 14 वर्षों तक संयुक्त आंध्र प्रदेश और शेष आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करने वाले 74 वर्षीय नेता एक बार फिर शीर्ष पद पर आसीन होना चाहते हैं। चंद्रबाबू नायडू के बेटे और टीडीपी महासचिव नारा लोकेश ने पारिवारिक संपत्ति 542 करोड़ रुपये घोषित की है। पांच साल में उनकी संपत्ति 45 फीसदी बढ़ गई है। मंगलगिरि निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए असफल रूप से चुनाव लड़ने के बाद वह फिर से उसी क्षेत्र से अपनी किस्मत आज़मा रहे हैं। चंद्रबाबू नायडू के ब्रदर इन लॉ और टॉलीवुड अभिनेता एन. बालकृष्ण ने लगभग 483 करोड़ रुपये की पारिवारिक संपत्ति घोषित की है। 2019 के बाद से उनकी संपत्ति में 67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

टीडीपी संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री एन. टी. रामाराव के बेटे बालकृष्ण लगातार तीसरी बार हिंदूपुर से विधानसभा के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। नेल्लोर शहर से विधानसभा के लिए चुनाव लड़ रहे टीडीपी नेता पी. नारायण, के पास पारिवारिक 824.05 करोड़ की संपत्ति है। पूर्व मंत्री नारायण समूह के संस्थापक हैं, जिसके दोनों तेलुगु राज्यों में शैक्षणिक संस्थान हैं। उन्होंने 2019 में पारिवारिक संपत्ति 669 करोड़ रुपए घोषित की थी। विजयनगरम जिले के नेल्लीमारला विधानसभा क्षेत्र से जन सेना पार्टी की उम्मीदवार लोकम नागा माधवी ने 898.73 करोड़ की संपत्ति की घोषणा की है। ज्यादातर संपत्ति उनके पति वी.एन.वी.प्रसाद के नाम पर है। दोनों कारोबारी हैं। मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी 757.65 करोड़ की घोषित पारिवारिक संपत्ति के साथ सबसे अमीर उम्मीदवारों में से एक हैं। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख की पारिवारिक संपत्ति पिछले पांच वर्षों में 48 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है। 2019 में उन्होंने पारिवारिक संपत्ति 510.35 करोड़ रुपए घोषित की थी।

जगन मोहन रेड्डी की खुद की संपत्ति 2019 में 375 करोड़ रुपए से बढ़कर 529.87 करोड़ रुपए हो गई, जबकि उनकी पत्नी भारती रेड्डी की संपत्ति पांच साल पहले 124 करोड़ रुपए से बढ़कर 176.30 करोड़ रुपए हो गई। जगन मोहन रेड्डी की बहन और आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाई.एस. शर्मिला रेड्डी और उनके पति के पास 181.79 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

नेल्लोर से लोकसभा के लिए चुनाव लड़ रहे टीडीपी के वेमीरेड्डी प्रभाकर रेड्डी ने पारिवारिक संपत्ति 716.31 करोड़ रुपए घोषित की है। जन सेना नेता और टॉलीवुड अभिनेता राजनेता पवन कल्याण की पारिवारिक संपत्ति 164.52 करोड़ रुपए है, जो पिछले पांच वर्षों के दौरान 215 प्रतिशत अधिक है। काकीनाडा जिले के पीथापुरम निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करने वाले पवन कल्याण के पास 2019 में 52 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति थी। पवन कल्याण ने 2019 में असफल चुनावी शुरुआत की थी। वह दोनों विधानसभा सीटों पर चुनाव हार गए थे। विशाखापत्तनम लोकसभा से टीडीपी उम्मीदवार श्रीभारत मथुकुमिली ने 296 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है।

# चौथे चरण के चुनाव में खरगोन में सबसे कम प्रत्याशी

**भोपाल,** 2 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य की सभी आठों सीटों के प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई, जिसके तहत खरगोन से सबसे कम मात्र पांच प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी सूची के अनुसार इस चरण में कुल आठ सीटों पर 13 मई को मतदान होना है। इस चरण में कुल 74 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद होगा। खास बात ये है कि सूची के अनुसार इंदौर से कांग्रेस का कोई अधिकृत प्रत्याशी चुनावी मैदान में नहीं है।

इंदौर में कांग्रेस ने अक्षय कांति बम को चुनावी मैदान में उतारा था, लेकिन उन्होंने नामांकन वापसी के अंतिम दिन 29 अप्रैल को नामांकन वापस ले कर कांग्रेस छोड़ कर भाजपा की सदस्यता ले ली। इसके बाद इस क्षेत्र में अब कांग्रेस की ओर से कोई अधिकृत प्रत्याशी चुनावी मैदान में नहीं है। यहां भाजपा के मौजूदा सांसद शंकर ललवानी दोबारा पार्टी की ओर से चुनाव लड़ रहे हैं। आयोग के अनुसार इस चरण में देवास और मंदसौर से आठ-आठ प्रत्याशी, खंडवा से 11, खरगोन से पांच, रतलाम और इंदौर से 12-12, धार से सात और उज्जैन से नौ प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। देवास में मुख्य मुकाबला भाजपा के महेंद्र सिंह सोलंकी और कांग्रेस के राजेंद्र मालवीय के बीच है। मंदसौर में भाजपा के सुधीर गुप्ता का सामना कांग्रेस के दिलीप गुर्जर से हो रहा है। खंडवा में भाजपा के ज्ञानेश्वर पाटिल और कांग्रेस के नरेंद्र पटेल चुनावी मैदान में आमने-सामने हैं। खरगोन में भाजपा के गजेंद्र पटेल के सामने कांग्रेस के पोरलाल खरते हैं। रतलाम में भाजपा की अनिता नागरसिंह चौहान का सामना कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया से हो रहा है। धार में भाजपा की पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल के समक्ष चुनावी मैदान में हैं। वहीं उज्जैन में भाजपा के मौजूदा सांसद अनिल फिरोजिया का सामना कांग्रेस के महेश परमार से हो रहा है।




इंदौर में कांग्रेस का प्रत्याशी ही नहीं

# लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम व वीवीपैट का हुआ रेंडमाइजेशन

**शिमला,** 2 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के शिमला में लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति के बीच बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों की रेंडमाइजेशन आज यहां उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले में कुल 1731 बैलट यूनिट, 1432 कंट्रोल यूनिट एवं 1677 वीवीपैट मशीनें मौजूद है। उन्होंने कहा कि मशीनों की प्रथम रेंडमाइजेशन विधानसभा क्षेत्रवार की गई। रेंडमाइजेशन के बाद तीन मई से मशीनों को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में पूरे सुरक्षा दायरे में भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों में मशीनों के रखरखाव के लिए स्ट्रांग रूम की व्यवस्था की जा चुकी है, इसके उपरांत बूथ स्तर के लिए दूसरी रेंडमाइजेशन का आयोजन किया जाएगा तथा अंत में पर्यवेक्षक की उपस्थिति में 19 मई को मशीनों की पेयरिंग के लिए रेंडमाइजेशन का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि जिला में कुल 1058 मतदान केन्द्र है, जिनके लिए 1326 बैलट यूनिट, 1326 कंट्रोल यूनिट एवं 1571 वीवी पैट मशीनों का आबंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचन क्षेत्र के लिए मशीनों का आबंटन लगभग 125 से 150 प्रतिशत तक किया गया है ताकि मशीनों के खराब होने की स्थिति में आबंटित अतिरिक्त मशीनों को प्रयोग में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि मशीनों के रेंडमाईजेशन के उपरांत जिला में 299 बैलट यूनिट अतिरिक्त रहेगे, जिसे वेयर हाउस फागू में सुरक्षित रखा जाएगा ताकि चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या बढ़ने की स्थिति में इन बैलट यूनिट को प्रयोग में लाया जा सके।

# प्रदेश की राजनीति से लेकर केन्द्र की सियासत तक पहुंचे कई राजनेता

**पटना,** 2 मई (एजेंसियां)। बिहार में कई राजनेता प्रदेश की राजनीति से लेकर केन्द्र की सियासत तक पहुंचे और अपना नाम सुनहरे पन्नो में अंकित कराया। इन्हीं में से एक थे राजनीतिक शुचिता की अलग परिभाषा गढ़ने वाले खगड़िया जिले के कोरचक्का गांव के रहने वाले पिछड़े समाज से पहले बिहार के पांच दिन के मुख्यमंत्री सतीश प्रसाद सिंह। हालांकि बाद में उनका सियासी परवाज थम गया और वह अतीत के पन्नों में सिमट कर रहे गए।

सतीश प्रसाद सिंह के असल जीवन की कहानी भी किसी फिल्म के नायक की कहानी से कम नहीं थी। 1 जनवरी 1936 को खगड़िया जिले के परबत्ता प्रखंड के सौढ़ उत्तरी पंचायत स्थित कोरचक्का गांव में जन्में सतीश प्रसाद सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय कोरचक्का से की थी। उनके पिता विश्वनाथ सिंह गांव के बड़े काश्तकार थे, 400 बीघा जमीन के मालिक। सतीश प्रसाद सिंह ने मैट्रिक और स्नातक की शिक्षा मुंगेर से ग्रहण की। उन्होंने आरडी एंड डीजे कॉलेज मुंगेर से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। आरडी एंड डीजे कॉलेज में बीएससी की पढ़ाई कर रहे सतीश प्रसाद सिंह की मुलाकात ज्ञानकला से हुई। आंखे चार हुई, दोनों में पहले दोस्ती और फिर प्यार हुआ। सतीश प्रसाद सिंह, ज्ञानकला से शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार वाले दूसरे जाति की लड़की से शादी के लिए राजी नहीं थे। सतीश प्रसाद सिंह रूढ़िवाद, पारंपरिक मान्यताओं, सामाजिक कुरीतियों और जातिवाद के सख्त विरोधी थे। पचास के दशक में जब भारतीय समाज जातिवाद की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, तब उन्होंने परिवार से बगावत कर वर्ष 1954 में ज्ञानकला देवी से प्रेम विवाह कर लिया, जो दूसरी जाति की थीं। उस समय बिहार के सुदूर इलाकों में अंतर्जातीय विवाह विरले ही होते थे। इस अंतर्जातीय विवाह के कारण उन्हें अपने परिवार के कड़े विरोध, माता-पिता की अवहेलना और कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सिंह परिवार से निकाल दिये गए और उन्हें जीवन यापन के लिए कुछ जमीन दी गई।

इसी दौरान सिंह की रूचि राजनीति की ओर हुई। उन्होंने वर्ष 1962 में परबत्ता विधानसभा से चुनाव लड़ने की ठानी। चुनाव लड़ने के लिये पैसे नहीं थे। उन्होंने जमीन का कुछ हिस्सा बेच दिया और स्वतंत्र पार्टी के टिकट पर चुनावी मैदान में उतर आये। इस चुनाव में उनको कांग्रेस की लक्ष्मी देवी से हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्मी देवी के निधन के बाद परबत्ता विधानसभा में वर्ष 1964 में उपचुनाव कराये गए। सतीश प्रसाद सिंह ने फिर जमीन बेची। उपचुनाव में उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर फिर किस्मत आजमायी, लेकिन जीत इस बार भी नसीब नहीं हुई। सिंह इसके बाद भी विधायक बनने का ख्वाब संजाये हुए थे। वर्ष 1967 के परबत्ता विधानसभा चुनाव में उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया की संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी (संसोपा) का टिकट मिल गया। चुनाव लड़ने के लिए सतीश प्रसाद सिंह ने फिर से जमीन बेची। अबकी बार उन्होंने बाजी मार ली और निर्दलीय एल.एल. मिश्रा को पराजित कर विधानसभा पहुंच गए। वर्ष 1967 के बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 128 सीटें मिली थी, जो सरकार बनाने के लिए बहुमत से कम थी। संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी 68 सीटें जीतकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। उसके नेता कर्पूरी ठाकुर की मुख्यमंत्री के पद पर दावेदारी बनती थी, लेकिन अन्य पार्टियां तैयार नहीं हुई। ऐसे में जन क्रांति दल के महामाया प्रसाद सिन्हा के नाम पर सभी दल सहमत हो गये। संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी, जनसंघ, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), जन क्रांति दल और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी को मिलाकर पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार बनायी गई। इसे संविद सरकार यानी संयुक्त विधायक दल की सरकार कहा गया। महामाया प्रसाद 05 मार्च 1967 को बिहार के मुख्यमंत्री बने, जबकि कर्पूरी ठाकुर उप मुख्यमंत्री बनें। कांग्रेस के कमजोर पड़ने के बाद पिछड़ावाद काफी मुखर होने लगा था। इसका असर संविद सरकार पर भी पड़ा। संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी विधायकों का एक गुट इस अरेंजमेंट से खुश नहीं था। उन्हें यह लग रहा था कि पिछड़ों की एकता का नारा बुलंद कर हम सत्ता में आए, लेकिन कमान एक बार फिर एक अगड़े को मिल गई। इस गुट में सतीश प्रसाद सिंह भी शामिल थे। कांग्रेस इस सरकार को टिकने नहीं देना चाह रही थी और इससे पहले के मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लभ सहाय (के.बी.सहाय) इसमें पूरी ताकत झोंक रहे थे। विधानसभा के पटल पर अविश्वास प्रस्ताव रखा गया और महामाया प्रसाद सिन्हा की सरकार गिर गई।



- खगड़िया : एक विद्रोही नायक सतीश प्रसाद सिंह, जो बने पांच दिन के मुख्यमंत्री
- लोजपा-रामविलास, माकपा, बसपा, समेत 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

खगड़िया संसदीय सीट से लोजपा-रामविलास, माकपा, बहुजन समाज पार्टी, समेत 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। खगड़िया लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 11 लाख 82 हजार 359 है। इनमें 06 लाख 19 हजार 890 पुरूष, 5 लाख 62 हजार 438 महिला और 31 थर्ड जेंडर हैं, जो तीसरे चरण में 7 मई को होने वाले मतदान में इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस बार के चुनाव में राजग और इंडिया गठबंधन दोनों ने ही नए प्रत्याशी पर दाव लगाया है, देखना दिलचसप होगा कि लोजपा-रामविलास के उम्मीदवार जीत का सेहरा अपने सर सजा पाते हैं, या फिर वामदल माकपा का 'लाल झंडा' खगड़िया की सियासी जमीं पर बुंलद होता है। यह तो 4 जून को नतीजे के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# अनंतनाग-राजौरी सीट की मतदान तारीख बढ़ाने पर शुरू हुआ बवाल थमा नहीं

- *सुरेश एस डुग्गर*

***जम्मू,** 2 मई (देशबन्धु)। अनंतनाग-राजौरी सीट की मतदान तारीख बढ़ाने पर शुरू हुआ बवाल अभी भी थमा नहीं है। तारीख आगे बढ़ाने पर बवाल इसकी घोषणा के साथ ही शुरू हो गया था। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि चुनाव आयोग ने तारीख आगे बढ़ाई, उन्हें बधाई। उन्होंने इस सीट से पार्टी की जीत की संभावनाओं पर कहा कि हमें लोगों पर और अल्लाह पर पूरा भरोसा है। इतना ही नहीं, चुनाव तारीख आगे बढ़ाने के फैसले के खिलाफ पीडीपी प्रदर्शन भी कर रही है। पीडीपी नेता नईम अख्तर ने यह भी आरोप लगाया है कि अनंतनाग-राजौरी सीट को धार्मिक और जातिगत मतभेदों का फायदा उठाने के मकसद से भाजपा के आदेश पर बनाया गया था।*

*जानकारी के लिए जम्मू कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर वोटिंग की तारीख आगे बढ़ गई है। पहले इस सीट पर तीसरे चरण यानी 7 मई को वोटिंग होनी थी। लेकिन अब चुनाव आयोग ने इसे आगे बढ़ाकर छठे चरण यानी 25 मई कर दिया है। चुनाव आयोग का तर्क था कि जम्मू कश्मीर की कई राजनीतिक पार्टियों ने अनंतनाग-राजौरी सीट पर वोटिंग की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की थी। इस सीट पर कुल 21 उम्मीदवार मैदान में हैं।*



पुंछ और राजौरी की अनुमानित 11.19 लाख आबादी

*अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट में अब कुल 18 विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से 11 कश्मीर और 7 पुंछ और राजौरी में हैं। इस सीट पर कुल 18.30 लाख वोटर्स हैं, जिनमें से लगभग 11 लाख कश्मीर और 7.35 लाख जम्मू रीजन में हैं। अनंतनाग सीट में जम्मू के कुछ इलाकों को शामिल करने से यहां की डेमोग्राफी भी बदलने की बात कही जा रही है। अनंतनाग में जो कश्मीरी इलाके पड़ते हैं, वहां ज्यादातर आबादी मुस्लिम है। जबकि, पुंछ और राजौरी में गुज्जर और बक्करवाल समुदाय के लोग ज्यादा हैं। पुंछ और राजौरी में जो गुज्जर-बक्करवाल के लोग हैं, उन्हें अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिया गया है। पुंछ और राजौरी की अनुमानित 11.19 लाख आबादी में 5 लाख गुजर-बक्करवाल हैं। इनके आने से मुस्लिम बहुल अनंतनाग सीट में करीब 20 फीसदी आबादी गुजर और बक्करवाल की होने की संभावना है। उनके अलावा पुंछ और राजौरी में पहाड़ी, डोगरा, हिंदू और सिख समुदाय की भी अच्छी-खासी आबादी है। अनंतनाग राजौरी सीट पर 50 फीसदी कश्मीरी और 50 फीसदी पहाड़ी और गुज्जर-बक्करवाल वोटरों के होने का अनुमान है। भाजपा अनंतनाग-राजौरी सीट पर किसी उम्मीदवार को नहीं उतारा है। इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती मैदान में हैं। उनके अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टी ने जफर इकबाल मन्हास तो नेशनल कॉन्फ्रेंस ने मियां अल्ताफ को यहां से उतारा है। इस सीट पर वोट कटने के भी आसार हैं। अपनी पार्टी को पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस के वोट में सेंधमारी करने की उम्मीद है। वोट बंटने की इसलिए भी संभावना है, क्योंकि इंडिया ब्लाक की दो पार्टियां- नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी, दोनों ही यहां से चुनाव लड़ रहीं हैं।*

*पीडीपी चीफ और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी तारीख आगे बढ़ाने की आलोचना करते हुए जम्मू कश्मीर प्रशासन पर गलत रिपोर्ट भेजने का आरोप लगाया है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि चुनाव आयोग ने वोटिंग की तारीख आगे बढ़ा दी, जिससे मेरे लिए प्रचार करना मुश्किल हो गया है। पार्टी के गरीब कार्यकर्ता अपनी जेब से खर्च कर रहे हैं और हमारे लिए प्रचार कर रहे हैं। अब उन्हें 25 दिन और काम करना होगा।*

*परिसीमन आयोग ने जब अनंतनाग-राजौरी सीट को नए सिरे से तय किया तो उस वक्त भी कश्मीर घाटी में खासा हंगामा हुआ था। तब जम्मू कश्मीर में पहले से स्थापित पार्टियों ने आरोप लगाया कि कश्मीर घाटी में अपनी राजनीतिक उपस्थिति को दर्ज करवाने के लिए भाजपा ने ये पैंतरा आजमाया है, ताकि जम्मू रीजन के वोट के जरिए वो कश्मीर में भी दाखिल हो सके।*

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 3.91 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 3.36 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.99 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.72 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.45 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 2.95 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.41 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.26 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.09 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.05 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# कीमतों में गिरावट के बावजूद भारत के निर्यात में वृद्धि

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल-फरवरी के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों, कोयला, समुद्री उत्पादों सहित 19 प्रमुख जिंसों के निर्यात में मात्रा के हिसाब से बढ़ोतरी हुई है। हालांकि इस अवधि के दौरान मूल्य के हिसाब से इन वस्तुओं के निर्यात में कमी आई है।



■ 19 प्रमुख जिंसों के निर्यात में मात्रा के हिसाब से हुई बढ़ोतरी

सरकार के अधिकारियों ने कहा कि मूल्य के हिसाब से निर्यात में गिरावट के बावजूद निर्यात की मात्रा बढ़ने से यह संकेत मिलता है कि इन जिंसों की बाजार में मजबूत मांग बनी हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 के शुरुआती 11 महीनों में इन उत्पादों का निर्यात मूल्य 102.7 अरब डॉलर रहा है, जबकि इस दौरान भारत के कुल निर्यात का मूल्य 395.43 अरब डॉलर था। वाणिज्य विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-फरवरी के दौरान कुल निर्यात मूल्य में इन जिंसों की हिस्सेदारी एक चौथाई से ज्यादा है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि महत्त्वपूर्ण यह है कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में इन उत्पादों के निर्यात की मात्रा बढ़ी है। इसका मतलब यह है कि मात्रा/मांग के हिसाब से हमारी तेज वृद्धि बनी हुई है।'

उपरोक्त उल्लिखित अधिकारी ने कहा कि समुद्री उत्पाद के मामले में निर्यात की मात्रा 6 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि इसकी कीमत 7 प्रतिशत कम हुई है। दरअसल इस साल जिंस बाजार में कीमतों में सुस्ती उल्लेखनीय रही है।' वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 के दौरान भारत के निर्यात में तेज बढ़ोतरी हुई है, वहीं जिंसों की कीमत गिरने, ज्यादा महंगाई के साथ भूराजनीतिक चुनौतियों के कारण वृद्धि सुस्त होने लगी। इसकी वजह से अप्रैल-फरवरी के दौरान भारत का निर्यात 3.3 प्रतिशत घटकर 395.42 अरब डॉलर रह गया।

## अप्रैल में विनिर्माण सेक्टर की गति धीमी

**नई दिल्ली।** भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिसे बढ़ती मांग का समर्थन मिला। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है।

**मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही : प्रांजुल भंडारी**

एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही। रिपोर्ट में कहा गया कि विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी।

## सीटीपीएल ने एटीएमए टेस्ट के लिए नामांकन वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एआईएमएसके साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। क्रिएनोवेशन टेक्नोलॉजीस् प्राइवेट लिमिटेड (सीटीपीएल) ने देश भर के शैक्षणिक संस्थानों के लिए नामांकन प्रक्रियाओं को बदलने के लिए एटीएमए (मैनेजमेंट दाखिला के लिए एआईएमएस टेस्ट) टेस्ट से पीजीडीएम और एमबीए उम्मीदवारों के बीच बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैनेजमेंट स्कूल्स (एआईएमएस) के साथ अपने सहयोग की घोषणा की।



सीटीपीएल ने नामांकन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, प्रतिष्ठित भागीदार संस्थानों के लिए 100,000 से अधिक सफल अनुप्रयोगों की सुविधा के साथ अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों का लाभ उठाने में लगातार अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है। प्रमुख साझेदारों को एकजुट करके वास्तविक समय की संभावित बातचीत को प्रबंधित करके और अंतिम नामांकन को निर्बाध रूप से सक्षम करके, सीटीपीएल ने अपेक्षाओं को पार किया है। जिससे उच्च शिक्षा नामांकन के विकास को बढ़ावा मिला है।


सीटीपीएल के सीईओ विकास चंद्र साहू ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 'एटीएमए टेस्ट के लिए एआईएमएस के साथ हमारा जुड़ाव उच्च शिक्षा परिदृश्य में क्रांति लाने के हमारे मिशन में महत्वपूर्ण है। एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, यह साझेदारी पीजीडीएम और एमबीए उम्मीदवारों के लिए हमारी विशेषज्ञता का विस्तार करती है।

एटीएमए चैयरमेन और वी स्कूल में सेंटर ऑफ एक्सलेंस के डीन डॉ. डी वाई पाटिल ने एआईसीटीई और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा मान्यता प्राप्त योग्यता परीक्षा के रूप में एटीएमए के महत्व पर टिप्पणी की।

उन्होंने नामांकन के लिए सीटीपीएल के केंद्रित दृष्टिकोण से प्रेरित होकर देश भर में एटीएमए टेस्ट परीक्षार्थियों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि की संभावना के बारे में आशा व्यक्त की।

## जोमैटो को दो करोड़ रुपए का जीएसटी ब्याज जुर्माने के साथ भरने का आदेश

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो को दिल्ली के बिक्री कर अधिकारी ने




दो करोड़ रुपए से ज्यादा का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), दो करोड़ से ज्यादा का ब्याज और जुर्माना भरने का नया आदेश दिया है। आदेश में 2,22,91,376 रुपए के जीएसटी, 2,08,98,164 रुपए के ब्याज और 22,29,136 रुपए के जुर्माने की मांग की गई है। यह वित्त वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए है। जोमैटो ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि जोमैटो को अप्रैल 2018 से मार्च 2019 की अवधि के लिए दिल्ली के वार्ड 300 के बिक्री कर अधिकारी से 2,08,98,164 रुपए के ब्याज और 22,29,136 रुपए के जुर्माने के साथ 2,22,91,376 रुपए के जीएसटी की मांग प्राप्त हुई है। कंपनी ने बताया कि वह सक्षम अधिकारी के समक्ष इसके खिलाफ अपील करेगी। उसने कहा कि हमें लगता है कि तथ्यों के आधार पर हमारे पास मजबूत मामला है और हम सक्षम अधिकारी के समक्ष इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करेंगे। पिछले महीने भी जोमैटो को 11.81 करोड़ रुपए के जीएसटी और जुर्माने का आदेश हुआ था।

# फिक्की व बीसीए का व्यापार और निवेश के लिए समझौता

■ ऑस्ट्रेलिया का पांचवां सबसे बड़ा निर्यात बाजार है भारत

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। उद्योग संगठन फिक्की और बिजनेस काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया (बीसीए) ने आज दोनों देशों के बीच अधिक व्यावसायिक अवसरों की पहचान करने के लिए एक समझौता किया है।



**भारत और ऑस्ट्रेलिया का वस्तुओं व सेवाओं में द्विपक्षीय व्यापार 45 अरब डॉलर से अधिक है और हम अगले पांच वर्षों में इसे दोगुना करने की दिशा में काम कर रहे हैं : एस के पाठक**

फिक्की ने यहां जारी बयान में कहा कि इस समझौते का उद्देश्य लाभ के साझा क्षेत्रों पर सहयोग करके और उभरते बाजारों में विकास के नए क्षेत्रों की पहचान करके द्विपक्षीय व्यापार और निवेश साझेदारी को मजबूत करना है। इसको लेकर आयोजित एक परिचर्चा में फिक्की महासचिव एस के पाठक ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया का वस्तुओं और सेवाओं में द्विपक्षीय व्यापार 45 अरब डॉलर से अधिक है और हम अगले पांच वर्षों में इसे दोगुना करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

बीसीए के मुख्य कार्यकारी ब्रैन ब्लैक ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने और निवेश के अवसरों की खोज करने की दिशा में काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया-भारत संबंधों का विकास व्यवसाय आधारित है क्योंकि व्यवसाय विकास के लिए पारस्परिक अवसरों की पहचान करने के वास्ते सबसे अच्छी स्थिति में हैं, विशेष रूप से शिक्षा और कौशल, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल के क्षेत्रों में। भारत ऑस्ट्रेलिया का पांचवां सबसे बड़ा निर्यात बाजार है और भारत में निर्यात की अत्यधिक मांग है।

**सार संक्षेप**

### 5-स्टार सुरक्षित कुशाक और स्लाविया एमवाई24 अपडेट के साथ और भी सुरक्षित हुई

**नोएडा।** अक्टूबर 2022 में कुशाक एसयूवी और अप्रैल 2023 में स्लाविया सेडान के साथ सुरक्षा के नए मानक स्थापित करने के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक और स्लाविया के सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग?स की पेशकश कर सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ना जारी रखा है। यह पेशकश कंपनी के ऐतिहासिक मेड-फॉर-इंडिया, रेडी-फॉर-द-वर्ल्ड इंडिया 2.0 प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो के लिए एमवाई24 अपडेट का हिस्सा है। अपग्रेड के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक पीटर जनेबा ने कहा, स्कोडा डीएनए में सुरक्षा हमेशा से उसकी बुनियाद रहा है। हम ग्लोबल एनसीएपी परीक्षणों के तहत वयस्कों और बच्चों के लिए पूरे 5-स्टार स्कोर करने वाले पहले ब्रांड थे। सुरक्षा पर हमारा जोर हमारे मानवीय जुड़ाव के दृष्टिकोण का प्रतीक है और एक पारिवारिक ब्रांड होने पर हमारे फोकस को सामने लाता है।

### नामीबिया में भी यूपीआई जैसी भुगतान प्रणाली

**नई दिल्ली।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की अंतरराष्ट्रीय शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) जैसी तत्काल भुगतान प्रणाली विकसित करने में सहायता के लिए बैंक ऑफ नामीबिया (बीओएन) के साथ समझौता किया है। एनपीसीआई ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह सहयोग नामीबिया के वित्तीय बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक रणनीतिक पहल है। भारत के यूपीआई से प्रौद्योगिकी और अनुभवों का लाभ उठाकर, साझेदारी नामीबिया को अपने वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को आधुनिक बनाने में मदद करना चाहती है।

### अमेजन फ्रेश ने 'नहीं तो महंगा पड़ेगा' अभियान का दूसरा संस्करण जारी किया

**नई दिल्ली।** अमेजन फ्रेश ने 'नहीं तो महंगा पड़ेगा' अभियान का दूसरा संस्करण जारी किया है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी ने पसंदीदा किरदार 'घनश्याम' के रूप में अभिनय किया है। इस अभियान के साथ, अमेजन फ्रेश ने ग्राहकों को सर्वोत्तम 'गुणवत्ता' उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है - जिसमें '4 स्टेप क्वालिटी चेक' शामिल है, जो 11,000 से ज्यादा किसानों से खरीदे जाने वाले फलों और सब्जियों की ताजगी सुनिश्चित करता है और बचत के माध्यम से बेहतर 'मूल्य' प्रदान करता है। पहली विज्ञापन फिल्म में, मनोज बाजपेयी के किरदार घनश्याम ने एक हास्यपूर्ण अभनिय किया था, जहां किराना सामना खरीदने की जल्दबाजी में वह बेहतर डील्स और ऑफर्स से चूक जाता है। इसलिए, दोबारा गलती न हो और अमेजन फ्रेश से बेजोड़ दाम पर 'बचत' करने के लिए अमेजन फ्रेश से ऑर्डर करने की याद बने रहने के लिए, वह कागज पर लिखता है 'अमेजन फ्रेश से ग्रॉसरी लाओ नहीं तो महंगा पड़ेगा'।

# फेड के निर्णय से शेयर बाजार में लौटी तेजी


■ सेंसेक्स 128.33 अंक चढ़कर 74,611.11 पर

■ निफ्टी 43.35 अंक उठकर 22,648.20 पर बंद

**मुंबई,** 2 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों को लगातार छठी बार यथावत रखने के निर्णय से विश्व बाजार का रुझान मिश्रित रहा। वहीं सेंसेक्स और निफ्टी ने शांत प्रतिक्रिया दी और मिडकैप एवं स्मॉलकैप के मजबूत प्रदर्शन की बदौलत तेजी पर रहे।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 128.33 अंक चढ़कर 74,611.11 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 43.35 अंक उठकर 22,648.20 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों के मजबूत प्रदर्शन ने बाजार को गति दी। मिडकैप 0.91 प्रतिशत की छलांग लगाकर 42,503.13 अंक और स्मॉलकैप 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 47,451.13 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3957 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1912 में लिवाली जबकि 1924 में बिकवाली वहीं 121 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियां हरे जबकि अन्य 21 लाल निशान पर बंद हुई।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार को लगातार छठी बार ब्याज दर को 5.25-5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। फेड का निर्णय निवेशकों की उम्मीद के अनुरूप रहने के कारण घरेलू शेयर बाजार अधिक प्रभावित नहीं कर पाया। फेड ने नीतिगत दरों पर यथास्थिति बनाए रखते हुए निकट भविष्य में दर वृद्धि




की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया। साथ ही दर में कटौती पर स्पष्ट संकेत देने से भी परहेज किया। ऐसे में निवेशकों को घरेलू बुनियादी बातों पर अधिक जबकि फेड के नीतिगत कदमों पर कम ध्यान देना चाहिए क्योंकि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज की ऊंची दरों को लंबे समय तक बरकरार रख सकता है।

इससे बीएसई के 15 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.47, सीडी 0.82, ऊर्जा 0.61, एफएमसीजी 0.40, वित्तीय सेवाएं 0.21, हेल्थकेयर 0.31, इंडस्ट्रियल्स 0.46, आईटी 0.07, यूटिलिटीज 1.49, ऑटो 1.17, कैपिटल गुड्स 0.54, धातु 1.03, तेल एवं गैस 1.38, पावर 1.47 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.24 प्रतिशत के लाभ में रहे।

फेड के नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखने के निर्णय पर विदेशी बाजारों की मिलीजुली प्रतिक्रिया रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.32 और हांगकांग के हैंगसेंग ने 2.50 प्रतिशत की छलांग लगाई जबकि जर्मनी का डैक्स 0.09, जापान का निक्केई 0.10, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.31 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.26 प्रतिशत उतर गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें पावरग्रिड 3.91, एशियन पेंट 3.36, टाटा मोटर्स 1.99, एनटीपीसी 1.72, टाटा स्टील 1.45, सन फार्मा 1.18, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.10, टीसीएस 1.08, एचडीएफसी बैंक 1.05, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.99, आईटीसी 0.80, एसबीआई 0.53, टेक महिंद्रा 0.39, एलटी 0.10, रिलायंस 0.03 और बजाज फिनसर्व 0.02 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, कोटक बैंक 2.95, एक्सिस बैंक 1.41, भारती एयरटेल 1.26, विप्रो 1.09, आईसीआईसीआई बैंक 1.05, बजाज फाइनेंस 0.72, इंडसइंड बैंक 0.69, टाइटन 0.55, एचसीएल टेक 0.52, इंफोसिस 0.44, मारुति 0.38 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 0.24 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## माई इनबॉक्स मीडिया ने ग्रैंड एनिवर्सरी ईवेंट के साथ 14 वर्ष की सफलता को किया सेलिब्रेट

नई दिल्ली। नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित लीला होटल में 'माई इनबॉक्स मीडिया' ने अपनी 14वीं वर्षगांठ को शानदार तरीके से मनाया। इस मौके पर जेटलाइन ग्रुप के सीओओ परिमित परमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उनकी गरिमामयी उपस्थित से सुशोभित इस कार्यक्रम ने संगठन की उल्लेखनीय यात्रा का सच्चा प्रमाण पेश किया। 100 से अधिक ग्राहकों और भागीदारों की उपस्थिति के साथ यह शाम 'माई इनबॉक्स मीडिया' और उत्कृष्टता के प्रति इसके अटूट समर्पण के लिए तालियों और प्रशंसा से भरी रही। साधारण शुरुआत के बाद भी यह बूटस्ट्रैप्ड कंपनी भारत, यूएई, केएसए, यूएसए, कनाडा, मिस्र और ऑस्ट्रेलिया में कार्यालयों के साथ एक वैश्विक इकाई बन गई है, जो 20,000 से अधिक संतुष्ट ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। सफलता की राह पर विचार करते हुए माई इनबॉक्स मीडिया के प्रबंध निदेशक और संस्थापक ने 2010 में कंपनी की स्थापना के बारे में अंतर्दृष्टि साझा की, जब इसकी शुरुआत सिर्फ पांच समर्पित व्यक्तियों की एक टीम के साथ हुई थी। माई इनबॉक्स मीडिया का विकास कड़ी मेहनत और बड़े सपने देखने के साहस का एक सफल उदाहरण है।



# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख अन्य जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 33 रिंगिट बढ़कर 3895 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.18 सेंट की बढ़त के साथ 43.44 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। मूंगफली तेल 220 रुपए, सोया रिफाइंड 74 रुपए और वनस्पति तेल 133 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि सूरजमुखी तेल 147 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, सरसों तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।



**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : दाल-दलहन : चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 10600-10700, उड़द दाल 11800-11900, अरहर दाल 12000-12100 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी इंटरप्राइजेज का प्रदर्शन मजबूत

■ अनिल इकोसिस्टम के हवाई अड्डों व सड़कों जैसे कारोबार में प्रगति हुई

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने गुरुवार को जारी वित्तीय परिणामों में बताया कि इनक्युबेटिंग कारोबार के अच्छे प्रदर्शन के दम पर वित्त वर्ष 2023-24 में उसका समग्र ईबीआईडीटीए 32 प्रतिशत बढ़कर 13,237 करोड़ रुपए पर पहुंच गया जबकि कर पूर्व लाभ 56 फीसदी की वृद्धि के साथ 5,640 करोड़ रुपए दर्ज किया गया।

अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (अनिल) इकोसिस्टम के हवाई अड्डों और सड़कों जैसे उभरते हुए कोर बुनियादी ढांचा कारोबार के परिचालन प्रदर्शन में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। कंपनी ने बताया कि ओवरऑल ईबीआईटीडीए में वित्त वर्ष 2023-24 में 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसमें 40 फीसदी की वृद्धि हुई थी। अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि अडाणी इंटरप्राइजेज ने एक बार फिर न सिर्फ देश के प्रमुख बिजनेस इनक्यूबेटर के रूप में, बल्कि बुनियादी ढांचा विकास में वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि एईएल के इनक्यूबेशन के मजबूत विकास मॉडल के कारण परिचालन और संगठन के स्तर पर उत्कृष्टता सुनिश्चित हुई है। ऊंची रेटिंग और पूरी तरह से वित्त पोषित विकास से इसे समर्थन मिला है।




**अडाणी इंटरप्राइजेज ने बुनियादी ढांचा विकास में वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की है : गौतम अडाणी , चेयरमैन**

## अदाणी पोर्ट्स का सालाना लाभ 50 प्रतिशत बढ़ा

**अहमदाबाद।** एपीएसईजेड ने गुरुवार को घोषणा की कि वित्त वर्ष 2023-24 में उसका शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत बढ़कर 8,104 करोड़ रुपए पर पहुंच गया जबकि कार्गो वॉल्यूम 24 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 42 करोड़ टन दर्ज किया गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में उसका राजस्व 28 फीसदी बढ़कर 26,711 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। इसमें पोर्ट कारोबार का राजस्व 30 प्रतिशत और लॉजिस्टिक्स कारोबार का राजस्व 19 प्रतिशत बढ़ा है। सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा कि एपीएसईजेड के लिए, परिचालन और वित्तीय दोनों मोर्चों पर, वित्त वर्ष 2023-24 कई नए मील के पत्थरों का साल रहा है। एपीएसईजेड ने कार्गो, राजस्व और कर पूर्व लाभ के मामले में वित्त वर्ष के आरंभ में तय किए गए लक्ष्यों से छह-आठ प्रतिशत ज्यादा हासिल किया है।

# खेल जगत

## शतरंज : गुकेश ने विश्व रैंकिंग और रेटिंग में लंबी छलांग लगाई

**चेन्नई।** युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने 2,763 की ईएलओ रेटिंग के साथ विश्व के टॉप-10 शतरंज खिलाड़ियों के क्लब में प्रवेश किया है। गुकेश, जो अब ओपन वर्ग में छठे स्थान पर हैं। 2,762 की रेटिंग के साथ सातवें स्थान पर मौजूद विश्व शतरंज चैंपियन चीनी जीएम डिंग लिरेन से आगे हैं। इससे भी दिलचस्प बात यह है कि एक अन्य भारतीय शतरंज सनसनी जीएम अर्जुन एरिगैसी 2,761 की रेटिंग के साथ दुनिया में आठवें स्थान पर हैं। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के अनुसार, हाल ही में कनाडा में संपन्न फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद गुकेश को 20 अंक मिले। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के आधार पर, गुकेश अब लिरेन के पास मौजूद विश्व खिताब के लिए चुनौती बन गए हैं।



# घरेलू मैदान पर लौटी मुंबई इंडियंस को केकेआर के खिलाफ 'चमत्कार' की उम्मीद

## केकेआर सातवीं जीत के साथ प्ले ऑफ की दावेदारी मजबूत करने उतरेगी


■सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 2 मई (देशबन्धु)। लगातार तीन हार से आगाज करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी को हरा जीत की राह पर लौटने के बाद राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंटस से लगातार तीन हार के साथ 10 मैचों में महज तीन जीत और सात हार के साथ नौवें और अंतिम पूर्व स्थान पर खिसकने वाली चार बार चैंपियन रही मुंबई इंडियंस के सामने अब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अब अपने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शुक्रवार को हरा जीत की राह पर लौटने की चुनौती है। मुंबई इंडियंस के दस मैचों में तीन जीत से मात्र छह अंक हैं और वह अब अपने अंतिम चारों मैच जीतती है तब ही वह प्ले ऑफ में पहुंचने की मामूली उम्मीद जिंदा रख सकती है तब उसके 14 मैचों से 14 अंक हो जाएंगे। दरअसल तब भी मुंबई इंडियंस का प्ले ऑफ में पहुंचना बाकी टीमों के नतीजों पर निर्भर करेगा। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैचों में तीन केकेआर और दो मुंबई इंडियंस ने जीते हैं।

**आईपीएल 2024 में 10 मैचों में 7 हार के बाद पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में अपने अगले तीन घरेलू मैचों के लिए चार मैचों में लगातार तीन हार के बाद घर लौट आई है, जिसकी शुरुआत शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ संघर्ष के साथ होगी।**

अपने पिछले मैच में अपने कोलकाता के ईडन गार्डन में दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से करारी शिकस्त देने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) नौ मैचों में छह जीत और तीन हार के साथ कुल 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है।

लगातार तीन जीत से आगाज करने वाली केकेआर अपने पिछले छह मैचों में तीन हारी और तीन जीती है। केकेआर की कोशिश अब मेहमान मुंबई इंडियंस को हरा दस मैचों में सातवीं के साथ कुल 14 अंकों के साथ प्ले ऑफ की अपनी दावेदारी मजबूत करने की होगी। वेस्ट इंडीज के सुनील नारायण (एक शतक और दो अर्द्धशतक सहित कुल 372 रन, 11 विकेट) के बल्ले और गेंद से तथा चार अर्द्धशतक जड़ने वाले उनके सलामी जोड़ीदार इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट (392 रन) के शानदार आगाज तथा ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ( 179 रन, 9 विकेट) के बल्ले और गेंद से खासतौर पर आखिर के ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने कई बेहद करीबी मैच जीते हैं।



आईपीएल 2024

वहीं मुंबई इंडियंस दस मैचों में मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (14 विकेट), जेराल्ड कोइत्जी (13 विकेट) से रफ्तार के साथ दिखाई धार तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले तिलक वर्मा(कुल 343 रन), एक शतक जड़ने वाले रोहित शर्मा (कुल 315 रन) के साथ चोट के बाद वापसी कर सात मैचों में दो अर्द्धशतक जड़ने वाले विस्फोटक सूर्य कुमार यादव (कुल 176 रन) के बल्ले से बढ़िया प्रदर्शन के बावजूद बतौर टीम इकाई के रूप में बल्ले और गेंद से प्रदर्शन करने में नाकाम रहने के कारण अपने पिछले लगातार तीन मैच हार गई है। भारत की जून में अमेरिका व वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए नियुक्त भारत के कप्तान रोहित शर्मा, उपकप्तान हार्दिक पांडया और तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कोशिश अब मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल के बाकी मैचों में दमदार प्रदर्शन पूरी रंगत पाकर उसे बेहतर स्थिति में पहुंचाने की होगी। हार्दिक पांडया को रोहित शर्मा की जगह 2024 आईपीएल के लिए मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किए जाने को लेकर टीम के कथित तौर पर दो खेमों में बंटे रहने के कारण टीम की मौजूदा स्थिति में खासी दुर्गति हुई। बुमराह और कोइत्जी की मौजूदगी में बेशक मुंबई इंडियंस की तेज गेंदबाजी तो जरूर चली है लेकिन पूर्व कप्तान रोहित शर्मा एक शतक और हार्दिक पांडया के बल्ले और गेंद, दोनों से बेहद सामान्य प्रदर्शन और मौजूदा आईपीएल के शुरू के चरण से लगभग बाहर रहने वाले दो अर्द्धशतक जड़ने वाले सूर्य कुमार यादव के टुकड़ों टुकड़ों प्रदर्शन के कारण ही टीम अपनी साख के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। मुंबई के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह , कोइत्जी, आकाश मडवाल और खुद कप्तान हार्दिक पांडया ने गेंद से दमदार प्रदर्शन कर केकेआर के पिंच हिटर सुनील नारायण और फिल साल्ट की कामयाब सलामी जोड़ी को सस्ते में आउट कर पैवेलियन लौटा दिया और आखिर के मारधाड़ वाले ओवर में रसेल और रिंकू सिंह पर लगाम लगा दी तो फिर मेहमान टीम के बड़ा स्कोर खड़ा जरूर मुश्किल हो जाएगा। मुंबई के सबसे कामयाब बल्लेबाज तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले तिलक वर्मा (कुल 343रन) , सूर्य कुमार यादव के साथ रोहित और इशान किशन की सलामी जोड़ी को केकेआर के मिस्ट्री लेग स्पिनर सुनील नारायण (कुल 11 विकेट) और वरुण चक्रवर्ती (11 विकेट), हर्षित राणा (कुल 11 विकेट), और मिचेल स्टार्क (7 विकेट) से जरूर चौकस रहना होगा।

# टी-20 विश्व कप में रिंकू के बाहर होने से पिता नाराज

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां) भारत की टी20 विश्व कप टीम से रिंकू सिंह को बाहर किए जाने पर उनके पिता खानचंद्र सिंह ने कहा कि परिवार में मिठाइयां और पटाखे तैयार थे क्योंकि बहुत उम्मीदें थीं। बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। मुख्य टीम में रिंकू शामिल नहीं थे क्योंकि उन्हें रिजर्व खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, उनके पिता ने भारत 24 के हवाले से कहा कि बहुत उम्मीदें थीं और इसलिए थोड़ी निराशा है। हम जश्न मनाने के लिए मिठाइयाँ, पटाखे लाए, हमने सोचा कि रिंकू पहले ग्यारह में खेलेंगे। फिर भी , हम बहुत खुश थे। हां, उसका दिल टूट गया है। उसने अपनी मां से बात की और उन्हें बताया कि उसे 11 या 15 में नहीं चुना गया है। लेकिन उसने यह भी कहा कि वह टीम के साथ यात्रा करेगा।

रिंकू ने 15 टी-20 मैच खेले हैं और 176.24 के स्ट्राइक रेट और 89.0 के औसत के साथ 69 के उच्चतम स्कोर के साथ 356 रन बनाए हैं। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मो. सिराज.

**रिजर्व : शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान**



**हम जश्न मनाने के लिए मिठाइयाँ, पटाखे लाए, हमने सोचा कि रिंकू पहले ग्यारह में खेलेंगे : खानचंद्र सिंह**

# सैमसन के मुकाबले पंत पहली पसंद विकेटकीपर-बल्लेबाज होंगे : अजय रात्रा

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। 30 अप्रैल को भारत ने वेस्टइंडीज और यूएसए में जून से होने वाले आगामी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में ऋषभ पंत और संजू सैमसन को विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना है। यह पहली बार है कि सैमसन को सीनियर पुरुष विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुना गया है, जबकि पंत दिसंबर 2022 में एक जानलेवा कार दुर्घटना में लगी चोटों से उबरने के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। आईपीएल 2024 में सैमसन ने नौ पारियों में 161 की स्ट्राइक रेट से 385 रन बनाए हैं। दूसरी ओर, पंत ने 11 पारियों में 159 की स्ट्राइक रेट से 398 रन बनाए हैं। सैमसन ने पंत के 31 की तुलना में 36 चौके लगाए हैं। सैमसन द्वारा लगाए गए 17 छक्कों की तुलना में पंत ने 24 छक्के लगाए हैं।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज अजय रात्रा का मानना है कि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापस आने पर अच्छे रिटर्न का हवाला देते हुए, सैमसन के मुकाबले पंत उनकी पहली पसंद होंगे। उन्होंने आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में कहा कि मुझे लगता है कि टी20 विश्व कप में भारत के लिए पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में ऋषभ को प्राथमिकता दी जाएगी। चोट से वापसी के बाद से ऋषभ वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा, वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। मध्यक्रम और सभी प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का भरपूर अनुभव होना भी फायदेमंद है। आईपीएल 2024 में, क्रिकेट-21 द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, पहली दस गेंदों में सैमसन का 138 का स्ट्राइक रेट उसी चरण में पंत द्वारा दर्ज 119 से बेहतर है। इसके अलावा, 7-15 ओवर में सैमसन का स्ट्राइक-रेट 159, उस चरण में पंत के 139 के स्ट्राइक-रेट से अधिक है। लेकिन 16-20 ओवरों में पंत को सैमसन पर बढ़त हासिल है - उनका 229 का स्ट्राइक रेट सैमसन द्वारा दर्ज किए गए 206 से अधिक है। पंत द्वारा अपने विकेटकीपिंग कार्यभार को प्रबंधित करने पर संदेह था, खासकर दाहिने लिगामेंट पुनर्निर्माण सर्जरी के बाद। लेकिन अब तक, उन्होंने स्टंप के पीछे अपनी तेज गति से दर्शकों को प्रभावित किया है - 11 कैच लपके और तीन स्टंपिंग की। बल्ले से पंत ने अपने पुराने शॉट्स की झलक दिखाई है, जो क्रिकेट प्रशंसकों के लिए दिल छू लेने वाला नजारा है।



**पंत दिसंबर 2022 में एक जानलेवा कार दुर्घटना में लगी चोटों से उबरने के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं: अजय रात्रा, भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज**

# दीपक चाहर की चोट अच्छी नहीं दिख रही : फ्लेमिंग

**चेन्नई,** 2 मई (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स के प्रमुख कोच स्टीवन फ्लेमिंग ने कहा है कि तेज़ गेंदबाज़ों की कमी ने टीम का संतुलन बिगाड़ दिया है। इस सीज़न की शुरुआत में हल्की चोट की वजह से दो मैच नहीं खेलने वाले दीपक चाहर पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को केवल दो गेंद करने के बाद फिर चोटिल हो गए और उनको मैदान से बाहर जाना पड़ा। शार्दुल ठाकुर ने उनका ओवर पूरा किया। चेन्नई पहले ही निगल की वजह से मथीशा पथिराना और बुखार के कारण तुषार देशपांडे के बिना खेल रही थी। फ्लेमिंग ने उनकी चोट की प्रकृति के बारे में नहीं बताया लेकिन कहा कि शुरुआती संकेत अच्छे नहीं थे। पंजाब से सात विकेट से हारने के बाद फ्लेमिंग ने कहा कि हां यह यात्रा मुश्किल रही है। कई खिलाड़ी अंदर-बाहर हुए हैं। शुरुआती अहसास अच्छा नहीं था। जब फ़ीजियो और डॉक्टर देखेंगे तो मैं और पॉजिटिव रिपोर्ट की उम्मीद कर रहा हूं। अमेरिका और वेस्टइंडीज़ में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने के लिए पथिराना और महीश थीक्षणा भी वीज़ा के काम निपटाने की वजह से कोलंबो लौट गए हैं। चेन्नई को उम्मीद है कि 5 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ़ होने वाले मैच तक वे वापस आ जाएंगे। मुस्तफ़िज़ुर रहमान का आईपीएल दौर बुधवार के मैच के साथ ख़त्म हो गया। वह अब बांग्लादेश की टीम से जुड़ेंगे जहां उन्हें 3 मई से ज़िम्बाब्वे के खिलाफ़ होने वाली घरेलू टी20 सीरीज़ में खेलना है। फ़्लिमिंग ने कहा कि श्रीलंका के दोनों गेंदबाज़ वीज़ा लेने की वजह से श्रीलंका लौट गए हैं।



# शास्त्री और यूनाइटेड भारत सुपर सिक्स के करीब

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। गौतम और प्लेयर ऑफ द मैच दीपू एल्सन के शानदार गोलों की मदद से शास्त्री एफसी ने अजमल एफसी को 2-0 से हरा कर डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के सुपर सिक्स में पहुंचने की मजबूत दावेदारी पेश की। दिन के दूसरे मैच में भारत यूनाइटेड ने जगुआर फुटबाल क्लब पर चार गोलों से एकतरफा जीत दर्ज की। विजेता के लिए सिंगसिट ने दो और मोहम्मद एजाज और सनिक मुर्मू ने एक एक गोल किया। आज यहां विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर खेले गए तेज रफ्तार मुकाबले में शास्त्री ने अधिकांश समय दबदबा बनाए रखा लेकिन तेज हवा के चलते ज्यादा गोल नहीं निकल पाए। शास्त्री और अजमल के मध्य खेला गया मैच उतार चढ़ाव वाला रहा। फर्क सिर्फ इतना था कि विजेता टीम के अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों गौतम, मानचंद और बोनिसन ने बेहतर तालमेल से खेलते हुए मौके जुटाए। आज की जीत के साथ शास्त्री के आठ मैचों में 14 और अजमल ने 11 अंक हो गए हैं। अंक तालिका में निचले स्थान पर चल रहे जगुआर ने एक और खराब मैच खेला और यूनाइटेड भारत को हावी होने का मौका दे दिया।



## सार संक्षेप

### सीवीएस ने जाकिर हुसैन कॉलेज को छह विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** प्रथम गोसाईं के नाबाद अर्द्धशतक की बदौलत सीवीएस कॉलेज ने द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में जाकिर हुसैन कॉलेज को छह विकेट से पराजित किया। जाकिर हुसैन कॉलेज टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हार्दिक (35) और शौर्य सूद (28) रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 125 रन पर सिमट गई। सीवीएस कॉलेज के सुमित अरोड़ा ने तीन विकेट लिये। तुषार और आर्यन ने दो-दो विकेट झटके। इसके बाद सीवीएस कॉलेज ने 13.1 ओवर में चार विकेट पर 126 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। सीवीएस की ओर से प्रथम गोसाईं ने 27 गेंदों में सर्वाधिक नाबाद (50) और यश मक्कड़ ने (21) रन बनाये। जाकिर हुसैन कॉलेज के अंशु कौशिक को दो विकेट मिले। सी.वी.एस. कॉलेज के प्रथम गोसाईं को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

### भारतीय महिलाओं का अभियान क्वार्टर फाइनल में समाप्त

**चेंगदू।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने एकल खिलाड़ियों के शानदार प्रयास के बावजूद गुरुवार को पूर्व चैंपियन जापान से 0-3 से हारकर क्वार्टर फाइनल में अपना बीडब्ल्यूएफ थॉमस और उबेर कप 2024 अभियान समाप्त कर दिया। सभी अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में, फिर भी कनाडा और सिंगापुर पर दो ठोस जीत के साथ अंतिम आठ चरण में जगह बनाना युवा दल के लिए एक बड़ा मौका था। शुरुआती एकल में, अश्मिता चालिहा ने वर्ल्ड नंबर 11 अया ओहोरी के खिलाफ एक मैच प्वाइंट बचाया। और निर्णायक गेम में ब्रेक पर 11-9 से आगे थीं। लेकिन ओहोरी ने अपने पूरे अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तुरंत गति बढ़ा दी और लगातार पांच अंक ले लिए और फिर एक घंटे और सात मिनट में मैच 21-10, 22-24, 21-15 से जीत लिया।

### साद बिन जफर पहली बार टी-20 विश्व कप टीम की कप्तनी करेंगे

**ओंटारियो।** कनाडा ने वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें ऑलराउंडर साद बिन जफर को कप्तान बनाया गया है। जफर पहली बार टी20 विश्व कप में कनाडा की कप्तानी करेंगे। टीम को पूर्व श्रीलंकाई और कनाडाई अंतरराष्ट्रीय पुबुदु दस्सानायके द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जिन्होंने 2022 में बागडोर संभाली थी। कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है। वे 1 जून को डलास में पड़ोसी देश अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, इसके बाद उत्तरी अमेरिकी देश को 7 जून को आयरलैंड का सामना करना है। इसके बाद 11 जून को पाकिस्तान और 15 जून को भारत के खिलाफ उनका मुकाबला होगा। टीम- साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ताथगुर (विकेटकीपर), नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, रेयानखान पठान, श्रेयस मोव्वा (विकेटकीपर)।



**रिर्जव :** तजिंदर सिंह, आदित्य वरदराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा

# सलीमा बनीं भारती महिला हॉकी टीम की कप्तान



**नई दिल्ली,** 2 मई (देशबन्धु) । आक्रामक मिडफील्डर झारखंड की सलीमा टेटे एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2023-24 के बेल्जियम और इंग्लैंड में होने वाले यूरोपीय चरण में भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होंगी जबकि नवनीत कौर उपकप्तान होंगी। मनीषा चौहान के रूप में भारतीय महिला हॉकी टीम में एकमात्र नए चेहरे को दी गई है। महिला प्रो लीग का बेल्जियम चरण 22 से 26 तक होगा जबकि इंग्लैंड चरण 1 से 9 जून तक चलेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद गोलरक्षक सविता की जगह पहली बार सलीमा टेटे को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारत की महिला हॉकी टीम दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, ब्रिटेन, जर्मनी ये दो दो बार भिड़ेगी। भारत की महिला हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज 22 मई को अर्जेंटीना के खिलाफ मैच से करेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग में फिलहाल आठ मैचों से आठ अंकों के साथ छठे स्थान पर है।

**मनीषा चौहान भारतीय महिला हॉकी टीम में एकमात्र नया चेहरा**

### मुझे अच्छे प्रदर्शन और वांछित नतीजे हासिल करने का विश्वास है : सलीमा

कप्तान नियुक्त किए जाने और प्रो लीग के लिए चुनी गई भारतीय टीम की बाबत कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि मैं खुश हूं कि मुझे भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है और यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इस नई जिम्मेदारी को निभाने का बेताबी से इंतजार कर रही हूं। हमारी टीम अनुभवी और नौजवान खिलाड़ियों की मिली जुली एक मजबूत टीम है। एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण हमारी कोशिश मजबूत प्रदर्शन करने की होगी। हम शिविर में शिद्दत से अभ्यास कर रहे हैं। हम अपनी खामियों को सुधारने पर खासी मेहनत की है। मुझे अच्छे प्रदर्शन और वांछित नतीजे हासिल करने का विश्वास है। इस बीच भारतीय महिला हॉकी टीम की नवनियुक्त उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा कि उपकप्तान नियुक्त किया जाना एक शानदार अहसास है। मैं प्रो लीग में अपनी टीम की ओर से उत्कृष्ट टीमों के खिलाफ खेलने को बेताब हूं। हमारी टीम खासी बढ़िया है और हमें प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बढ़िया प्रदर्शन का भरोसा है।



बेल्जियम और इंग्लैंड में एफआईएच प्रो लीग के लिए चुनी भारतीय महिला हॉकी है : **गोलरक्षक : सविता, बिच्छू देवी खरीबम।**

रक्षापंक्ति : निकी प्रधान, उदिता। इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, , महिमा चौधरी।

मध्यपंक्ति सलीमा टेटे(कप्तान), नवनीत कौर (उपकप्तान), नेहा गोयल, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, ललरेमसियामी।

**अग्रिम पंक्ति :** मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनीलिता टोपो, दीपिका सोरेंग।